सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-239 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 08 फरवरी 2024
27 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# उत्तराखंड यूसीसी बिल पास

## उत्तराखंड ने रचा इतिहास



- विधानसभा में ध्वनिमत से पास हुआ समान नागरिक संहिता बिल
- यह देवभूमि का सौभाग्य जो यह अवसर मिला
- उत्तराखंड और देशवासियों को सीएम ने दी बधाई

### उत्तराखंड में आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान

सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड के राज्य आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान है। आंदोलनकारियों की सुविधा, पेंशन बढ़ाने से लेकर हमने आरक्षण देने का काम किया है। सीएम धामी ने कहा कि करीब दो साल में आज सात फरवरी को हमने इसे सदन से पास करवाया। देश के अन्य राज्यों से भी हमारी अपेक्षा रहेगी कि वह इस दिशा में आगे बढ़ें। उत्तराखंड विधानसभा के चुनाव के समय हमारी पार्टी ने संकल्प लिया था, इसे आगामी चुनाव के नजरिये से न देखा जाए। अब इस बिल को राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास जाएगा।

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पर चर्चा की। चर्चा के बाद आज बिल पास हो गया।

इस दौरान सीएम धामी ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि कल से लगातार इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई। यह कोई सामान्य विधेयक नहीं है। वास्तव में देव भूमि उत्तराखंड का सौभाग्य है जो यह अवसर मिला है। भारत में कई बड़े प्रदेश हैं लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है। हम सब इस बात को लेकर गौरवान्वित हैं कि हमें इतिहास लिखने का अवसर मिला। साथ ही देवभूमि से देश को दिशा दिखाने का अवसर इस सदन के प्रत्येक सदस्य को मिला। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है। इस अवसर पर सीएम धामी ने देशवासियों को बधाई दी।

# केजरीवाल को कोर्ट से झटका 17 को पेश होने का समन



### बुलावा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय की अर्जी पर कोर्ट ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को अब 17 फरवरी को पेश होना होगा। अरविंद केजरीवाल को कोर्ट जाना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने केजरीवाल को समन भी जारी कर दिया है। दिल्ली के शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को पांच बार नोटिस किया था। बावजूद इसके दिल्ली के मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे। इसी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आज कोर्ट की ओर से अरविंद केजरीवाल को पेश होने का समय जारी कर दिया गया। हालांकि, केजरीवाल ईडी की समन को राजनीति से प्रेरित बताते रहे हैं। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए तैयार नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने पूर्व में ईडी को पत्र लिखकर समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था।

### संजय सिंह को जमानत देने से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी मामले में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। मामले में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। एकल न्यायाधीश ने सिंह की जमानत याचिका खारिज करते हुए निचली अदालत को मुकदमे में तेजी लाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। हम ट्रायल कोर्ट को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश देते हैं। किसी भी पक्ष द्वारा अनावश्यक स्थगन की मांग नहीं की जाएगी।

गन्ना किसानों के भुगतान पर केंद्रीय मंत्री का बड़ा दावा

# पिछले सीजन का 99 प्रतिशत से अधिक हो चुका है गन्ना भुगतान: पीयूष गोयल

### आंकड़े

- पहले किसानों को दो-तीन साल बाद भुगतान किया जाता था: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि चीनी मिलों ने देश में किसानों के 99 प्रतिशत से अधिक गन्ना बकाये का भुगतान कर दिया है जो कुल 1.15 लाख करोड़ रुपये के बकाये में से 1.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि अब उत्तर प्रदेश की तीन चीनी मिलों पर केवल 516 करोड़ रुपये बकाया हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य मंत्री गोयल ने कहा कि 2013-14 में किसानों को गन्ने के मूल्य के रूप में 57,000 करोड़ रुपये दिए गए थे। किसानों को गन्ने का बकाया दो-तीन साल बाद दिया जाता था। हालांकि, 2022-23 में, गन्ना उत्पादन में डेढ़ गुना वृद्धि हुई और गन्ना बकाया 1,15,000 करोड़ रुपये रहा। उन्होंने कहा, इसमें से किसानों को 1,14,000 करोड़ रुपये का भुगतान समय पर कर दिया गया है जो 99 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि केंद्रीय मंत्री के इस दावे पर विपक्ष के कुछ सदस्यों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और दावा किया कि आंकड़े सही नहीं हैं। गोयल ने कहा कि चीनी मिलों की उत्पादकता बढ़ी है, सहकारी मिलें सक्रिय हो गई हैं और वे मुनाफे में हैं। इसके साथ ही मिल कर्मचारियों की नौकरियां सुरक्षित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि 10-12 साल पहले, चीनी मिलों में अशांति की घटनाएं हुई थीं और गन्ना किसानों को उनका बकाया नहीं मिल रहा था और उन्हें विरोध करने के लिए सड़कों पर आना पड़ता था।

### श्रीनगर में आम लोगों पर हुई गोलीबारी

**श्रीनगर।** श्रीनगर के शहीद गूंज इलाके में आतंकियों ने आम नागरिकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की। जिसमें एक शख्स की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया है। घटना की जानकारी के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। जानकारी के मुताबिक, श्रीनगर के शहीद गूंज इलाके में आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया। आतंकियों की गोली से अमृतसर के सिख अमृतपाल (31) की मौत हो गई है। सुरक्षाबलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक, आतंकवादियों ने शहीद गूंज श्रीनगर में एक गैर-स्थानीय व्यक्ति पर आतंकियों ने गोलीबारी की। जिसमें अमृतपाल की मौत हो गई है। वहीं इस गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

# परिवारवाद का शिकार बने कई कांग्रेस नेता: मोदी

### निशाना

- कांग्रेस ने युवराज के लिए स्टार्टअप बनाया, पर वे नॉन-स्टार्टर
- मैं हमेशा कहता हूं देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है

### करोड़ों परिवारों की नहीं दिख रहीं उपलब्धियां

कांग्रेस को देश के करोड़ों परिवारों की आकांक्षाएं और उपलब्धियां दिखाई नहीं दे रही हैं। वह उन्हें देखने को तैयार नहीं है। सदन में मौजूद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी अपनी पार्टियां नहीं हैं। बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था। यह नौ फरवरी को समाप्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि तीसरे कार्यकाल (मोदी सराकर-3.0) में उनकी सरकार विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देगी।



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद में वायनाड सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने युवराज को एक स्टार्ट-अप बनाकर दिया, लेकिन वह एक नॉन-स्टार्टर निकले। पीएम मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, युवराज के लिए एक स्टार्ट-अप बनाकर दिया गया। लेकिन वह एक नॉन-स्टार्टर निकले। वह (स्टार्ट-अप) ना तो लिफ्ट हुआ और ना ही लॉन्च हुआ। इससे पहले सोमवार को पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि एक ही प्रोडक्ट को बार-बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगाने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के पास पर एक अच्छा विपक्ष के रूप में उभरने का मौका था।

बजट सत्र : महाभारत के सहारे सीएम योगी ने विपक्ष पर साधा निशाना

# हमने वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया

### तंज

- वोट बैंक की राजनीति के कारण अभिशप्त रही अयोध्या
- सिर्फ बोलते नहीं करके दिखाते हैं काम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा से देश के गौरव की पुर्नस्थापना हुई है। देश-विदेश के करोड़ों रामभक्तों में उत्साह है।

अब अयोध्या विश्व की सांस्कृतिक राजधानी बनने की दिशा में अग्रसर हो रही है। उन्होंने महाभारत के सहारे विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पांडवों ने दुर्योधन से सिर्फ पांच गांव मांगे थे यहां पर बहुसंख्यक समाज के लोगों ने अयोध्या, मथुरा और काशी मांगी थी। इसके लिए उन्हें सदियों तक संघर्ष करना पड़ा। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है। काशी और मथुरा हमारे लिए सिर्फ एक नगर ही नहीं हैं बल्कि विशिष्ट स्थान हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया...। हम जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं। हमें खुशी है कि अयोध्या का पुराना गौरव वापस लौट आया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि होना तो ये चाहिए था कि आजादी के बाद से ही हिंदुओं के इन पवित्र स्थानों को भव्य बनाया जाता पर वोट बैंक की राजनीति के कारण अयोध्या की उपेक्षा हुई और अयोध्या वोटबैंक की राजनीति के कारण अभिशप्त रही। अयोध्या के साथ अन्याय हुआ। वहां के लोगों के साथ अन्याय हुआ है। मंदिर का मामला तो न्यायालय में था तो क्या वहां सड़क और बिजली नहीं दी जा सकती थी। क्या सरयू के घाटों की सफाई नहीं की जा सकती थी लेकिन अयोध्या को कुत्सित मंशा के कारण अभिशप्त रखा गया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए 31 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। पहले अयोध्या की गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट होती थी। परिक्रमा करने पर रोक थी।

### प्रदेश की छवि में बदलाव

2017 से पहले यूपी के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता था। वो कहीं जाते थे तो रहने के लिए उन्हें कमरा नहीं मिलता था पर अब ये पहचान का संकट खत्म हो गया है। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश की छवि में बदलाव किया है। प्रदेश तरक्की कर रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। देश ही नहीं दुनिया के नक्शे पर यूपी को पहचान मिल रही है।

# पीएम मोदी से मिले नीतीश

### शिष्टाचार

- अब एनडीए का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे
- वर्ष 2020 में दोनों दलों ने बनाई थी सरकार



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात प्रधानमंत्री आवास पर हुई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी और बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नीतीश और पीएम मोदी की यह पहली मुलाकात है।

पीएम मोदी के साथ बैठक के बाद नीतीश कुमार ने गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि उन्होंने बिहार से संबंधित कई शासन और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। बाद में उन्होंने कहा कि हमने एनडीए को दो बार छोड़ा होगा, लेकिन अब ऐसा कभी नहीं करेंगे। अब कभी नहीं। हम यहीं बने रहेंगे। दरअसल, बिहार में 28 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के साथ जनता दल यूनाइटेड ने मिलकर नई सरकार बनाई थी। इससे पहले बिहार में 2020 में भी दोनों दलों ने साथ आकर सरकार बनाई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद यह पीएम से नीतीश की औपचारिक मुलाकात है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा के साथ सरकार बनाने का जनादेश लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कमान संभाली थी, लेकिन बीच में उन्होंने लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया था। राजद के साथ महागठबंधन सरकार का मुख्यमंत्री बनने के कुछ महीनों बाद सीएम नीतीश ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ देशभर के भाजपा-विरोधी दलों का गठजोड़ शुरू किया था। उन्होंने पटना में विपक्षी एकता की पहली बैठक कराई थी।

### परमहंस आचार्य का सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने का एलान

**अयोध्या।** तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि वे रायबरेली सीट से सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था। हम साधु-संत कांग्रेस से बहुत दुखी हैं। सात नवंबर 1966 को कांग्रेस की सरकार थी। तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी थीं। उस समय गोहत्या बंद कराने के लिए धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी के नेतृत्व में देश के कोने-कोने से नौजवान, किसान, माताएं, बहनें, बुजुर्ग सब दिल्ली संसद भवन पहुंचे थे, जहां इन पर गोलियां बरसाई गईं थीं। इसलिए कांग्रेस मुक्त भारत के लिए चुनाव मैदान में उतर रहा हूं। कांग्रेस का अंतिम विकेट मैं स्वयं गिराऊंगा। अब वक्त आ गया है भारत कांग्रेस मुक्त हो।



# चोरियो के खुलासे न हो पाने के कारण चोरो के हौसले बुलन्द

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र में अपराधो की आयी बाढ़ में चोरो ने



भी अपने हाथ साफ करना शुरू कर दिया है। नगर सहित क्षेत्र में हो रही चोरियो के खुलासे न हो पाने के कारण चोरो के हौसले खासे बुलन्द है और क्षेत्रवासियो की नींद गायब है। बताते चले कि नगर में छोटी-छोटी चोरी की घटनाए आए दिन होने पर नगरवासियो में इन अज्ञात चोरो का खौफ सा कायम है वही इन चोरियो के खुलासे न हो पाने से चोरो के हौसले खासे बुलन्द है। इन बेखौफ चोरो ने बीती रात तहसील क्षेत्र के ग्राम बौधी खुर्द निवासी ललित कुमार के घर को अपना निशाना बनाया। ललित कुमार ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा है कि 06 फरवरी की रात को जब परिवार के सभी लोग गहरी नींद में सो चुके थे तब कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आये और घर में रखा एक तोला मंगलसूत्र, डेढ तोले की सोने की चैन, एक तोले की दो सोने की अंगूठी एवं दो जोड़ी पायल जिनका वजन लगभग 250 ग्राम, एक जोड़ झुमका सोने का एक तोला व एक बच्चे की सोने की चैन वजन लगभग पांच ग्राम एवं बीस हजार रूपया नगद चोर चुरा ले गये। आहट होने पर जब उसकी आंख खुली तो देखा के कुछ व्यक्ति घर के अन्दर सामान चोरी कर थे। जिन्हे देखकर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जगहर हो जाने के डर से चोर बाहर का दरवाजा खोलकर सामान लेकर भागे ललित उनके पीछे दौड़ा परन्तु शातिर चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। अब देखना यह है कि पुलिस ललित की दी गयी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इन शातिर चोरो को पकड़ पाती है या यह चोरी भी क्षेत्र में हो रही अन्य चोरियो के भाति नहीं खुल सकेगी।

## 01 नफर जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा 01 नफर जिला बदर अभियुक्त हसीब पुत्र अजीज अहमद अंसारी नि0मो0 कटरा कस्बा व थाना खीरी को लखीमपुर रोड़ शराब भठ्ठी के पास से समय करीब 09.30 बजे गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दो बाइकों में हुई आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर

**लखीमपुर खीरी।** पलिया सम्पूर्णनगर रोड पर एसएसबी कैंप के पास दो बाइकों में आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे परसपुर चौकी इंचार्ज ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भिजवाया जहां उनका उपचार चल रहा है।

## फर्जी बिजली कर्मी बनकर घूम रहे लोगो के खिलाफ दी तहरीर

**लखीमपुर खीरी।** बिजुआ इलाके में पिछले कई दिनों से बिजलीकर्मी बनकर सर्वे कर रहे कुछ लोगो की शिकायत पर जेई ने बिजुआ पुलिस को तहरीर दी है। बिजुआ जेई ने बिजुआ पुलिस को तहरीर देते बताया कि उन्हें कई गांवों से शिकायतें आ रही थी कि कुछ लोग अपने आप को बिजली विभाग के कर्मचारी बताकर सर्वे कर रहे है। जेई ने किसी प्रकार के सर्वे की सूचना से इंकार करते हुए इसकी जानकारी उच्च अधिकारियो को दी जांच की जा रही है। उसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में 25000 रूपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार, दूसरा फरार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 25000 रूपये के इनामी वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा।

एसएसपी डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धर पकड़ हेतु सघन चैकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम में रात्रि को थाना चिलकाना पुलिस द्वारा कस्बा चिलकाना में सुल्तानपुर रोड पर चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि थाने का वांछित अभियुक्त अपने एक अन्य साथी के साथ सहारनपुर से कालू माजरा वाले रास्ते की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम कालू माजरा मोड पर चैकिंग करने लगी। तभी 02 बदमाश बिना नम्बर



प्लेट की बाईक पर कालू माजरा की तरफ से आते दिखायी दिये। जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नही रूके तथा मोटर साइकिल वापस मोडकर भागने लगे। जिससे मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपने करीब आते देख जान से मारने की नियत से बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गया। घायल बदमाश की पहचान मुमताज पुत्र इस्तयाक निवासी मौहल्ला मजहर हसन कस्बा व थाना चिलकाना के रूप में हुई है। बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद की गई। गिरफ्तार बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह शातिर बदमाश पूर्व में कई बार गम्भीर अपराधों मे जेल जा चुका है।

# 32 गांवों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को विशेष पैकेज देने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सपा के देहात विधायक आशु मलिक ने नगर



निगम में शामिल देहात विधानसभा के 32 गांव को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए विशेष पैकेज देने की मांग की है।

विधानसभा में चल रहे विशेष बजट सत्र के दौरान विधायक आशु मलिक ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि आज देश बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है महंगाई ने हर वर्ग की कमर तोड़ दी है और नफरत का माहौल बनाया हुआ है विधायक आशु मलिक ने कहा कि उनके क्षेत्र कास्ट कला के रूप में विश्व विख्यात है लेकिन वुडन सिटी में मूलभूत सुविधाएं नहीं है और जो लोग अपने घरों में छोटा-मोटा लकड़िया काम करते हैं उन्हें विद्युत विभाग नगर निगम प्रताड़ित कर रहा है।

विधायक आशु मलिक ने कहा कि उनकी देहात विधानसभा में एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है एक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना कराई जाए साथ ही साथ नगर निगम में शामिल देहात विधानसभा के 32 गांव में सड़क बिजली पानी की मूलभूत समस्याओं के निवारण हेतु विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए।

### नगर विधायक राजीव ने मुख्यमंत्री से मिलकर अनेक विकास कार्यो के दिये प्रस्ताव

# औद्योगिक क्षेत्र में सशर्त भूमि फ्रीहोल्ड कराए जाने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर विकास संबंधी अनेक प्रस्तावों पर काम कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को सहारनपुर में अन्तर्राजिय बस अड्डे की आवश्यकता से अवगत कराते हुए नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि प्रशासन द्वारा परिवहन विभाग व शाकुंभरी विहार योजना का आपसी विनिमय कराने का प्रस्ताव भेजा गया था। आवास आयुक्त द्वारा इस प्रस्ताव पर परिवहन विभाग द्वारा संबंधित भूमि एवं संरचना का निस्तारण अपने स्तर से नीलामी प्रकिर्या से कराते हुए भूमि आवास विकास से क्रय करने की सहमति प्रदान की गई है। दोनों विभागों में आपसी समन्वय के अभाव के कारण बस अड्डे के निर्माण का काम अधर में है इसलिए दोनों विभागों की भूमि आपसी विनिमय के आधार पर सुपुर्द किये जाने हेतु प्रकरण को कैबिनेट में पास करा कर बस अड्डे का निर्माण कराए जाने की मांग की। एक अन्य प्रस्ताव में विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि प्रदेश में लीज होल्ड की औद्योगिक भूमि को इस शर्त के साथ फ्री होल्ड कराए जाने की संस्तुति प्रदान करें कि इसका भू उपयोग केवल औद्योगिक ही रहेगा व अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग नही होगा तथा इकाई एक निश्चित अवधि में उत्पादन में आ जाये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से टपरी फाटक पर सेतु निर्माण की मांग करते हुए उन्होंने बताया कि यह मार्ग अति व्यस्त है और इस रेल मार्ग से अनेक यात्री ट्रेन व मालगाड़ी गुज़रती है जिस कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति रहती है, जाम से मुक्ति के लिए यहाँ सेतु निर्माण अति आवश्यक है। एक अन्य मांग उठाते हुए उन्होंने कि नगर के बीचोबीच से ढमोला नदी गुज़र रही है जिसके किनारों पर मिट्टी कटाव के कारण बृजेश नगर, कपिल विहार, गिल कॉलोनी आदि क्षेत्रो में जलभराव व बाढ़ की संभावनाएं बढ़ गई हैं जिससे जान माल के नुकसान का खतरा भी बना रहता है। इसलिए ढमोला नदी के किनारों पर पिचिंग कार्य कराए जाने हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें। पिलखनी स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन पर पिलखनी राजवाहे की पटरी के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराते हुए इसको राष्ट्रीय राजमार्ग 73 से जोड़ने की मांग मुख्यमंत्री से की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मांगो पर उचित एवं शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन नगर विधायक राजीव गुम्बर को दिया।

## भांजे की बारद्वारी के दौरान हुआ पथराव

**सहारनपुर।** भांजे की बारद्वारी के दौरान हुई घटना को लेकर मामा ने आरोपियो पर पथराव समेत कई अन्य आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस से आरोपियो के खिलाफ कारवाई करने की गुहार लगाई है। थाना कुतुबशेर क्षेत्रान्तर्गत रामगढ़ निवासी पीड़ित जोगेंद्र पुत्र खेमचंद ने थानाध्यक्ष थाना फतेहपुर को प्रार्थना पत्र आरोप लगाते हुए बताया कि 6 फरवरी को समय करीब 4 बजे उसके भांजे की बारद्वारी ग्राम बूढ़ाखेड़ा पुंडीर में हो रही थी। गांव के ही कुछ दबंग लड़के जो बूढ़ाखेड़ा पुंडीर के रहने वाले है, उनके द्वारा पहले तो इरादातन एक राय होकर बारात में लड़कियों व महिलाओं पर पानी फेंका गया, जिनका बारातियों ने विरोध किया, तो आरोपियो ने पथराव कर दिया। जिसमे उनको गंभीर चोटे आई। जोगेंद्र पुत्र खेमचंद ने बताया कि पथराव की घटना की जानकारी उसने स्वयं फोन कर पुलिस को दी। तभी मेडिकल के लिए पुलिस ले आई। जोगेंद्र को गंभीर चोटों के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

# 50 दुकानों से हटाया अतिक्रमण, अनेक दुकानदारों पर जुर्माना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज घंटाघर से कुतुबशेर तक दोनों ओर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अनेक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर सड़क पर रखा गया सामान भी जब्त किया गया और जुर्माना भी लगाया गया। प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दो दुकानदारों से भी जुर्माना वसूला गया। नगरायुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में घंटाघर से थाना कुतुबशेर तक दोनों साइड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 50 से अधिक दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया तथा सड़क पर फैलाकर रखे गए 20 टायर, दो लोहे के ड्रम, लकड़ी की कुछ बेंच और सामान के बॉक्स जब्त कर नगर निगम लाये गए। 13 दुकानदारों से 6500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अतिक्रमणकारी दुकानों को चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में दुकानों के बाहर सामान पाया गया तो भारी जुर्माना लगाते हुए सामान जब्त किया जायेगा। अभियान के दौरान दो दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर एक-एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी ले.कर्नल ओम बहादुर गुरुंग तथा उनकी टीम के जवान व निगम के राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंण्ड्री कॉलेज में किया गया विदाई समारोह का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंण्ड्री कॉलेज में कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को जीवन में आगे उच्च शिखर की तरफ जने हेतु शुभकामनाओं के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया। सर्वप्रथम अध्यापकों ने विधिवतृ पूजा कर सुंदरकांड का पाठ तथा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया। जिसमें बच्चों की सफलता एवं सर्व कल्याण की प्रार्थना की गई। कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को टाइटिल के साथ उपहार तथा स्वल्पाहार का भी आयोजन किया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। साथ ही अपने सभी गुरुओं को भी उपहार दिए। कॉलेज प्रबन्धक अवधेश बहादुर सिंह ने सभी बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि सफलता हर किसी के जीवन का लक्ष्य है। जीवन चुनौतियां एवं अवसरों से भरा है। लेकिन केवल उन्हीं लोगों के लिए जो वास्तव में अवसरों को प्राप्त करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए संघर्ष करते हैं। कहा कि कड़ी मेहनत समर्पण निश्चित लक्ष्य समय का सदुपयोग चरित्र निर्माण सफलता की यात्रा का एक मात्र मंत्र है। विद्यार्थी जीवन मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ काल है। इसमें सभी प्रवृत्तियों एवं शक्तियों को विद्या के अर्जन में लगाना चाहिए। विद्यार्थी जीवन के प्रधानत÷ तीन उद्देश्य विद्या प्राप्ति, चरित्र निर्माण एवं शारीरिक एवं मानसिक उन्नति करना है। विद्यार्थी जीवन की श्रेष्ठता को समझ कर उसे आदर्शमय बनाने की चेष्टता करेंगे। तो निश्चय ही सत्यम, शिवम, सुंदर के अनुकूल बनकर देश की बहुमुखी प्रगति कर सकेंगे। सभी को उत्साह एवं कड़ी मेहनत द्वारा सफलता हासिल करने की सलाह दी। बच्चों को शुभकामनाओं के साथ बताया कि परेशानी आये तो ईमानदार रहिए, धान आए तो सरल रहिए, अधिकार मिलने पर मौन रहिए, और क्रोध आने पर शांत रहिए, यही जीवन का सही प्रबन्ध है। इस अवसर पर गिरिजा शुक्ला, राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, सरिता मिश्रा, नीरू बाजपेई, मंजू सिंह, लक्ष्मी सिंह, फातिमा, साधना सिंह, ज्योति सिंह, आलोक यादव, अभिषेक राज त्रिपाठी, आदर्श शुक्ला, जय सिंह, राधा शुक्ला, रुचि सिंह, शिवानी वर्मा, अमित सिंह, लवलेश सिंह, निखिल शुक्ला, सुरेंद्र प्रजापति, आदि का विशेष योगदान रहा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्राओं के विदाई समारोह का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।पहले सत्र में कक्षा 12 के बच्चों ने के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्रधानाचार्य एवम शिक्षको के साथ हवन किया।तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके बाद सभी ने डी ए वी गान गाया। और गणेश वंदना की प्रस्तुति को सभी ने खूब सराहा।कार्यक्रम में बैलून गेम, स्पून बॉल गेम जैसे मनोरंजक खेलों ने छात्र छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा ÷ लंदन ठुमकदा पर



÷मनोहर ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गयी जिसने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पेंटालिश ग्रुप डांस को भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहा ,साथ ही स्कूल जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्र जी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनको परीक्षा में सफल होने के मंत्र बताए तथा जीवन में सतत रूप से कड़ी मेहनत करने की और आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हेड गर्ल अक्षिता सिंह ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा करते हुए पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक के माध्यम से अपनी अदाकारी का नजारा पेश किया। जिसके बाद सभी वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को टाईटल के साथ प्रतीक चिन्ह प्रधान किया गया। पी पी टी प्रस्तुत की जिसमे स्कूल की पुरानी यादें ताजा होते ही सभी की आंखें नम हो गई। कार्यक्रम के अंत में हेड बॉय निखिल सोनी ने कार्यक्रम में सभी को प्रस्तुत होने और सफलता पूर्वक संचालन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## 01 वारंटी महिला अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने 01 वारंटी महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में वांछित व वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर थाना कुतुबशेर के नेतृत्व में पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आज 01 नफर वारंटी अभियुक्ता अनम उर्फ बबली उर्फ मुसराफ पत्नी जहाँगीर निवासी शूकर नगर मानकमऊ थाना कुतुबशेर को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया। वारंटी अभियुक्ता अनम उर्फ बबली उर्फ मुसराफ पत्नी जहाँगीर को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर, उपनिरीक्षक अजब सिंह, महिला कांस्टेबल मोंटी तोमर, महिला कांस्टेबल शीतल अटवाल, महिला कांस्टेबल अजंली तोमर शामिल रही।

# शैक्षिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** विद्यानगर किसान इंटर कॉलेज मोतीगंज गोंडा में विद्यालय



के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह रहे। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के शाखा इकाई के द्वारा नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अजीत सिंह एवं जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय के साथ जनपदीय कार्यकारिणी के संयुक्त मंत्री घनश्याम ओझा, सदस्य कार्यकारिणी बाल्मिक प्रसाद एवं प्रिय शंकर मिश्र सदस्य कार्यकारिणी का भी माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने माननीय ओमप्रकाश शर्मा जी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक साथियों को आगाह करते हुए कहा था कि आप कहां पहुंचे यह जाने आगे कहां रहना है यह भी जाने। उन्होंने आगे कहा कि संगठन की एकता के बल पर ही हमें उपलब्धियां मिली हैं इसे हमें बनाए रखना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को शिक्षक विरोधी बताया और कहा कि सरकार ने हमारे बुढ़ापे की लाठी हमारी पेंशन को वापस ले लिया, शिक्षकों का भत्ता एवं अन्य सुविधाओं को समाप्त कर दिया, तदर्थ शिक्षकों को घर का रास्ता दिखा दिया। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए हमें एकजुट रहना होगा। गोष्ठी को मां गायत्री मंगला प्रसाद पांडेय महाविद्यालय मोतीगंज के डायरेक्टर अनिल पांडेय , एसोसिएट प्रोफेसर पंकज पाठक आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर तिलकराम वर्मा, नवनीत शुक्ला, विवेक वर्मा, जितेंद्र कुमार सोनी, सुजीत श्रीवास्तव, संजीव सिंह, रंजीत कुमार, संदीप कुमार, लाटबक्श मिश्रा, सुरेश पांडे, दीपक चौबे, लवकुश मिश्रा, विनायक दुबे, उमेश पांडे, कैलाश नाथ यादव, प्रियंकेशलता, मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित रहे।

# डा सत्येंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** नगरपालिका अध्यक्ष नवाबगंज डा सत्येंद्र सिंह को बुधवार को प्रदेश की राजधानी मे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एव उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी मे पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी है नगरपालिका अध्यक्ष के पार्टी मे सदस्यता ग्रहण करने की सूचना मिलने पर नगर के युवाओ ने उनके नगर आवास पर जाकर लोगों ने अध्यक्ष के परिजनों को लोग बधाई दे रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार जनपद के नगरपालिका नवाबगंज के निर्दलीय नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व बृजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया है जैसा कि मालूम है कि नगरपालिका के चुनाव मे निर्दलीय प्रत्याशी के रुप मे दुसरी बार डा सत्येंद्र सिंह ने जीत दर्ज कराया था नगरपालिका मे अध्यक्ष का काम और मेहनत का नतीजा था जिसमें उन्होंने दुसरी बार निर्दलीय प्रत्याशी के रुप मे जीत हासिल किया है आमजनमानस मे इनके योगदान को लोग आज भी याद करते हैं पार्टी मे शामिल होने से पार्टी के जनाधार मे फायदा मिलेगा जैसा कि मालूम है कि नगरपालिका चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी की यहा पर जमानत जब्त हो गया था।

# विधायक तरबगंज के प्रयासो से एक लाख की आबादी को मिलेगा फायदा

*अवधनामा संवाददाता*

**बेलसर (गोंडा)।** तरबगंज विधायक के प्रयासो से 85 लाख रुपए से बेलसर के डिडीसिया कला ग्राम पंचायत में मन्नी पुरवा घाट पर चंदहा नाले पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गई है,पुल निर्माण होने से करीब बीस ग्राम पंचायतों के लाखो लोगो को जिला मुख्यालय आवागमन में आसानी होगी।

तरबगंज भाजपा विधायक प्रेमनरायन पांडेय विधानसभा मे विकास करने के लिए वह हमेशातत्पर रहते हैं इसी कडी मे बेलसर के ग्राम पंचायत डिडीसिया कला के मन्नी पुरवा घाट पर चंदहा नाले पर पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पुल निर्माण की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग ड्रेनेज खंड प्रथम को मिली है। पुल निर्माण की लागत 85 लाख रुपए है। पुल निर्माण पूरा करने की अवधि जून 2024 है।मन्नी पुरवा घाट पर पुल का निर्माण हो जाने से ग्राम पंचायत मंगुरा ,खजुरी , कपनी,बकसैला,सिसई, बदलेपुर,



खडोरा , लिलोई, लिलोई खुर्द,गोपीपुर,गंगरोली,सहित तमाम ग्राम पंचायतों के लाखो लोगो को जिला मुख्यालय जाने की दूरी कम हो जायेगी। अवर अभियंता सचिन कुमार ने बताया की निर्माण शुरू करा दिया गया है। निर्माण में मानकों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इस पुल की मियाद सौ साल होगी। बताया जून तक निर्माण पूरा करने का निर्देश है लेकिन मार्च तक निर्माण पूरा कर देंगे।

बेलसर।

पांच पुल को मिली मंजूरी

ग्राम पंचायत स्थान विकास खंड

सुसुंडा कुर्मिन पुरवा परसपुर

खरगूपुर भोरई पुरवा परसपुर

डिडिसियाकला मन्नीपुरवा बेलसर

नगदही नगदही बेलसर

बटोरा बटोरा हलधरमऊ

इस संबंध में सिंचाई विभाग ड्रेनेज खंड प्रथम के एक्सियन राधेश्याम से बात पक्ष लेने के लिए फोन करने पर उन्होंने बताया की मेरा ट्रांसफर हो गया है इस संबंध में नए एक्सियन से बात लीजिए।

# आरबीएसके के प्रयासों से टीबी मुक्त होकर पढ़ने लिखने लगा हरीश

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नौ वर्ष का हरीश भी अब दूसरे बच्चों की तरह पढ़ाई लिखाई तो करता ही है, खेलकूद में भी सबसे आगे रहता है। अब वह अपने प्राइमरी स्कूल का होनहार बच्चा बन चुका है। यह सब संभव न हो पाता अगर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) सरदारनगर की टीम ने उसमें गैर संक्रामक एक्स्ट्रा पल्मनरी टीबी की पहचान समय से न की होती।

टीम ने न केवल बीमारी को पहचाना बल्कि जिला अस्पताल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले जाकर जांच और इलाज में मदद की । जो टीबी हरीश को दिन प्रतिदिन कमजोर बना कर पढ़ाई में बाधा पैदा कर रही थी, वह मात्र छह माह के इलाज में ठीक हो गयी। सरदारनगर ब्लॉक के शिवपुर के रहने वाले हरीश की 46 वर्षीय मां शारदा बताती हैं कि वर्ष 2022 की शुरूआत में उसके गर्दन में गांठ निकलने लगी। हल्का फुल्का बुखार भी होता था । वह कुछ खा नहीं पाता था। इससे दिन प्रतिदिन कमजोर होता जा रहा था । हरीश का पढ़ाई में भी मन नहीं लगता था। उसे आसपास के कई चिकित्सकों को दिखाया गया, लेकिन बीमारी की पहचान नहीं हो सकी । इलाज में करीब दस हजार रुपये खर्च भी हो गये । परिवार में आय का साधन हरीश के पिता दीनानाथ की एकमात्र कमाई है जो पेशे से इलेक्ट्रिशियन हैं। परिवार के पास इतने पैसे नहीं थे कि हरीश को किसी उच्च चिकित्सा केंद्र में दिखाया जा सके। शारदा ने बताया कि अप्रैल 2022 में आरबीएसके की टीम ने गांव के प्राइमरी स्कूल का दौरा किया । हरीश वहां पर कक्षा तीन का छात्र था । चिकित्सक डॉ अरूण कुमार त्रिपाठी और ऑप्टोमैट्रिस्ट अमित बरनवाल ने उन्हें भी स्कूल बुलाया और बताया कि उनके बच्चे में एक्स्ट्रा पल्मनरी टीबी की आशंका है । यह टीबी एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलती है लेकिन समय से इलाज न होने पर बच्चे के लिए दिक्कत बढ़ सकती है । टीम ने बच्चे को जिला क्षय रोग केंद्र ले जाकर तत्कालीन जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्र को दिखाया।

- गैर संक्रामक एक्स्ट्रा पल्मनरी टीबी की पहचान कर इलाज में टीम ने की थी मदद
- टीबी संक्रमण से हुई कमजोरी के कारण पढ़ाई में पहुंच रही थी बाधा

### लक्षण दिखे तो कराएं जांच

अगर दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, लगातार कमजोरी, भूख न लगना, बलगम में खून आना, पसीने के साथ रात में बुखार जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत टीबी जांच कराई जानी चाहिए। जिले में आरबीएसके की 38 टीम कार्य कर रही हैं जो स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाती हैं। इन टीम की मदद से बाल मरीजों का इलाज कराया जा सकता है । सिर्फ गैर उपचाराधीन फेफड़े की टीबी संक्रामक होती है। वह भी इलाज शुरू होने के तीन सप्ताह बाद एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलती। शरीर के बाकी अंगों की टीबी गैर संक्रामक होती है। मरीज से बिना भेदभाव किये उसे इलाज के लिए प्रोत्साहित करें और जनपद को टीबी मुक्त बनाएं।

**डॉ आशुतोष कुमार दूबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

# आमजन को किया ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**उरई जालौन।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में आज ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में परिवहन विभाग, सम्बन्धित विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, गुड सेमेरिटन, मास्टर ट्रेनर के सहयोग से सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। गत वर्ष भारत में लगभग 4.50 लाख व्यक्ति सड़क दुघर्टनाओं में घायल व लगभग 1.50 लाख व्यक्तियों की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हुई जो कोविड-19 में 1.46 लाख मृत व्यक्तियों से अधिक है। सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाना इन अभियानों का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। प्रदेश में वर्ष 2022 में गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुघर्टनाओं की संख्या में 10.6 प्रतिशत, मृतकों की संख्या में 6.4 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनपद जालौन में वर्ष 2023 में वर्ष 2022 के सापेक्ष सड़क दुघर्टनाओं की संख्या में 18 प्रतिशत, मृतकों की संख्या में 22.90 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 29.90 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जो चिन्ता का विषय है, इन सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाना हम सब की जिम्मेदारी है, जिसके लिए शासन द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाये जा रहे हैं, जिसके लिए अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की सतत् प्रेरणा, मार्गदर्शन एवम् निर्देश रहते हैं।

## पुलिस ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**कोंच अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवयुवकों को पुलिस में सेवा देने के लिए हजारों की संख्या में पदों की घोषणा की गई है और उन पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति भी करना सरकार का लक्ष्य है। परीक्षा आयोग द्वारा आगामी 17 व 18 फरवरी 2024 को पुलिस परीक्षा आयोजित करायी जा रही है जिसमें नगर के मुहल्ला गांधी नगर स्थित शैक्षणिक संस्था एस आर पी इंटर कालेज में पुलिस परीक्षा के 3 सौ छात्र परीक्षा देंगे इसी को लेकर बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकार उमेश कुमार पांडेय व प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार पाठक ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को जांचा परखा जिससे सुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न करायी जा सके इस दौरान परीक्षा केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** माधौगढ़ कस्बे में श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा गल्ला मंडी गेट से शुरू हुई और पाढ़री बाबा चितौरा व नगर भ्रमण होते हुए वापस कथा परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक विष्णु स्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। इस मौके पर परीक्षित बाबूराम शिवहरे,पत्नी गनेशी देवी, सभी ने देवताओं का आशीर्वाद लिया और सभी भक्तों से कहा कथा को जरूर समय निकालकर सुने। श्री हरि शंकर व्यास जी आयोजक सुरेन्द्र शिवहरे भगत उर्फ कल्लू भगत, संतोष शिवहरे, मुन्ना शिवहरे, अनिल शिवहरे, मनोज शिवहरे ,राजेश शिवहरे, राहुल शिवहरे अंकित कुमार शिवहरे मनोज मिश्रा, महेश गुप्ता, संतोष शिवहरे, संजीव गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, मिलन शिवहरे आदित्य शिवहरे, अनुराग शिवहरे शिवनारायण, लल्लू गुप्ता, बृजनंदन शिवहरे लाला भैया शिवहरे विनोद शिवहरे मोहित शिवहरे सहित अन्य मौजूद रहे।

## केजीएमसी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन




**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** बी.ऐन.कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं बी .ऐन.कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी द्वारा आज कॉलेज परिसर में केजीएमसी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर महानिदेशक प्रोफेसर उपमा मिश्रा, निदेशक डॉक्टर एके शुक्ला, निदेशक फार्मेसी डॉक्टर रमेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बीएसए ऑफिस के निरीक्षण में डीएम को लेखाधिकारी अनुपस्थित मिलने पर वेतन रोकने के आदेश दिए



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का जिलाधिकारी डॉक्टर बीके सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम को निरीक्षण में कार्यालय की साफ सफाई सही न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की,जिलाधिकारी ने कार्यालय में अभिलेखों के सही तरह से रख रखाव व पंखों की सफाई टूटे पड़े मेज कुर्सियों को सही कराने के निर्देश दिए हैं। सुबह 10:25 तक वित्त एवं लेखा कार्यालयपर ताला लगा था और वित्त एवं लेखाधिकारी अनुपस्थिति थे । जिलाधिकारी द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा का वेतन रोकने आदेश दिए हैं जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय पुलिस लायन नगर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम को पढ़ाई की स्थिति बहुत खराब पाए जाने पर शिक्षकों को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चों में सामान्य जानकारी का भी अभाव दिखाई दिया डीएम ने निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी को खुद जांच कर शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं जबकि विद्यालय में 133 के सापेक्ष 62 बच्चे उपस्थित पाये गए जिलाधिकारी द्वारा बच्चो को दिए जाने बाले भोजन की भी जानकारी की गई जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि तुम लोग पढ़ोगे तो घर की स्थिति अच्छी होगी विद्यालय के शौचालय गंदे पाये गए व पीने के पानी की टोटी भी गंदी पाई गई इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई।

## जन शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण के फलस्वरूप प्रदेश में जनपद ने हासिल की 11वीं रैंक : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के कुशल निर्देशन, नियमित प्रभावी समीक्षा, जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता की जांच शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर किये जाने के फलस्वरूप जन-सुनवाई आई.जी. आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद ने प्रदेश में 11वीं रैंक प्राप्त की है, शिकायतों के निस्तारण में मंडल में जनपद प्रथम स्थान पर है, जनपद फिरोजाबाद, मथुरा को 44वीं, आगरा को 59वीं रैंक मिली है, प्रदेश में जन-शिकायतों के निस्तारण में जनपद की बेहतर रैंकिंग मिलने पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने विभिन्न स्तर से प्राप्त होने वाली जन-शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्ता परक निराकरण में अपनी भूमिका निभाई है, आगे भी सभी अधिकारी, कर्मचारी इसी लगन-निष्ठा के साथ आमजन की शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण कर शासन की मंशा पर खरे उतरें। श्री सिंह ने बताया कि जन-सुनवाई आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर शासन स्तर से प्रत्येक माह जनपद को दी जाने वाली रैंकिंग में जनपद माह जनवरी-2024 में 91.54 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 11वीं रैंक प्राप्त कर मण्डल में प्रथम स्थान पर है। उन्होने बताया कि तहसील सदर, किशनी, कुरावली, भोगांव को 100 प्रतिशत तथा तहसील घिरोर को 85 प्रतिशत, करहल को 78.89 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये हैं। उन्होने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, सम्पूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन संदर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पी.जी. पोर्टल, उप मुख्यमंत्री, मंत्री संदर्भ, शासन, राजस्व परिषद, निदेशालय संदर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, आर्थिक मद्द संदर्भ, महिला हेल्पडेस्क, एंटी भू-माफिया, मा. राज्यपाल संदर्भ, फीडबैक पर कार्यवाही पर सभी विभागों ने बेहतर कार्य किया गया है।

## डॉ किशवर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलेगा



**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** अमरोहा फाउंडेशन द्वारा उर्दू साहित्य में योगदान के लिए डॉक्टर किशवर जहां को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। अमरोहा फाउंडेशन द्वारा 10 फरवरी को इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर लोधी रोड नई दिल्ली में एक शाम उर्दू वालों के नाम पुरस्कार समारोह और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर अख्तरुल वसी पूर्व वाइस चांसलर मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी करेंगे तथा निजामत के फरायज जनाब इरफान आजमी साहब अंजाम देंगे। मोहतरमा नायाब अब्बासी फाउंडर नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज अमरोहा दीप प्रज्वलित करेंगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर शहपर रसूल पूर्व अध्यक्ष उर्दू अकादमी दिल्ली तथा अमरोहा फाउंडेशन के अध्यक्ष जनाब फरमान हैदर साहब भी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उर्दू साहित्य में योगदान के लिए डॉक्टर किशवर जहां को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## मेला श्री रामनगरिया विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पांचाल घाट गंगा के किनारे तट पर माघ मेला श्री राम नगरिया के विकास प्रदर्शनी का जिला अधिकारी डॉक्टर बीके सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता भी साथ रहे। जिला अधिकारी ने विकास प्रदर्शनी में लगे 40 स्टॉलो में जिला कारागार की दरी, शहर के लहंगा चुन्नी के स्टॉल को बड़ी ही गंभीरता से देखने के बाद जानकारी ली, महिला कल्याण, नारी शक्ति मिशन लघु सिंचाई विभाग मछली विभाग जैसे स्टालों का जिला अधिकारी ने अवलोकन किया और लोगों को प्रोत्साहित किया कि वह विकास प्रदर्शनी में आकर सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ले और उसका लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

## एआरटीओ ने 2 ट्रैक्टर ट्रॉली यूरिया ढोते और तीन स्कूल वाहनों के किए चालान

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा जहानगंज क्षेत्र में स्थित राजपूत ग्लोबल अकेडमी के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपक वर्मा तथा अन्य विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित 450 छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एआरटीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में विद्यालय के छात्रो को वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किए बिना वाहन का संचालन नहीं करना है । एआरटीओ ने बताया की मोटर वाहन अधिनियम 1988 में 2019 में संशोधन करते हुए एक नई धारा 199 क जोड़ी गई है जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि यदि किसी किशोर द्वारा सार्वजनिक स्थल पर वाहन चलाया जाता है तो किशोर के संरक्षक/ मोटर वाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। इसके तहत संरक्षक/ मोटर वाहन स्वामी को 3 वर्ष का कारावास तथा उस पर 25000 का जुर्माना आरोपित किया जा सकता है इसके अतिरिक्त अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीयन 1 वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा तथा ऐसे किशोर का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत ही बन सकेगा । एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से मार्ग पर सुरक्षित चलने तथा अपने माता-पिता को सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा गया , एआरटीओ ने कहा यदि छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता, भाई-बहन आदि को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेंगे तो हमारा जनपद दुर्घटनाओं से मुक्त हो सकेगा ।इसके अतिरिक्त विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा के नियम लिखे हुए पंपलेट बांटे गए, एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा जहानगंज एवं कायमगंज क्षेत्र में सघन प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 3 स्कूल वाहनों को बिना फिटनेस एवं परमिट के संचालित पाए जाने पर चालान किया गया तथा उन पर 90 हजार का शमन शुल्क लगाया गया।

# ग्राम पंचायतों में नियुक्त केयर टेकर को नहीं हटाया जायेगा

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** ग्राम पंचायतों में नियुक्त केयर टेकर को हटाया नही जायेगा जो केयर टेकर कार्यरत है वही महिला कार्य करेगी दूसरा कोई नहीं केयर टेकर को मानदेय न देना अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव द्वारा केयर टेकर के मानदेय को निकालकर बंदरबांट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रिकवरी करवाई जायेगी बिना मेरी अनुमति के किसी केयर टेकर को हटाया नही जायेगा।

उक्त बातें ब्लाक मुख्यालय जहांगीरगंज में मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन ने महिला समूह एवं केयर टेकर महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसी तमाम शिकायत मिल रही है कि कुछ समूह द्वारा नियुक्त केयर टेकर के काम में अवरोध उत्पन्न कर रही है और कुछ शिकायतें मिली हैं कि समूह की अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव केयर टेकर का मानदेय निकाल कर बंदरबांट कर ले रही तो संबंधित कर्मचारी लोग केयर टेकर के मानदेय को रिकवर कर केयर टेकर को मानदेय देना सुनिश्चित करें यदि हीलाहवाली हो तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रिकवरी करवाई जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेन्द्रनाथ सिंह, एडीओ आईएसबी पीडी राय, बीएमएम कृष्णा चौहान, बृजलाल,पी डी को निर्देशित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी एवं शासनादेश का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित हो। किसी भी दशा में समूह द्वारा नियुक्त केयर टेकर के अतरिक्त कोई अन्य कार्य नहीं करेगा न तो केयर टेकर के मानदेय निकालने में दिक्कत पैदा करेंगे और यदि कहीं केयर टेकर का मानदेय निकाल कर बंदरबांट कर लिया गया है तो उसे रिकवर कर केयर टेकर को मानदेय देना सुनिश्चित करें। किसी भी समूह द्वारा या कर्मचारी द्वारा यदि शासनादेश का उलंघन किया गया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। किसी भी केयर टेकर को ग्राम पंचायत सचिव,प्रधान बिना मेरी अनुमति लिए उसे हटाया नही जायेगा। इस दौरान ग्राम पंचायत खरूवांव की केयर टेकर रीता निषाद को सचिव द्वारा पद से हटाए जाने की नोटिस जारी करने पर मुख्य विकास अधिकारी ने केयर टेकर को मानदेय देना सुनिश्चित करने को कहा और कहा कि बिना मेरी अनुमति लिए किसी भी केयर टेकर को हटाया नही जायेगा। ग्राम पंचायत तिहाइतपुर की केयर टेकर फूलमती व शीला ने बताया कि समूह की अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सचिव द्वारा केयर टेकर का मानदेय निकाल कर बंदरबांट कर लिया गया है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ, एडीओ आईएसबी, एवं सचिव को निकाले गए मानदेय को रिकवर कर केयर टेकर को मानदेय देना सुनिश्चित करने को कहा और यदि कोई हीलाहवाली हो तो थानाध्यक्ष राजेसुल्तनपुर को आदेशित किया कि मुकदमा दर्ज कर रिकवरी करवाई जाए। बैठक में सभी केयर टेकर उपस्थित रही और बभनपूरा, कमहरिया, करौंदी मिश्र, जोतपुर जोलहापुर की सरिता, कोटिया अशरफपुर की सुजाता गोंड, भभौरा की सुमन से मुख्य विकास अधिकारी ने बात कर उनकी समस्या को सुनी और संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से अविलम्ब मानदेय दिलाने और अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जारी आदेश पत्रांक 477 दिनांक 12/10/2023 का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में तीन युवकों की मौत

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दर्दनाक हादसे में बीती रात तीन युवकों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेरापुर थाना क्षेत्र में संकिसा मोहम्मदाबाद मार्ग पर ग्राम राजेंद्र नगर के पास ममेरी बहन की शादी से लौट रहे बाइक सवार तीन भाइयों की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई द्यएक ही बाइक पर तीनो भाई सवार थे। तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी जिससे तीनो की मौके पर मौत हो गई है। अजीत पाल पुत्र संतोष पाल, उसका सगा भाई सर्वेश निवासी ग्राम भदैया, थाना जसरथपुर और मौसेरा भाई अभिषेक निवासी नगला हिम्मत मोर्चा थाना अलीगंज जनपद एटा एक ही बाइक पर सवार थे। तीनों बाइक से नबाबगंज के गांव सितवनपुर में ममेरी बहन देवकी की शादी में शामिल होने आये थे। शादी समारोह से बापस जाते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी,जिससे तीनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक में टक्कर होने से तेज धमाके की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की पड़ताल घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात बाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

## 76 बैंक बकाएदारों को नोटिस

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र में स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक राजपुर के द्वारा क्रेडिट कार्ड लोन वसूली अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत गांव-गांव जाकर बैंक कर्मचारी ग्रामीणों से लोन जमा करने की अपील कर रहे हैं लेकिन कुछ बकायादारों के द्वारा के द्वारा पैसा जमा नहीं किया गया तथा क्रेडिट कार्ड को रेन्यूवल भी नहीं कराया तथा जो बैंक में खेत बंधक था उसको भी विक्रय कर दिया वही शाखा प्रबंधक के द्वारा बकायेदार संदीप सक्सेना पुत्र बाबूराम निवासी रतनपुर पमारान रामपाल रामकांति जागेश्वर पुत्र गिरिन्द निवासी चपरा रमेश कुमार पुत्र नंदलाल निवासी बेचेपट्टी प्रभु दयाल पुत्र अनुरूप निवासी ग्राम रुलापुर रणवीर पुत्र जग्गी निवासी पिथनापुर विश्राम सिंह पुत्र जितेन्द्र निवासी कोलासोता दीप सिंह पुत्र विश्राम सिंह तथा वेदराम पुत्र दिवाकर कुबेरपुर कुंडरा महेंद्र पाल पुत्र वीरपाल निवासी गुडेरा पंकज तिवारी पुत्र देवी सहाय निवासी बेचेपट्टी अवधेश पुत्र रिशीपाल निवासी असलानपुर बर्मा देवी देवीदास देशराज आदि बकायेदारों को नोटिस तथा चार बकायदार रामभरोंसे निवासी अमैयापुर रामलैड़ते मियांपट्टी अवधेश पुत्र रिशीपाल निवासी असलानपुर समेत बकाएदारो के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# मोदी सरकार अपने निर्णायक फैसलों के लिये जानी जायेगी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने बैतालपुर मण्डल के रामनगर बूथ संख्या 120 तथा आनन्द नगर बूथ संख्या 121 पर बूथ समिति की बैठक करने के बाद घर-घर भ्रमण किया और सरकार की योजनाओं का पत्रक देकर एक बार फिर मोदी सरकार के लिये समर्थन मांगा। इस दौरान पूर्व जिलामहामंत्री भाजयुमो नवीन सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल बड़े और निर्णायक फैसलों 370 हटाना,तीन तलाक कानून बनाना,राम मन्दिर निर्माण जैसो के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने के लिए मोदी सरकार ने जो प्रयास किए हैं, उसके एक नहीं,अनेक उदाहरण हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों में एससी, एसटी और ओबीसी समाज के साथ-साथ सभी वर्ग के हमारे भाई-बहनों की बड़ी संख्या रही है। गांव चलो अभियान के बैतालपुर मण्डल सह संयोजक प्रदीप जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान भाई-बहनों के जिन चार स्तंभों का केन्द्र सरकार नव भला किया है,उनकी मजबूती से हमारा देश और तेजी से समृद्ध होगा। इस दौरान रामदास मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय, अभिजीत उपाध्याय, मुन्ना सिंह, बद्रीनाथ गुप्ता, विशाल सिंह, शम्भू भारती, उत्तम कन्नौजिया आदि रहे।

## कार में लगी भीषण आग, एक की मौत

**उरई (जालौन)।** देर रात एक स्विफ्ट कार में अचानक भीषण आग लग गई तथा उसमें बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार घटना उरई के अम्बेडकर चौराहे के पास बीएसएनएल आफिस के नजदीक की है जहाँ पर देर रात 11:30 बजे के लगभग नूरी पार्ट्स की दुकान के सामने एक स्विफ्ट कार में आग लग गई जिससे उसमे सवार एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई।सूचना मिलने पर मौके पर पहुची फायर बिग्रेड और स्थानीय पुलिस की टीम ने आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत की और आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक कर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मृत व्यक्ति की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान न होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस दुकान पर लगे सी सी टीवी कैमरे की मदद से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आग किन कारणों से लगी। क्षेत्राधिकारी सदर गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि कार मरम्मत के लिए आई थी शव की शिनाख्त नही हो सकी है।

# पीडीए के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकने निकले अखिलेश भी हो गए हैं दिशाहीन

अवधनामा संवाददाता



- राजनीति में लगातार फेल होने के बाद भी राहुल गांधी सच्चाई से मुंह चुरा रहे हैं : वसीम राईन

**लखनऊ।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने को तैयार अखिलेश यादव उस चमत्कार की उम्मीद कर रहे जो आज के हालात में नामुमकिन ही है। सबसे अहम वजह यह है कि दोनों ही नेता न नीति से दुरुस्त हैं न नीयत के साफ। धोखा देना और इस्तेमाल करना ही इनकी फितरत है और यही आमजन में खराब छवि भी बना रहा है। पीडीए के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकने निकले अखिलेश भी दिशाहीन हो गए हैं।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि राजनीति में लगातार फेल होने के बाद भी राहुल गांधी सच्चाई से मुंह चुरा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा निकाल रहे राहुल का यह चुनावी स्टंट है, वह अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। विरोध भी ऐसा कि उसका असर आमजन पर नही पड़ रहा है। अब उनका साथ देने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव आगे आये हैं, उन्होंने यात्रा में शामिल होने की बात कही है। इससे पूर्व कमाल दिखा चुकी यह जोड़ी एक बार फिर जोर आजमाइश की कवायद कर रही है जबकि अंजाम वही होगा जो पहले देखने को मिला था।

राहुल गांधी तो प्रयोग करने में माहिर हैं ही, अब पीडीए की बात कर चुनावी नैया पार लगाने का ख्वाब देख रहे सपा मुखिया अखिलेश भी राहुल के साथ आ रहे। यह वही अखिलेश यादव हैं जिन्होंने 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान को हाशिये पर रखा, इस समाज के वोटो के दम पर सत्ता में तो आ गए पर इनके लिए कुछ करने के बजाय सिर्फ वोटबैंक बनाकर रख दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश का पीडीए राग महज एक दिखावा है क्योंकि हाल ही में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी 16 उम्मीदवारों की लिस्ट में जातीय असंतुलन साफ जाहिर हुआ, लिस्ट में एक अशराफ है बाकी पिछडो को किनारे कर दिया गया। अखिलेश बात तो दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक की कर रहे और उन्ही को एक किनारे कर सफल होने का ख्वाब देख रहे। राहुल हों या अखिलेश यादव, दोनों ही धोखेबाज, फरेबी व स्वार्थी नेता हैं। जिनके झूठ को आमजन भी भलीभांति जान चुके हैं।

## गाय के गोबर से जनपद में बनाई जाएगी लकड़ी

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की पहल पर जिला प्रशासन व सार्थक एनजीओ के सहयोग से गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के गोबर से बनाई जाएगी लकड़ी, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में भी होगा कारगर। जिला प्रशासन व सार्थक एनजीओ द्वारा एमओयू अंतिम चरण में है, इसमें युवा उद्यमी महिला उद्यमी लकड़ी विक्रेता से एग्रीमेंट होगा। जनपद में 413 गौशालाएं हैं, 40 हजार गौवंश संरक्षित है, जिसमें लगभग 30 से 40 मैट्रिक टन गोबर उत्पादन रहा है जिससे गौवंश के गोबर से लकड़ी बनाई जाएगी, इससे स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार मिलेगा। पर्यावरण को बचाने के लिए दुनिया भर में लकड़ी के विकल्प पर काम हो रहा है ताकि लकड़ी पर हमारी निर्भरता कम हो और वनों को सुरक्षित किया जा सके। इस दिशा में जिलाधिकारी ने एक नई पहल शुरू की है, जनपद के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या** : उप मु०इं०-नि०-मुख्या० 29-2023, दिनांक 05.02.2024, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत इन्दारा-दोहरीघाट आमान परिवर्तन खण्ड में अमिला-दोहरीघाट के मध्य एल०सी० नं० 23 कि०मी० 28/2-3 (पुराना) के निर्माण का कार्य पुशींग मैथर्ड के माध्यम से एल०एच०एस० से सम्बन्धित कार्य का निर्माण वाटर कलेक्शन, चैम्बर/सम्प एवं अन्य विविध कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य : 54269667.68, बयाना राशि (रू०) : 421400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : — Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 8 (आठ) माह। ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि- 19.02.2024 ● उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - दिनांक 04.03.2024 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 04.03.2024 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री रवि प्रकाश, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/ मुख्या०/ गो०, मो० 9794844281.

उप मुख्य इंजीनियर / नि० / मुख्या० गोरखपुर

मुजाधि/डब्ल्यू - 532

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट इलाज के दौरान 32 वर्षीय युवक की मौत, चार घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के कीन्हूंपुर गांव के मजरे पूरे पांडे निवासी दो पक्षों में 5 फरवरी को रात 9बजे हुई मारपीट में इलाज के दौरान लखनऊ में 32 वर्षीय युवक संदीप कुमार की मौत हो गई मृतक के भाई ने गांव के ही चार महिलाओं समेत 12 लोगों के खिलाफ खांडसा पुलिस को कारवाई करने के लिए तहरीर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार मृतक के भाई ओमप्रकाश पुत्र बंदे ने कहा है कि हमारे ही गांव के मनोज कुमार पुत्र छंगू प्रसाद एक हिस्ट्रीसीटर है जिसका हमारे परिवार से पुराना विवाद रहा है इसके संबंध में पहले भी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है इसी रंजिश को ध्यान में रखते हुए 5 फरवरी को लगभग 9 बजे मनोज कुमार विदेशियाराम ,दीपक नीरज पुत्रगण छंगू राजेश राकेश पुत्र मंगरु नरेना शांति क्रांति मनोज अमरजीत मनोज कुमार शिव लाल भघेलू आदि लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडा तथा लोहे की राड फरसा कुल्हाड़ी लेकर गाली देते हुए मेरे भाई को मारने लगे जिसे बचाने गये अमरजीत, सूरज , व दिलीप को भी जान से मारने की नीयत से मारकर गिरा दिया हल्ला गुहार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण आ गये इसके बाद उपरोक्त लोग वहां से धमकी देते हुए चले गए जिसमें संदीप बेहोश हो गया तथा अमरजीत सूरज व दिलीप को भी गंभीर चोटें आई जिसके बाद चोट मृतक संदीप को लेकर तुरंत जिला अस्पताल गए जहाँ से लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां 6 फरवरी को शाम 4 बजे उसने दम तोड़ दिया जबकि बाकी चार घायलों का अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है थाना अध्यक्ष खांडसा मनोज कुमार यादव ने बताया कि मृतक के भाई से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है दोषी लोगों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा

## माता रमाबाई अंबेडकर जयंती समारोह सकुशल सम्पन्न

**रुदौली -अयोध्या।** माता रमाबाई अंबेडकर जी के 126 वां जन्मदिन पर एस आर सर्वोदय इंटर कॉलेज मीसा रुदौली में भव्य कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम का आयोजन किशोरी लाल भारती जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा अयोध्या जिला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक रुदौली रामचंद्र यादव के प्रतिनिधि के रूप में अपने संबोधन में किशोरी लाल भारती ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मिशन को भारतीय जनता पार्टी 100त्न पूरा कर रही है। बाबा साहब ने जो सपना देखा था। उसमें सबको शिक्षा, सबको समानता ,सबको अधिकार, सबको न्याय, जिसे पूरा करने में भारतीय जनता पार्टी अग्रणी नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी ने पंच तीर्थ की स्थापना किया है। बाबा साहब जहां पैदा हुए ,जहां पले, जहां शिक्षा ग्रहण किया, जहां बाबा साहब ने अंतिम सांस ली सभी पांचो स्थान को भारतीय जनता पार्टी ने विकास किया।

# किसानों, मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु 16 फरवरी को भारत बन्द के आवाहन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसानों, मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु आगामी 16 फरवरी 24 को भारत बन्द के आवाहन को पूरी मजबूती के साथ जनपद अयोध्या में पालन किया जाएगा। उक्त के संबंध में भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या की आपातकालीन पंचायत जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में गांधी पार्क (सिविल लाइन) में संपन्न हुई जिसमें यह तय हुआ कि सभी किसान कृषि कार्य बंद रखेंगे और कृषि प्रतिष्ठानों को भी बंद करने हेतु व्यापारियों से अनुरोध किया जाएगा। तथा 16 फरवरी को तहसीलवार बाजार बंद कराया जाएगा ।बीकापुर तहसील में बीकापुर बाजार को तथा रुदौली तहसील में रुदौली बाजार को, सोहावल तहसील में मसौधा व अरुकुना बाजार को, मिल्कीपुर तहसील में धमोलिया (इनायतनगर) बाजार को, सदर तहसील में दर्शन नगर व गोसाईगंज बाजार को बंद कराया जाएगा, बन्द के दौरान भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता/ पदाधिकारी बाजारों में पैदल मार्च करते हुए समस्याओं के समाधान के समर्थन में नारेबाजी करेंगे।संगठन के विस्तार के क्रम में बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मस्तराम वर्मा व बीकापुर नगर अध्यक्ष के पद पर मंसाराम वर्मा तथा तहसील सचिव बीकापुर बैजनाथ निषाद को मनोनीत किया गया। पंचायत में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभयराज ब्रह्मचारी, मध्यांचल जोन सचिव सूर्यनाथ वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, रामू चंद्र विश्वकर्मा, जगदीश यादव, राम गोपाल मौर्य, शेषमणि वर्मा, रामबचन, मस्तराम वर्मा ,मंसाराम वर्मा, बुधीराम मौर्य, कृष्ण प्रसाद वर्मा, मालती मौर्य,लालती निषाद, श्रीमती देवी, आदि लोग उपस्थित रहे।



## खाद की कटौती को लेकर ग्रामीण किसानों के साथ सपा नेता ने उतरी खाद की आरती

**अयोध्या।** खाद की बोरियों में 5 किलो खाद की कटौती को लेकर ग्रामीण किसानों के साथ खाद की आरती उतार कर समाजवादी संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने जताया विरोध। विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के गुंधौर चौराहे पर किसानों के साथ खाद की बोरी को माला पहनकर उतारी आरती जताया विरोध।पंडित समरजीत ने कहा- भाजपा सरकार सत्ताह में आते ही सबसे पहले किसानों के ऊपर ही चाबुक चलाने का काम किया जहां किसानों को अनाजों का उचित मूल्य मिलना चाहिए था वही 50 किलो खाद वाली बोरियों में धीरे-धीरे करके 10 किलो खाद घटाने का काम सरकार ने किया।

## शोधार्थी प्रस्तावित शोध अर्न्तवस्तु विवि में 20 फरवरी तक मेल कर सकेंगे

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा-2021-22 के उत्तीर्ण शोधार्थियों को अपने प्रस्तावित शोध की अर्न्तवस्तु एवं सलग्नक शोध निर्देशकों की सूची में से तीन नाम 20 फरवरी तक विश्वविद्यालय को ई-मेल करना होगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शोधार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया। विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के उत्तीर्ण शोधार्थियों को प्रस्तावित शोध की अर्न्तवस्तु अथवा उद्देश्य के साथ शोध निर्देशक के लिए तीन शिक्षकों के नाम वरीयता क्रम में 20 फरवरी तक विश्वविद्यालय की ई-मेल registrar@rmlau.ac.in पर उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही उन्हें अपना नाम, पिता का नाम, विषय एवं अनुक्रमांक तथा पत्राचार का पूर्ण पता व मोबाइल नम्बर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

# ओलंपिया में देश के लिए स्वर्ण जितना है सुशील का सपना

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिस्टर गैलेक्सी प्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले बॉडी बिल्डर पूर्व मिस्टर इंडिया सुशील यादव विश्व की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय विश्व शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में देश के लिए पदक हासिल कर भारत का परचम लहराने की तमन्ना रखते है। बुधवार को अयोध्या धाम श्री रामलला का दर्शन करने आए सुशील का अयोध्या आगमन पर पूर्व मिस्टर इंडिया शोभित शुक्ल, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ल, के कृतांत सिंह, अयोध्या प्रीमियर लीग 1 के संयोजक पूर आदि ने सहादतगंज अयोध्या प्रवेश द्वार पर भव्य स्वागत किया। दर्शन के बाद सुशील ने पत्रकारों को बताया कि लखनऊ में जनवरी में यू डब्ल्यू एफ एफ एफ की और से हुई प्रतियोगिता में मिस्टर गैलेक्सी प्रो अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए है। सुशील ने बताया की थाईलैंड में होने वाली मिस्टर प्रो चैंपियनशिप में वह मेन फिजिक और क्लासिक फिजिक स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एशियन चैंपियनशिप में भारत को रिप्रेजेंट कर चुके सुशील मिस्टर इंडिया और मिस्टर यूपी सुशील खिताब हासिल कर चुके है। महज 20 वर्ष की आयु में पहली बार मिस्टर प्रो चैंपियनशिप के लिए चयनित सुशील बेहद उत्साहित हैं और ओलंपिया वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहते है। उन्होंने कहा की शरीर शौष्ठव हमारे देश का पौराणिक शौक व खेल है। यह आजकल युवाओं में खासकर पुरुषों के साथ महिलाओं का भी पसंदीदा खेल है। विश्व में लगभग सभी देशों में इस खेल से युवा जुड़ते है और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हैं।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपटः सरोज

*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या रिकाबगंज स्थित अल्का टावर के पास स्थित कंधारी बाजार में महिला सभा जिला



महासचिव डॉक्टर निशात अख्तर के आवास बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने की संचालन निशात अख्तर ने की।सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या लोकसभा प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए हमे जनसम्पर्क तेज कर सपा सरकार में किये गये जन-कल्याणकारी योजनाओं को बताएं एवं पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक शोषित पीड़ित वंचित समाज को जगाने का काम करें कि हम सब हमारा कहीं भला है तो वह केवल समाजवादी पार्टी में है जो हमारे सुख-दुख को समझती है।एवं वर्तमान सरकार की नाकामियों को भी उजागर करे। उनके इरादों को भी बताने का काम हम लोग करें। हम सभी को जोन, सेक्टर व संगठन तथा बूथ की सभी पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक कर हम प्रशिक्षित करें। जिससे वह अपने बूथ को मजबूत कर सके।उन्होंने कहा कि वर्तमान डबल इंजन की सरकार ने चुनाव से पूर्व बड़े बड़े झूठे वायदा कर सत्ता पर काबिज होकर भाजपा जनता का शोषण करने में लगी है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण से महंगाई और बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। शिक्षा व्यवस्था सुरक्षा ध्वस्त है सरकार को जनता की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा भाजपा अपने राजनीतिक हित के लिए लोकतंत्र की हत्या कर रही है, लेकिन जनता अब सच्चाई जान चुकी है और लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखाने का काम करेगी और कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी एवं गठबंधन प्रदेश में बड़ी जीत हासिल करेगा। सरोज यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है, आए दिन हत्या, बलात्कार, छेड़खानी, चोरी, आदि गंभीर आपराधिक घटना हो रही है। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। कार्यक्रम में उपस्थिति रही उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव, उमा यादव, लीलावती यादव, जिलासचिव रूमा, गीता मल्होत्रा, सविता मल्होत्रा, रिजवाना, अफसाना रोशनी नूरजहां आयशा बानो शबनम रुखसार शबीना बानो आयशा बानो आदि लोग उपस्थित रहे।

## विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यो से लोहा मनवाने वाली नारी शक्तियों को कुसुम देवी जननी सम्मान से ट्रस्ट ने किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** आरोही एक उड़ान सेवा ट्रस्ट अयोध्या के प्रथम वर्षगांठ पर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यो से लोहा मनवाने वाली और सामाजिक कार्यों में सहयोग देने वाली नारी शक्तियों को कुसुम देवी जननी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेंद्र वर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर की प्रतिष्ठित महिला रोग विशेषज्ञ श्रीमती मंजूषा पांडेय एवं मूक बधिर बच्चों की शिक्षा एवम संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाली श्रीमती रानी अवस्थी ने सभी नारी शक्तियों को सम्मानित किया। ट्रस्ट की अध्यक्षा पल्लवी श्रीवास्तव ने बताया कि आरोही एक उड़ान सेवा ट्रस्ट बेरोजगार महिलाओं को रोजगार परख बनाने के लिए कार्य कर रही है बेटियों को जागरुक कर रही है और समाज में ऐसे कार्य कर रही है जिससे लोगो की तरक्की हो इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्य करने वाले संस्थानों के पदाधिकारी मुकेश कुमार वर्मा ,मीनू श्रीवास्तव,पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव,पत्रकार राजेंद्र दूबे,राजेश चौबे ,प्रतीक भज्जा ,अमरीश मिश्रा, रणजीत यादव ,कल्पना कुशवाहा , मनोरमा साहू, नीलम मध्यान सुनीता पाठक , इंद्रप्रित सिंह आदि बहुत से समाजसेवी उपस्थित रहे।

# मनमोहक प्रस्तुति के साथ ब्रज लोक गीत उत्सव का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** दो दिवसीय ब्रज लोक गीत उत्सव का अयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से डा0 अम्बेडकर बाल कल्याण एवं नारी प्रगति सेवा समिति द्वारा लखपेड़ाबाग मैरिज हॉल में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अरूण कुमार यादव (सोनू) सभासद, नगर परिषद ने कहा कि लोक कला के संवर्धन और संरक्षण में प्रस्तुत कार्यक्रम एक सराहनीय कदम है। इसी क्रम में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीबी शर्मा टीजी बोर्ड ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपनी ब्रज लोक संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि ये लोकगीतें ब्रज क्षेत्र के लोगों की जीवन-शैली, रंग-रूप, भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रतिष्ठित करती हैं। इसी क्रम में लोक कलाकरों के द्वारा भारतीय संगीत मण्डली और राजपूत संगीत पार्टी के द्वारा ब्रज लोक गीतों के अन्तर्गत




संस्कार गीत, सोहर गीत, झूला गीत, होली गीत, लोक गाथा गीत एवं कृष्ण लीला, फूलों की होली, मयूर नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम में महेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट पूर्व बार काउन्सिल अध्यक्ष डा0 रामहेत विश्वकर्मा अध्यक्ष, यूपीसी संघ, कुलदीप शर्मा, भगवान प्रसाद, पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, हनुमान प्रसाद, अशोक कुमार, ज़ेबा किरन तिवारी, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी चित्रा शर्मा, सुनीता शर्मा, आदित्य प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र कुंवर सिंह, शत्रुहन लाल श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, डा0 आरके वर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के प्रबन्धक अमर सिंह ने कार्यक्रम में आये लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल

**दरियाबाद बाराबंकी।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अधिकारी हलकान रहे। पुलिस कर्मियों ने राज्यपाल को जहां सलामी दी। वहीं कई अन्य कार्यक्रमों में शिरकत की। बुधवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला दरियाबाद क्षेत्र के रानी कटरा स्थित अयोध्या वाटिका पहुंचे। यहां पर राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर विवेकानंद पांडेय ने सम्मानित किया। इससे पहले पुलिस कर्मियों ने उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद ताशीपुर स्थित नवनिर्मित अयोध्या कोल्ड स्टोरेज एवं एलाइड इंडस्ट्रीज का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को गुलाब का फूल दिया व विवेकानंद पांडेय ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया।

# मादक पदार्थ के तस्कर को 6 माह कठोर कारावास, 3 हजार रुपये अर्थदण्ड

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ के तस्कर को 06 माह का कठोर कारावास व 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पर मादक पदार्थ के तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल हसन निवासी ग्राम धरौली थाना फतेहपुर को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 06 माह का कठोर कारावास व 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा। उपरोक्त अभियोग पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे महिला सम्बन्धी/जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है। तत्कालीन विवेचक जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

## 7 साल बाद दर्ज हुई ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट

**बाराबंकी।** 49 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का यह मामला इसलिए खास है क्योंकि ठगी हुए 7 साल बीत गए और इस मामले की रिपोर्ट अब दर्ज की गई है। वह भी तब जब पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लगाई। जानकारी के अनुसार अजीज पुत्र मो0 फतेहखान निवासी रेलवे कालोनी थाना कोतवाली ने बताया कि उसका भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा बाराबंकी में पत्नी के साथ संयुक्त बचत खाता है। 16 फरवरी 2017 को दिन में सुबह एक मोबाइल नम्बर से उसके मोबाइल नम्बर पर फोन आया और कहा कि तुम्हारा एटीएम नम्बर बंद हो गया है और उसे चालू करना है जिस पर उसको फोन पर अपना एटीएम नम्बर बता दिया और उसी दिन उसके खाते से चार वार 10-10 हजार, एक बार 4 हजार व एक बार 5 हजार रूपया निकाल लिया। उसी दिन जानकारी होने पर वह बैंक शाखा पर गया और अपनी बात बतायी तो बैंक के मैनेजर ने तत्काल एटीएम बंद किया और बताया कि 20 हजार और निकलने वाला था पर वह होल्ड बता रहा। उसके खाते से इस प्रकार कुल उन्चास हजार रुपये धोखाधडी करके निकाल लिया।

## रक्तदान को महादान समझते हैं युवा समाजसेवी वीरू विधायक

**अयोध्या।** जरूरतमंद लोगों के बीच शहर के कई ऐसे समाजसेवी है जो अपना खून देकर किसी की जान बचाने में अहम भूमिका निभाते है। इनको सिर्फ मालूम यह हो जाए कि कोई भी व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी व रक्त की कमी से उसकी जान जा सकती है उनकी मदद व ब्लड देने में पीछे नहीं हटते हैं। ये मानते हैं कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। यह पुण्य काम है। इसमें लोगों को बढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए। यहां के कई ऐसे समाजसेवी है जो रक्तदान करने में आगे रहते हैं। जिनकी जान में खतरे में रहती है उन्हें रक्त देने के लिए तैयार रहते हैं। वीरू ने बताया कि मंगलवार को अशोक रावत के साले का एक्सीडेंट हो गया और उन्हें एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी उसे समय ना उनके परिवार व रिश्तेदार उन्हें ब्लड देने से इनकार कर दिया।

# फर्जी सरकारी कर्मी बन निजी बैंक से लिया 20 लाख 62 हजार का लोन, अब एफआईआर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अब इसे बैंक की लापरवाही कहें या लोन जल्दी देने की आपाधापी, बहरहाल सरकारी कर्मचारी बनकर दो लोगो ने एक निजी बैंक को 20 लाख 62 हजार का चूना लगा दिया। बैंक ने किश्तें जमा न होने पर जब पड़ताल की तो दोनों ही विभागों ने इनकी नियुक्ति से पल्ला झाड़ लिया। यह पता चलते ही बैंक कर्मियों के होश उड़ गए। फिलहाल तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एचडीएफसी बैंक शाखा पल्हरी के प्रबंधक अतुल भारती ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि माह अक्टूबर 2021 एवं माह अगस्त 2022 में क्रमशः गोहम्मद मुस्ताक पुत्र मोहम्मद रियाज निवासी दक्षिण टोला, पुलिस चौकी के पीछे एवं आशीष बरसाती पुत्र बरसाती निवासी भूल भुलैया, पहाड़पुर थाना राम सनेही घाट ने एचडीएफसी बैंक की बाराबंकी शाखा से व्यक्तिगत ऋष्ण हेतु आवेदन किया था। मोहम्मद मुस्ताक द्वारा आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ साथ नगर निगम पालिका परिषद, नवाबगंज का एक परिचय पत्र जिसमें उन्होने क्लर्क के पद पर नियुक्त होने के प्रमाण पत्र के साथ-साथ पालिका का वेतन प्रमाण पत्र को प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार आशीष बरसाती ने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड के अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में क्लर्क के पद पर होने एवं उसका वेतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। समस्त उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बैंक द्वारा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए मोहम्मद मुस्ताक को 12 लाख एवं आशीष बरसाती को रु 8 लाख 62 हजार का व्यक्तिगत लोन स्वीकृत कर दिया गया। कालान्तर में उपरोक्त दोनो ऋष्ण कर्ताओं द्वारा प्रतिमाह जमा की जाने वाली ईएमआई का भुगतान अनवरत् रूप से नही किया गया। स्थानीय तौर पर छानबीन की गई तो ज्ञात हुआ कि इन दोनो ही ऋष्ण कर्ताओं द्वारा नियुक्ति के प्रमाण पत्र/वेतन प्रमाण पत्र जो प्रस्तुत किये गये थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा देखकर लोगों ने दिया हौसला

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** सिंदुरिया क्षेत्र के ग्राम नंदाभार में स्थित केडी स्कूल में बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। जिसमें उन्होंने अंतरिक्ष यान, फेफड़ा का माडल, वालकिनो और पवन चक्की सहित अन्य विज्ञान से संबंधित विषयों पर प्रदर्शन दिखाया। विज्ञान प्रदर्शनी में श्याम मौर्या लंग का माडल गुब्बारे और पेपर के सहारे बनाया और गुब्बारे में हवा भरकर अन्य बच्चों को बताया कि फेफड़ा हमारे शरीर में क्या काम करता हैं। क्लास 6 में पढ़ने वाली छात्रा अंशिका चौधरी ने जलचक्र का माडल का माडल बनाया। क्लास 7 की श्रेया और सृष्टि पटेल चंद्रयान का माडल बनाकर उसके बारे में विस्तार से बताया। साधना विश्वकर्मा का लकड़ी और प्लास्टिक के ब्लेड के माध्यम से कूलर का माडल बनाया और कूलर कैसे काम करता है इसके संबंध में अन्य लोगों को बताया। दिव्या गुप्ता पवन चक्की का माडल बनाया और मौके पर ही हवा के माध्यम से पवन चक्की को चलाकर भी दिखाया जिससे मौजूद लोगों ने खूब तारीफ किया। सृष्टि श्रीवास्तव ज्वालामुखी का मॉडल बनाया और सामग्री के माध्यम से अन्य बच्चों को बताया कि ज्वालामुखी का उदगार कैसे होता हैं। वही विकास गौतम, साइमा आराधना और मरियम ने भी माडल बनाकर दिखाया। वरिष्ठ शिक्षक जेपी, एसके साहनी, जितेंद्र मदेशिया, गिरजेश वर्मा, केपी, नेहा मिश्रा, राजेश शर्मा, हरिपाल और रामेश्वरम गुप्ता साहित अन्य शिक्षकों ने बच्चो के प्रयास की खूब सराहना की।

## अपने ही बुने जाल में फंसे एजेंट व इसके सहयोगी साथी

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** विगत मंगलवार को दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट से एक लाख रुपए लूट कांड में पुलिस टीम ने देर रात खुलासा करते हुए एजेंट व उसके साथियों द्वारा फर्जी अंजाम दिए गए फर्जी लूट कांड के अपने ही बुने जाल में बुरी तरह से फंस कर पुलिसिया गिरफ्त में आ गए। माइक्रो फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक के तहरीर पर मुकामी पुलिस ने बुधवार को एजेंट सहित कुल तीन अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार सत्येंद्र कुमार राय के मुताबिक माइक्रो फाइनेंस कंपनी घुघली के शाखा प्रबंधक जनपद बलिया निवासी ऋषिकेश मिश्रा द्वारा पुलिस को दिये गए तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया है कि एजेंट अविनाश गुप्ता को वसूली में मिला कंपनी का रुपया गबन करने के नियत से फर्जी लूट कांड का मनगढ़ंत कहानी बनाया था। इस लूट कांड के खुलासे के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोठीभार पुलिस, एसओजी व स्वाट की गठित टीमों ने जांच के दौरान सीसी टीवी कैमरों की मदद से बड़ी सफलता हासिल करते हुये इस फर्जी लूट कांड का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एजेंट अविनाश गुप्ता, प्रियांशु शर्मा व राहुल चौधरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# देश एक बार फिर देखेगा राहुल अखिलेश की असफल जोड़ी, दोनों ही झूंठे नम्बर वनः वसीम राईन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने को तैयार अखिलेश यादव उस चमत्कार की उम्मीद कर रहे जो आज के हालात में नामुमकिन ही है। सबसे अहम वजह यह है कि दोनों ही नेता न नीति से दुरुस्त हैं न नीयत के साफ। धोखा देना और इस्तेमाल करना ही इनकी फितरत है और यही आमजन में खराब छवि भी बना रहा है। पीडीए के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकने निकले अखिलेश भी दिशाहीन हो गए हैं। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि राजनीति में लगातार फेल होने के बाद भी राहुल गांधी सच्चाई से मुंह चुरा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा निकाल रहे राहुल का यह चुनावी स्टंट है, वह अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। विरोध भी ऐसा कि उसका असर आमजन पर नही पड़ रहा है। अब उनका साथ देने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव आगे आये हैं, उन्होंने यात्रा में शामिल होने की बात कही है। इससे पूर्व कमाल दिखा चुकी यह जोड़ी एक बार फिर जोर आजमाइश की कवायद कर रही है जबकि अंजाम वही होगा जो पहले देखने को मिला था। राहुल गांधी तो प्रयोग करने में माहिर हैं ही, अब पीडीए की बात कर चुनावी नैया पार लगाने का ख्वाब देख रहे सपा मुखिया अखिलेश भी राहुल के साथ आ रहे। यह वही अखिलेश यादव हैं जिन्होंने 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान को हाशिये पर रखा, इस समाज के वोटो के दम पर सत्ता में तो आ गए पर इनके लिए कुछ करने के बजाय सिर्फ वोटबैंक बनाकर रख दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश का पीडीए राग महज एक दिखावा है क्योंकि हाल ही में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी 16 उम्मीदवारों की लिस्ट में जातीय असंतुलन साफ जाहिर हुआ, लिस्ट में एक अशराफ है बाकी पिछडो को किनारे कर दिया गया।

## खैर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# सीमित संसाधन में बनाए गए उपकरण अतुल्यनीय : डॉ. अब्दुल हफीज

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत अंतर्गत खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बनगवा बरई के प्रांगण में बुधवार को छात्र-छात्राओं की अलग-अलग विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के विज्ञान संबंधित उपकरणों का निर्माण किया। जिसे देखने के लिए शिक्षा शिक्षाविद एवं शिक्षक पहुचे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अब्दुल हफीज एसोसिएट प्रोफेसर उर्दू विभाग सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपिलवस्तु रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद कुमार रावत प्रोफेसर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपिलवस्तु रहे। कॉलेज के संस्थापक स्व. डॉ. अब्दुल बारी के स्मृति में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्राओं ने छात्रों से बढ़कर प्रदर्शन दिखाया। खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बरई बनगवां के प्रांगण में आयोजित स्वर्गीय डॉ. अब्दुल बारी स्मृति विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ. अब्दुल हफीज ने उपस्थित छात्र-छात्राओं की कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र में सीमित संसाधन में बनाए गए उपकरण अतुल्यनीय हैं। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद कुमार रावत ने छात्राओं के विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत प्रदर्शन को देखकर आश्चर्य चकित रहे। प्रोफेसर विनीता रावत ने कहा कि छात्राओं के अच्छे शिक्षा से एक अच्छे समाज का निर्माण होता है। विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान छात्रों ने जेसीबी, भूकंप विरोधी मकान, चंद्रयान चतुर्थ, रोड रोलर, हृदय संरचना और उसके द्वारा शरीर में किए गए कार्यों का वर्णन, सोलर प्लांट बाइक आदि उपकरणों को बनाकर प्रदर्शित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 8 से 12 के कुल 186 विद्यार्थियों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम के आयोजक एवं केंद्र के डायरेक्टर इंजीनियर इरशाद खान ने बताया कि यह विज्ञान प्रदर्शनी प्रतिवर्ष गत एक दशक से आयोजित की जाती है। प्रदर्शनी में कॉलेज के प्रबंधक डॉ. फैजान खान ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनको प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. अखलाक अहमद, मलिक सुफियान अहमद, सैफुद्दीन मलिक, मलिक अब्दुल अजीज, सग़ीर खाकसार, अहमद फरीद अब्बासी, राजेश कुमार वर्मा, डॉ. अनवार अहमद, प्रिंसिपल फैयाज अहमद, बृजेन्द्र मिश्रा, मीना बानो, तहसीन फारूकी, मलिक फहीमुद्दीन, विवेक श्रवास्तव, जमाल अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## दस व ग्यारह को सरयू मेला का होगा आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर।** महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल द्वारा सरयू मेला 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला एनटीपीसी टांडा की आवासीय कालोनी स्थित रामलीला मैदान में 10 एवं 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। गरिमा महिला मंडल समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्थान के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य करती रहती है।मेले में खान-पान की विविध स्टाल के अतिरिक्त विशेष आकर्षण के लिए कूपन ईनाम की व्यवस्था भी रहेगी। इसके उपरांत विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई ने बताया कि यह मेला 10 फरवरी को सायं 3 बजे प्रारंभ होकर 11 फरवरी, दिन रविवार को रात्रि 10 बजे तक चलेगा। मेले में विविध प्रकार के देशी और विदेशी व्यंजन एवं सेल्फी प्वाइंट भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। मेले में बच्चों के लिए झूला एवं युवाओं के लिए गेम स्टाल को भी तैयार किया जा रहा है। मेले में दोनों दिन विशेष सांकृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

# गोल्डन कार्ड वितरण के लिए लाभार्थी का करेंगे चयनः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा आगामी 09 फरवरी को कप्तानगंज विकास खण्ड के बढनी मिश्र गॉव के प्रस्तावित भ्रमण के मद्देनजर जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने विभागीय अधिकारियों को तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने निर्देश दिया है कि लाभार्थीपरक योजनाओं में चयनित लाभार्थियों को मुख्य सचिव महोदय द्वारा सामग्री का वितरण कराया जायेंगा। उनके द्वारा गॉव का निरीक्षण किया जायेंगा, इसलिए वृहद साफ-सफाई के निर्देश दिये है। स्कूल, आगनबाडी, तालाब की सजावट, पर्यटन कार्य, पौध रोपण का कार्य, मिट्टी की सड़क को ठीक कराने का कार्य ससमय पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होने कहा कि राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा गॉव में 1.40 करोड की लागत से विकास कार्य कराये जा रहे है। मुख्य सचिव द्वारा इसका निरीक्षण किया जायेंगा। इस दौरान उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास, पी.एम. किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा टूलकिट, स्पोर्ट्स किट, गोल्डन कार्ड, ऋण वितरण, कृषि यंत्र, जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत टैप कनेक्शन के चिन्हित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेंगा। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा यथा-विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित एलईडी वैन, स्वास्थ्य कैम्प, स्वीप जागरूकता, कृषि, आईसीडीएस, श्रीअन्न, एनआरएलएम के स्टाल लगाये जायेंगें। उन्होने डीएफओ को निर्देशित किया है कि वहॉ वृक्षारोपण की व्यवस्था कराये। सीएमओ स्वास्थ्य कैम्प आयोजन के साथ-साथ नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैर्ण्डु के तहत सम्मानित भानपुर की स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास विभाग के कर्मचारियों को सम्मानित कराने की व्यवस्था करायेंगे। साथ ही गोल्डन कार्ड वितरण के लिए लाभार्थी का चयन करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। मुख्य सचिव द्वारा गॉव में स्थित प्राइमरी स्कूल, जूनियर हाईस्कूल, एएनएम सेण्टर, मत्स्य तालाब, हेल्थ वेलनेस सेण्टर, आगनबाड़ी केन्द्र एवं पंचायत भवन का निरीक्षण भी किया जा सकता है।

## हरित विद्यालय गतिविधि अन्तर्गत किया वृक्षारोपण

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में विद्यालय के इको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा हरित विद्यालय गतिविधि के अन्तर्गत प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल के निर्देशन में बुधवार को वृक्षारोपण कार्य किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से जहाँ एक तरफ विद्यार्थियों के अंदर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फ़ैलती है वहीं दूसरी तरफ उन्हें प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का बोध होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी ने एक पेड़ को गोद लिया है। वही समय समय पर उनकी देख रेख करेंगे जिससे प्रकृति से उनका जुड़ाव बढ़ेगा एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/ नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय जयेन्द्र कुमार द्वारा भी विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इको क्लब के प्रभारी अश्वनी राय ने बताया कि आज विद्यालय में केन्डुला अशोक, बॉटल पाम, हरसिंगार, चंपा आदि के पेड़ लगाए गए हैं।



## जिले दो नगर निकाय के चेयरमैनों ने थामा भाजपा का दामन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि व नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल पत्नी रवि अग्रवाल ने थामा भाजपा का दामन।

हाल ही में हुए नगर निकाय चुनाव में निर्दल चुनाव जीते जिले के दो चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि व शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल पत्नी रवि अग्रवाल ने प्रदेश मुख्यालय भाजपा कार्यालय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने दोनों लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा दोनों अध्यक्ष का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत है। इनके आने से हमारी पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में अत्यधिक मजबूती मिलेगी। हम सब साथ है और कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करेंगे जिससे पार्टी को और मजबूती मिले। यह पूरी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय ने दी है।

# समूह का ऋण जमा न करने पर एजेंट व उसके सहयोगी महिला के घर बोले धावा

### घर का ताला तोड़कर समान उठा ले जाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिंहपुर में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट के सह पर लोगों ने एक ऋणी महिला के घर धावा बोल दिया। महिला का आरोप है कि एजेंट व उसके सहयोगी द्वारा घर का ताला तोड़कर सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

प्राप्त सूचना के मुताबिक बुधवार की शाम तकरीबन 4 बजे एसीएफएल माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एजेंट जावेद अहमद द्वारा समूह के तमाम सदस्यों के साथ समूह की ऋण दाता गीता देवी के घर पहुंच कर उसके घर का ताला तोड़कर उसका सामान तीतर बितर कर अन्य कीमती सामान उठा ले गए। यह सब देख गीता देवी के बेटे ने अहिरौली बाजार पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां संलिप्त माइक्रोफाइनेंस के एजेंट जावेद अली सहित समूह की अन्य महिलाओं को थाने पर बुलाया। बताया जाता है कि गीता देवी ने माइक्रोफाइनेंस कंपनी से ऋण लिया हुआ है जिसके वसूली के लिए माइक्रोफाइनेंस के एजेंट द्वारा समूह के सिंहपुर गांव निवासी तमाम महिलाओं के साथ उसके घर पहुंचे परंतु गीता देवी घर पर नहीं थी और लोगों ने आक्रोश में घर का ताला तोड़कर सामान को तीतर बितर कर दिया और कुछ कीमती सामान उठा ले गए। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

## जनपद में निराश्रित गौवंश किए संरक्षित

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के विशेष प्रयासों से जनपद में कैटल कैचर के माध्यम से निराश्रित गौवंशों को अभियान चलाकर निकटवर्ती गौशालाओं में संरक्षित किये गए। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित गौवंशों से काफी समस्या उत्पन्न होती थी, आये दिन दुर्घटना होती रहती थी। गौवंशों की शिकायत के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रेल रूम स्थापित किया, जिसमें 24 घंटे कर्मचारियों की तैनात की गई गौवंश से संबंधित कुल 34 शिकायत प्राप्त हुई है, शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित संबंधित अधिकारी पहुंचकर समस्या का निदान कराया गया। विगत 20 दिन से कंट्रेल रूम पर निराश्रित गौवंश से संबंधित एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में लगातार गौवंशों को गौशाला में संरक्षित करने के लिये अभियान चलाकर गौशालाओं में संरक्षित किये जाने के बाद गौशालाओं में निराश्रित गौवंशों की देख-रेख हेतु 24 घण्टे के लिए केयरटेकर नियुक्त किए गए, साथ ही समस्त गौशालाओं में चरही, चरनी, भूसा घर व मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए गए।

## नवनियुक्त बीडीओ का कर्मियों ने किया स्वागत



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा विकास खंड में एडीओ पंचायत बांकेलाल एवं सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता सहित तमाम सफाई कर्मियों ने नव नियुक्त बीडीओ विजय सिंह को फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारी विजय सिंह ने कहा कि खेसरहा आकांक्षी ब्लाक में चयनित हुआ है। इसे सुधारने के लिए सफाई कर्मियों को भी अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना चाहिए। संक्रामक बीमारियां पनपने न पायें इसके लिए गांव गली में साफ सुथरा जरूरी है। इस दौरान एडीओ पंचायत बांकेलाल, आशा राम गौतम, घनश्याम, विनय कुमार, अविनाश यादव, हरिलाल भास्कर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी आज करेगें बांसी माघ मेले का शुभारंभ



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मौनी अमावस्या के पर्व पर बांसी में एक महीने तक चलने वाले माघ मेला का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल गुरुवार की दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोंचार से पूजन करने के बाद करेंगे तत्पश्चात स्वर्गीय पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की प्रतिमा को माल्यार्पण करेंगे। नगर पालिका परिषद बांसी के अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश पटवारी ने बताया है कि माघ मेले की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं माघ मेले में डांस पार्टी, थिएटर, झूला, काला जादू, मौत कुआं आदि आ चुके हैं और तमाम दुकानें भी लग चुकी हैं। मोहम्मद इदरीश पटवारी ने बताया है की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से माघ मेले में थाना कोतवाली बांसी की पुलिस चौकी कायम की गई है और स्वास्थ्य विभाग का कैंप भी लगाया गया है।

# आपदा प्रबंधन को लेकर विद्यालय में बच्चों को किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेस-2 के अंतर्गत संस्था टाइम सेंटर फॉर लर्निंग के द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा विकास क्षेत्र-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर के छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक जनित एवं मानव जनित आपदा के प्रति जागरूक किया गया। बाढ़, भूकंप तेज़ आंधी से बचाव के उपाय बताए गए। मानव जनित आपदा के अंतर्गत एलपीजी गैस का प्रयोग करते समय सिलेंडर को ज्वलनशील वस्तुओं को दूर रखें, बिजली के तारों को घर में ज्वलनशील वस्तुओं से दूर रखें आग लगने की स्थिति में भीगी हुई सूती वस्त्र का प्रयोग करें। द्रव, गैस या बिजली की आग पर पानी का प्रयोग नहीं करना है इसके लिए बालू या धूल या अग्निशमन उपकरण का प्रयोग करें। इसके अतिरिक्त आपदा के अनेक स्वरूप को बताते हुए उनसे जनजीवन को प्रभावित होने से बचाव के उपाय बताए गए।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा ट्रेनर के रूप में धर्मेंद्र यादव (टाइम सेंटर फॉर लर्निंग), फायर सर्विस अशोक पंडित, हेड कांस्टेबल आदेश कुमार, अनुरूध एवं राहुल कुशवाहा आदि लोगों ने बच्चों को जागरूक किया। प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार एवं पवन चौरसिया, मनमोहन, शशि यादव, राकेश कुमार, रेनू, सरोज श्रीवास्तव, राकेश कुमार राज आदि शिक्षक एवं पतीराम, हंसा, कोईला, शांति आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय आपदा मोचक दल के सदस्यों ने सिखाये आपदा प्रबंधन गुण

**उरई जालौन।** आठवीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गाजियाबाद की 06 सदस्य टीम सब इंस्पेक्टर राहुल तेवथिया के नेतृत्व में जनपद जालौन के तहसील उरई में विभिन्न प्राकृतिक और मानव क्रियाकलापों से उत्पन्न आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, आग, रोड एक्सीडेंट आदि से बचाव के उपाय के बारे में बताया साथ ही प्राथमिक चिकित्सा उपचार जैसे ब्लड कंट्रोल, सीपीआर देना, घायल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेक्चर तैयार करना, अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करना एवं रोड सेफ्टी के विषय में जानकारी दी और प्रदर्शन दिखाया। उपजिलाधिकारी उरई सुरेश पाल, तहसीलदार शेर बहादुर एवं पटवारी, लेखपाल और अन्य स्टाफ को उक्त विषय पर अभ्यास भी कराया द्य साथ ही आपात स्थिति में बिल्डिंग को खाली करने की ड्रिल भी कराई, ताकि आपदाओं के समय पूरी तैयारी के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

# डिजिटल एक्सरे प्लेट के अभाव में हाथी दांत साबित हो रही एक्स-रे मशीन

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील अंतर्गत खेसरहा सीएचसी पर जनवरी 2023 में लगाई गई डिजिटल एक्सरे मशीन डिजिटल प्लेट के अभाव में हाथी का दांत साबित हो रही। एक्सरे कराने के लिए हलकान मरीजों के परिजन सीएचसी अधीक्षक को कुव्यवस्था का जिम्मेदार मान बहस करने से बाज नहीं आते। सीएचसी अधीक्षक की माने तो उनके द्वारा कई बार प्लेट के लिए सीएमओ आफिस से पत्राचार किया गया परन्तु नतीजा सिफर रहा।

### जिम्मेदारों की लापरवाही जनता पर भारी

विदित हो कि योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में स्वास्थ्य मंत्री रहे क्षेत्रीय विधायक राजा जयप्रताप सिंह द्वारा जन सुविधाओं के दृष्टिगत खेसरहा सीएचसी के लिए अल्ट्रासाउंड व डिजिटल एक्सरे मशीन की व्यवस्था कराई गई थी। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल उनके द्वारा ही मशीनों का उद्घाटन भी किया गया। क्षेत्रीय लोगों में नजदीक ही अल्ट्रासाउंड व आधुनिक तकनीक की एक्सरे सुविधा मिलने को लेकर बेहद प्रसन्नता थी। परन्तु जिले के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते लोगों की सारी प्रसन्नता काफूर हो गई। सीएचसी अधीक्षक खेसरहा की मानें तो मशीन के अतिरिक्त उन्हें 80 डिजिटल एक्सरे प्लेट मिला था, जो बहुत पहले समाप्त हो गया है। डाक्टर ने जानकारी दिया कि उनके द्वारा जनहित के मद्देनजर अप्रैल 2023 से ही अब तक तीन बार सीएमओ आफिस से उचित माध्यम द्वारा जरिये पत्राचार डिजिटल एक्सरे प्लेट की मांग की गई परन्तु सुनवाई नहीं हो रही है।इस संबंध पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डी.के. चौधरी ने बताया कि जल्द ही एक्स-रे प्लेट की व्यवस्था करा दी जाएगी।

## आईजीआरएस निस्तारण में अम्बेडकरनगर रहा अव्वल

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता आइजीआरएस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद अंबेडकर नगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस रैंकिंग में माह जनवरी 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में जनपद अंबेडकर नगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैआइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक माह जिले की रैंकिंग जारी की जाती है, प्रगति विभागवार दर्ज होती है, इसके अंतर्गत शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना होता है।इसी क्रम में माह जनवरी 2024 की रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें जनपद अंबेडकर नगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी है एवं उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी आगे भी टीम भावना के साथ इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी प्रातः 10 से 12-00 बजे तक जनसुनवाई करें और आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें, और जिससे जनपद आगे भी प्रथम स्थान प्राप्त करता रहे।



## नए प्रभारी के रूप में विजयशंकर ने संभाली कमान

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन थाने के नए प्रभारी निरीक्षक के रूप में विजयशंकर सिंह ने 6 फरवरी को लोटन थाने का कमान संभाले है। पदभार ग्रहण करने के बाद विजयशंकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है थाना क्षेत्र की जनता को अपराध सम्बंधित कोई भी परेशानी होती है तो वे सीधे मुझसे संपर्क कर सकते है। अनावश्यक मुकदमा किसी गरीब पर न दर्ज हो क्राईम पर कंट्रोल करके क्षेत्र में अमन चैन बनाए रखना एवं जनता पुलिस प्रशासन का साथ दे। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा को तैयार रहेगी।

# रोज़गार मेला में 113 का चयन

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** विकास खण्ड परिसर टाण्डा, अम्बेडकर नगर में कौशल विकाश मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया, मुख्य अथिति के रूप में अनिल राय संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी, टाण्डा अम्बेडकरनगर श्रीमती आकांक्षा सिंह सीएम फेलो विकास खण्ड टाण्डा और एस सिद्दीकी जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ एस सिद्दीकी जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को यह अवगत कराया गया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकाँक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पुरूषों के लिए 15 से 35 आयुवर्ग एवं महिलाओं के लिए 15 से 45 आयुवर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन परिवार के युवाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना तथा आर्थिक दृष्टि से स्वालम्बी बनाकर कुशल श्रमशक्ति में सम्मिलित करना है। प्रदेश सरकार द्वारा भी शिक्षित बेरोजगार युवको को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराना है। इसी के तात्कम में आज अम्बेडकर नगर के विकास खण्ड परिसर टाण्डा में इस रोजगार मेले का आयोजन कराया गया है। जिसमें 143 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किये और उसमें से 113 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। समन्वयक द्वारा सभी से अनुरोध किया गया कि जनपद में इसी प्रकार से हर एक विकास खण्डों में रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है। और उस रोजगार मेले मे जो प्रशिक्षित लाभार्थी है वो अधिक से अधिक प्रतिभाग करे, ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

# नवरंग सिंह समेत चार नगर अध्यक्षों ने थामा भाजपा का दामन



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति, विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व से प्रभावित होकर कुशीनगर जिला के चार नगर पंचायत अध्यक्ष बुधवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि ज्वाइनिंग कमेटी के जिला संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह के नेतृत्व में छितौनी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद, मथौली नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप और फाजिलनगर नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सांसद विजय कुमार दूबे, विधायक पीएन पाठक, विवेकानंद पाण्डेय, विनय प्रकाश गोंड, मोहन वर्मा, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, डॉ असीम राय, मनीष जायसवाल सहित भाजपा नेता हरिशंकर राय, पदाधिकारी और कार्यकर्ता चारों नगर पंचायत अध्यक्षों का पार्टी में स्वागत करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## 20 जनवरी के मामले की पांच सदस्यीय कमेटी करेगी जाँच

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** गत बीस जनवरी को पालिका प्रशासन द्वारा भगवान राम के पोस्टर्स कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पर रखकर नगर में लगवाने के मामले में लगातार हो रही किरकिरी से बचने के लिए पालिकाध्यक्ष ने उक्त कार्य मे लिप्त दोषी कर्मचारी के विरुद्ध निलम्बित करने की लिखित रूप से बात की मगर फिर कार्यवाही ठन्डे बस्ते में जाते देख सभासद पूनम सोनी व अन्य ने पालिका प्रशासन के इस रवैय्ये से अपनी नाराज़गी जताई जिससे एक बार पुनः उक्त वायरल वीडियो का जिन्न बाहर आया और उक्त मामले में दो सभासद शकील अहमद पूनम सोनी कर्मचारीशमशाद ज़ुबैर अनूप यादव व नागरिक का पक्ष रखने के लिये पूर्व में चेयरमैन पद के प्रत्याशी रहे दीपक केडिया को जांच कमेटी में रखकर मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की बात की गई है।

## यूपी का बजट

योगी सरकार का आठवां बजट, 7,36.437.71 करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। अयोध्या के धार्मिक उत्सव का असर बजट ये परिलक्षित होता है। योगी ने बजट के बारे में कह शुरूआत मध्य, और अन्त में राम प्रमुख है आज कल किसी का भी भाषण बिना राम के चाहे पक्ष में हो विपक्ष में पूरा नहीं होता है।

अयोध्या में श्रद्धालुओं को भारी भीड़ देख धार्मिक टूरिज्म पर जोर देना स्वाभाविक है। अन्य धार्मिक स्थलों को भी धार्मिक टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये जोर दिया जा रहा है। इससे प्रदेश की आमदनी तो बढ़ेगी ही कई इससे जुड़े सेक्टरों, किसान, युवा रोजगार सृजन, शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया है। बजट में नई योजनायें शुरू करने की मन्शा दिखती है जिसके लिये 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख आवन्टित किया गया है। इसलिये बजट लीक से कुछ हटकर है। बजट का अनुमानित घाटा 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख आंका गया है।

इस साल महाकुम्भ पड़ रहा है। इसमें विदेशी लोगो को भी आकर्षित करने के लिये विश्वस्तरी व्यवस्था बनाने के लिये 2500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजस्व प्राप्ती का अनुमानित आंकड़ा 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख का है। इसमें 1 लाख 14 हजार 31 करोड़ 22 लाख की पूजीगत धनराशि शामिल है। बजट में राजस्व लेखो का खर्च 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख बताया गया है। लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ की शुद्ध प्रप्तियां अनुमानित है।

योगी सरकार धार्मिक पर्यटन पर ज्यादा जोर दे रही है। इसके तहत वाराणसी और विन्ध्य क्षेत्र में खास ध्यान दे रहे है। वाराणसी मण्डल में धार्मिक मार्गे के विकास के लिये 1750 करोड़ की व्यवस्था की है। विन्ध्यवासनी राज्य वि.वि. मुरादाबाद मन्डल में एक राज्य वि.वि. की स्थापना के अर्न्तगत प्रत्येक विश्वविद्यालयों के लिये 51.20 करोड़ रूपये की व्यवस्था की है। प्रमुख शहरों के 2105 करोड़ से मेट्रो से जोड़ा जायेगा।

यूपी में उद्योग बढ़ाने के लिये योगी ने बजट में काफी ध्यान दिया है। गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिये 2057 करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव दिया है। स्टेट हाईवे के लिये 2881 करोड़ की व्यवस्था है। एफडीआई ग्लोबल फारच्यून 500 और इन्डिया फारच्यून 500 कम्पनियों को निवेश के लिये 250 करोड़ रक्खा गया है।

मोदी का महत्वाकांक्षी बजट में दिखता है। अगर प्रस्तावों को सफलता पूर्वक जमीन पर उतार दिया गया तो निश्चित रूप से प्रदेश और यहां के लोगों पर सार्थक प्रभाव पड़ेगा। आर्थिक उन्नति परिलक्षित होगी, रोजगार श्रृजन बढ़ेगा। युवकों की बेगारी में सराहनीय गिरावट आयेगी। योगी के प्रशासनिक और प्रबन्ध क्षमता पर किसी को शक नही है। अब तक की उपलब्धियां गवाह है।

भारत जोड़ों यात्रा के पश्चिम बंगाल में प्रवेष करते ही ममता बैनर्जी ने राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले लड़ने की घोषणा कर दी। वे इस बात से नाराज बताई जा रही हैं कि न्याय यात्रा के पूर्व उनके आग्रह के बावजूद भी राहुल गांधी ने उनसे फोन पर बात नहीं की। बीतों दिन ही ममता दीदी का एक बयान सामने आया जिसमें वह कह रही हैं कि कांग्रेस लोकसभा की 40 सीटें भी नहीं जीत सकेगी। उन्होंने चुनौती दी कि यदि उसमें हिम्मत है तो वह भाजपा को वाराणसी और प्रयागराज में परास्त करके दिखाए। उन्होंने ये ताना भी मारा कि वह न जाने किस अहंकार में जी रही है।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा के संकेत शुभ नहीं

ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा की षुरूआत मंगल मुर्हूत में नहीं हुई। क्योंकि जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ रही है, कांग्रेस के लिए अषुभ खबरें ही आ रही हैं। महाराष्ट्र में मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी। बिहार में नीतीष कुमार एनडीए का हिस्सा बन गए। झारखण्ड में यात्रा के पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री


राजेश माहेश्वरी

हेमंत सोरेने को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में इंडिया गठबंधन तो चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही बिखरता और टूटता दिख रहा है। यहां तक तो गनीमत थी, हालात इस हद तक पहुंच गए हैं कि, इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दल ही कांग्रेस की राजनीतिक क्षमता और शक्ति पर सवालिया निशान लगाने लगे हैं। जनवरी के आखिर में राहुल गांधी जब बिहार में न्याय यात्रा लेकर पहुंचने वाले थे, तो इस बात की चर्चा थी कि इसमें नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। हालांकि, बिहार में राहुल की एंट्री से पहले ही नीतीश कुमार अपनी पार्टी जेडीयू संग पाला बदलते हुए एनडीए में शामिल हो गए। नीतीश भी ममता की तरह ही सीट बंटवारे में हो रही देरी की वजह से नाराज थे। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि नीतीश इंडिया गठबंधन के संयोजक नहीं बनाए जाने से भी नाराज चल रहे थे। नीतीश के जाने के बाद बिहार में इंडिया गठबंधन की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है, जिससे उबरने में काफी वक्त लगने वाला है।

भारत जोड़ों यात्रा के पश्चिम बंगाल में प्रवेष करते ही ममता बैनर्जी ने राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले लड़ने की घोषणा कर दी। वे इस बात से नाराज बताई जा रही हैं कि न्याय यात्रा के पूर्व उनके आग्रह के बावजूद भी राहुल गांधी ने उनसे फोन पर बात नहीं की। बीतों दिन ही ममता दीदी का एक बयान सामने आया जिसमें वह कह रही हैं कि कांग्रेस लोकसभा की 40 सीटें भी नहीं जीत सकेगी। उन्होंने चुनौती दी कि यदि उसमें हिम्मत है तो वह भाजपा को वाराणसी और प्रयागराज में परास्त करके दिखाए। उन्होंने ये ताना भी मारा कि वह न जाने किस अहंकार में जी रही है। हालांकि वे काफी पहले से ही राहुल और कांग्रेस को अक्षम बता चुकी थीं। विपक्षी मोर्चा बनने के बाद उन्होंने कांग्रेस से साफ कह दिया कि वे उसके लिए वही दो सीटें छोड़ेगी जिन पर 2019 में वह जीती थी। वास्तव में, भारत जोड़ों न्याय यात्रा से उनकी खुन्नस इसलिए भी बढ़ी क्योंकि उसमें वामपंथी शामिल हुए। नीतीश कुमार के पाला बदल लेने के बाद ममता ही इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी नेता कही जा सकती हैं जिनका पष्चिम बंगाल के अलावा एक दो राज्यों में कुछ प्रभाव है।

महाराष्ट्र में मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने से यह सवाल उठ रहा है कि क्या उनके इस कदम से पार्टी पर प्रभाव पड़ सकता है। इस समय कांग्रेस इंडिया अलायंस में शामिल अन्य दलों के साथ सीट-बंटवारे की योजना पर चर्चा कर रही है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस



जैसी दलों से ज्यादा-ज्यादा हासिल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। ऐसे में मिलिंद का पार्टी से अलग होना महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट शेयरिंग में कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर सकता है। इसके अलावा पार्टी राजस्थान में सचिन पायलट के विद्रोह जैसी शर्मनाक स्थितियों से बचने की कोशिश कर रही है। मिलिंद देवड़ा राज्य में कांग्रेस की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। उनके जाने से यहां न सिर्फ कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी, बल्कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला शिवसेना गुट मजबूत हुआ है। शिंदे गुट को एक अनुभवी राजनेता मिला है। इतना ही नहीं मिलिंद के रूप में कांग्रेस ने एक ऐसा नेता खोया है, जो अपने चुनावी ट्रैक रिकॉर्ड के हिसाब से 2024 में एक संभावित सांसद हो सकते थे।

इंडिया गठबंधन के लिए ताजा मुसीबत झारखंड में पैदा हुई है। कांग्रेस और जेएमएम झारखंड में सहयोगी हैं और जेएमएम इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। राहुल की यात्रा के झारखंड में आने से पहले ही हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी की वजह से इंडिया गठबंधन को काफी नुकसान पहुंचा है। बात अगर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की कि जाए तो वे अपने राज्य के अलावा पांडिचेरी तक ही सिमटे हैं। एनसीपी के दिग्गज शरद पवार का करिश्मा भी ढलान पर है। भतीजे अजीत की बगावत के बाद विपक्षी गठबंधन के बजाय उन्हें अपनी बेटी सुप्रिया सुले के राजनीतिक भविष्य की चिंता सताए जा रही है। कहा तो ये भी जा रहा है कि अजीत के भाजपा में जाने की योजना भी चाचा की ही तैयार की हुई थी। देर-सवेर अपनी बेटी के राजनीतिक भविष्य को सुरक्षा चक्र प्रदान करने के लिए वे भी भाजपा और पीएम मोदी के मोहपाश में फंस जाएं तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार विपक्षी गठबंधन के तमाम घटक जिस प्रकार अपनी ढपली अपना राग लेकर घूम रहे हैं वह उसके भविष्य को लेकर आशंकित कर रहा है। ममता के सभी सीटों पर लड़ने के ऐलान के बाद जब राहुल ने सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत चलने जैसी टिप्पणी करते हुए उनकी नाराजगी दूर करना चाहा तो तृणमूल नेत्री ने कांग्रेस को 40 सीटें मिलने की भविष्यवाणी कर दूध में नींबू निचोड़ दिया। महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे भी कांग्रेस को बड़ा भाई मानने राजी नहीं हो रहे। आम आदमी पार्टी ने पंजाब के बाद हरियाणा में भी अकेले लड़ने की धौंस दिखा दी। 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समूचे देश में जो स्वतःस्फूर्त वातावरण निर्मित हुआ उसने कांग्रेस को पिछले पैरों पर धकेल दिया। उक्त आयोजन का आमंत्रण मिलने के बावजूद उसमें शामिल नहीं होने के उसके निर्णय को राजनीतिक विश्लेषक बहुत बड़ी गलती मान रहे हैं। यद्यपि षरद पवार और ममता सहित ज्यादातर विपक्षी नेता उस दिन अयोध्या नहीं गए किंतु पूरे देश में कांग्रेस जन जिस उत्साह के साथ राम नाम की माला जपते दिखे उसके बाद ये साफ हो गया कि पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता ही नहीं अपितु नेतागण भी राम मंदिर निर्माण के कारण पैदा हुई हिन्दू लहर से भयाक्रांत हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम तो खुले आम पार्टी लाइन के विरुद्ध बोलते जा रहे हैं। और तो और वे प्रधानमंत्री को अपने एक आयोजन का निमंत्रण पत्र देने उनसे भेंट तक कर आए।

हैरान करने वाली बात ये है कि विपक्षी गठबंधन में आ रही दरारों को भरने की फुरसत किसी नेता को नहीं है। नीतीश कुमार इसमें सक्षम थे किंतु वे कांग्रेस के रवैये और इंडिया गठबंधन में ज्यादा भाव न मिलने के चलते भाजपा के साथी बन गए हैं। शरद पवार अपना घर ही नहीं संभल पा रहे हैं। जहां तक बात ममता की है तो उनके साथ किसी की पटरी नहीं बैठती। मल्लिकार्जुन खरगे का पूरा ध्यान न्याय यात्रा पर है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के मसलों को सुलझाने और विपक्षी एकता के लिए समय नहीं दे पा रहे हैं। देष की संसद को सर्वाधिक 80 सीटें देने वाले राज्य में अभी कांग्रेस और सपा के बीच सीटों का बंटवार अंतिम निर्णय तक पहुंच नहीं पाया है। जो हालात हैं उससे इर बीतते दिन के साथ दोनों दलों के बीच खटास और दूरियां बढ़ेंगी ही। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फल क्या होगा, ये तो आने वाला कल ही बताएगा।

## पशु प्रधान देश में पशुओं के लिए सुविधाओं का अभाव

प्रतिभा

भारत को कृषि और पशु प्रधान देश माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पशु का काफी महत्त्व है। विशेषकर गाय, बैल और बकरी जैसे जानवरों का काफी महत्त्व है। इनमें गाय का विशेष स्थान है। यह न केवल दूध देती है बल्कि यह पूजनीय भी है। हमारे देश में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है। यही कारण है कि उसके लिए न लोगों की विशेष संवेदनाएं जुड़ी हुई हैं। देश के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ गायों के लिए गौशाला की व्यवस्था की गई है। जहां बीमार, लाचार और आवारा गायों को न केवल संरक्षण दिया जाता है बल्कि उनकी सेवा भी की जाती है। ऐसा ही एक गौशाला राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के ढाणी भोपालराम गांव में भी बनाया गया है। जहाँ बीमार, लाचार और आवारा गायों की न केवल देखरेख की जाती है बल्कि उनकी सेवा भी की जाती है। जहां उन्हें समय पर चारा पानी दिया जाता है और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था भी की जाती है।

इस क्षेत्र में कई ऐसे भामाशाह हैं जो इन गायों की सेवा के लिए आर्थिक रूप से मदद करते हैं। वहीं कई ऐसे स्थानीय लोग भी हैं जो निजी रूप से गायों की सेवा के लिए अपनी ज़मीन पर गौशाला की व्यवस्था की है। इसके लिए स्थाई रूप से जानवर के डॉक्टर भी नियुक्त किये जाते हैं जो समय समय पर इन बूढ़ी और बीमार गायों का इलाज करते हैं। इन्हीं में एक आरती शर्मा भी हैं। जिन्होंने गायों की सेवा के लिए अपनी निजी ज़मीन पर गौशाला का निर्माण कराया है। यहां बड़ी संख्या में गाय हैं। जिनके चारा की व्यवस्था की जाती है। उनके लिए डॉक्टरों की एक टीम की भी तैनाती की जाती है जो समय समय पर इनका इलाज करते हैं और आवश्यकतानुसार इनके लिए दवाइयां तैयार करते हैं। आरती शर्मा बताती हैं कि उन्हें शुरू से गायों से बहुत लगाव रहा है। यही कारण है कि इसके लिए उन्होंने अपनी निजी ज़मीन दे दी है। जहाँ बड़ी संख्या में गाएं रहती हैं। उन्होंने बताया कि न केवल वह बल्कि आसपास के बच्चे भी बड़ी संख्या में यहाँ आते हैं और गायों को रोटी या अन्य चारा खिलाते हैं। इसी प्रकार करीब 25 वर्ष पूर्व सीताराम शर्मा ने भी गायों की देखभाल के लिए गौशाला का निर्माण कराया था। जहाँ बड़ी संख्या में गायें रहती हैं। सीताराम शर्मा के बाद अब भागीरथ शर्मा इस गौशाला की देखभाल करते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय इस गौशाला में करीब तेरह सौ गायें हैं। जिनकी देखभाल के लिए हर समय तीन डॉक्टर तैनात रहते हैं। वहीं इस गौशाला में राजेंद्र कुमार, लालचंद और प्रभुदयाल जैसे सेवक हैं जो पिछले कई वर्षों से इस गौशाला में रहकर गायों की सेवा कर रहे हैं। प्रभुदयाल जहां दस वर्षों से हैं वहीं लालचंद इस गौशाला में पिछले 22 वर्षों से गायों की सेवा कर रहे हैं। लालचंद बताते हैं कि उन्हें गायों की सेवा में बहुत आनंद आता है। इस गौशाला की सभी गायें उन्हें पहचानती हैं और उनके लिए बच्चे की तरह हैं। उन्होंने बताया कि इन गायों पर प्रति महीने करीब 70 क्विंटल चारा खर्च होता है, जिस पर करीब तीस लाख रुपए प्रति माह खर्च आता है। यानी एक दिन में तक़रीबन एक लाख का खर्च होता है। उन्होंने बताया कि इस गौशाला में 20 स्टाफ काम करते हैं। जो दिन रात इन गायों की सेवा करते हैं।

उन्होंने बताया कि जिस प्रकार गांव के लोग पानी की समस्या का सामना कर रहे हैं उसी प्रकार इस गौशाला में भी गायों को पानी की किल्लत का सामना करना पडता है। जिसके लिए प्रति दिन पानी का टैंकर मंगवाना पड़ता है। ताकि गौशाला में पानी की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस गौशाला में कई विकलांग और गंभीर बीमारी से ग्रसित गायें भी रहती हैं। जिनके इलाज का उचित प्रबंध किया जाता है। लालचंद ने बताया कि इस गौशाला में करीब 100 नेत्रहीन गायें भी हैं। जिसने विशेष ख्याल रखा जाता है। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए चौबीस घंटे कर्मचारी तैनात रहते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे भी गायें हैं जिसके रीढ़ की हड्डी टूटी होती हैं। लेकिन गांव में जानवर का अस्पताल नहीं है ऐसे में उन्हें नागौर के पशु अस्पताल ले जाया जाता है। जिसपर काफी खर्चा आता है। स्थानीय लोग और युवा इस गौशाला का विशेष ध्यान रखते हैं। स्थानीय बच्चों को यह जगह काफी पसंद आती है। अक्सर कई बच्चे यहाँ आते हैं और गायों को चारा खिलाते हैं। उन्होंने बताया कि यहां केवल गायों का ही इलाज किया जाता है। इन गायों के लिए फसल की कटाई के बाद उसके अवशेष चारा के काम आते हैं। इस प्रकार किसान पराली न जलाकर उसका उपयोग गौशाला के लिए करते हैं। इससे एक तरफ जहाँ इन बेसहारा और बेज़ुबान गायों को चारा उपलब्ध हो जाता है।

# लैंगिक भेदभाव से मुक्त नहीं हुआ ग्रामीण समाज

दीदी, हमको भी पढ़ने का बहुत मन करता है। लेकिन मम्मी-पापा स्कूल जाने नहीं देते हैं, कहते हैं पढ़ कर का करेगी। चूल्हा-चौका सीख लेगी तो ससुराल में काम आएगा। घर का काम नहीं सीखेगी तो ससुराल वाले हमें बुरा कहेंगे। आप बताइए दीदी, क्या हम लड़कियों का जन्म खाली (केवल) ससुराल की सेवा करने के लिए हुआ है? क्या हमारी कोई इच्छा नहीं है? मेरे भाई को प्राइवेट स्कूल में भेजते हैं लेकिन हमको (मुझे) सरकारी


सीमा कुमारी

स्कूल तक में जाने नहीं देते हैं। यह सख्त सवाल 16 वर्षीय सुमन के थे, जिसका जवाब मेरे पास नहीं था। सुमन बिहार में महात्मा बुद्ध की धरती कहे जाने वाले प्रसिद्ध गया ज़िले के कैशापी पुरानी डिह गांव की रहने वाली किशोरी है। यह गांव जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर डोभी ब्लॉक के अंतर्गत है।

इस गांव में करीब 633 परिवार रहते हैं। जिसकी कुल आबादी लगभग 3900 है। इतनी बड़ी आबादी वाला यह गांव 11 टोला में बंटा हुआ है। अनुसूचित जाति बहुल इस गांव में करीब 1600 अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग परिवार रहता है। यहां की अधिकतर आबादी खेती किसानी से जुड़ी हुई है। ज़्यादातर परिवार खेती किसानी से जुड़ा हुआ है। जिनके पास खेती लायक ज़मीन नहीं है वह रोज़गार के अन्य साधन से जुड़े हुए

> सोनी पासवान कहती है कि मेरा स्कूल में नाम तो लिखा दिया गया है लेकिन बहुत कम स्कूल जाने दिया जाता है। मां कहती है कि तू स्कूल चली जाएगी तो छोटे भाई बहन को कौन संभालेगा? घर का काम कौन करेगा? वह बताती है कि उसके माँ-बाप दैनिक मजदूर हैं। वह प्रतिदिन सुबह मजदूरी करने चले जाते हैं और देर शाम वापस लौटते हैं। ऐसे में उनके पीछे चार छोटे भाई-बहनों की देखभाल और खाना बनाने की सारी जिम्मेदारी सोनी की होती है। बड़े होकर टीचर बनने का ख्वाब देखने वाली सोनी को जब भी अवसर मिलता है वह पढ़ने बैठ जाती है। यह स्थिति केवल सुमन, ज्योति या सोनी के साथ ही नहीं है, बल्कि इस गाँव में निम्न जाति की लगभग सभी लड़कियों के साथ है। उन्हें स्कूल जाने की बजाए घर में रहकर घर के कामों को करने और अपने से छोटे भाई-बहनों को संभालने की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है।

हैं। ज़्यादातर लोग रोज़गार के लिए दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, सूरत और गुरुग्राम पलायन करते हैं। कैशापी पुरानी डिह में साक्षरता की दर लगभग 58 प्रतिशत है। इसमें महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 27 प्रतिशत है। यह अंतर केवल साक्षरता की दर में ही नहीं बल्कि सोच में भी नजर आता है। यहां का ग्रामीण समाज लैंगिक भेदभाव से आज़ाद नहीं हुआ है। गाँव की 16 वर्षीय ज्योति कहती है कि हम लड़कियों के साथ इस प्रकार का भेदभाव आम है। हमारे माता-पिता को हमारी शिक्षा से अधिक चिंता घर का कामकाज सिखाने की रहती है। वह शिक्षा के महत्व नहीं जानते हैं। इसीलिए वह हमारे स्कूल जाने के बारे में नहीं सोचते हैं। लेकिन यदि हमें अवसर मिले तो हम लड़कियां भी बता सकती हैं कि हम लड़कों से कम नहीं हैं।

कक्षा 6 में पढ़ने वाली सोनी पासवान कहती है कि मेरा स्कूल में नाम तो लिखा दिया गया है लेकिन बहुत कम स्कूल जाने दिया जाता है। मां कहती है कि तू स्कूल चली जाएगी तो छोटे भाई बहन को कौन संभालेगा? घर का काम कौन करेगा? वह बताती है कि उसके माँ-बाप दैनिक मजदूर हैं। वह प्रतिदिन सुबह



मजदूरी करने चले जाते हैं और देर शाम वापस लौटते हैं। ऐसे में उनके पीछे चार छोटे भाई-बहनों की देखभाल और खाना बनाने की सारी जिम्मेदारी सोनी की होती है। बड़े होकर टीचर बनने का ख्वाब देखने वाली सोनी को जब भी अवसर मिलता है वह पढ़ने बैठ जाती है। यह स्थिति केवल सुमन, ज्योति या सोनी के साथ ही नहीं है, बल्कि इस गाँव में निम्न जाति की लगभग सभी लड़कियों के साथ है। उन्हें स्कूल जाने की बजाए घर में रहकर घर के कामों को करने और अपने से छोटे भाई-बहनों को संभालने की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। कई बार ज्यादा आमदनी के लिए माता-पिता उन्हें अपने साथ मजदूरी पर भी ले जाते हैं। ऐसे में इन लड़कियों का शिक्षा प्राप्त करने का ख्वाब अधूरा रह जाता है। दूसरी ओर इस समुदाय में लड़कों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। लड़कियों को जहां पराया धन मान कर शिक्षा प्राप्त करने से रोका जाता है, वहीं दूसरी ओर लड़के को वंश का उत्तराधिकारी समझा जाता है।

हालांकि इसी गाँव में कुछ घर उच्च जाति के भी हैं, जहां परिस्थिती इससे अलग देखने को मिलती है। उच्च जाति की लगभग सभी लड़कियां स्कूल और कॉलेज जाती हैं। उन्हें शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अवसर मिलता है। अभिभावक लड़कों के समान ही उन्हें पढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। लेकिन जागरूकता के अभाव में निम्न जाति में अभी भी शिक्षा के प्रति उदासीनता नजर आती है। माता-पिता को लड़कियों को पढ़ाने से कहीं अधिक घर के कामों को सिखाने की चिंता रहती है। निम्न समुदाय की इन लड़कियों दोहरे भेदभाव का सामना करनी पड़ती है। कक्षा 9 में पढ़ने वाली रौशनी बताती है कि जब भी हम स्कूल जाते हैं तो उच्च जाति के शिक्षक न केवल हमारा मज़ाक उड़ाते हैं बल्कि हमारे साथ भेदभाव भी करते हैं। शिक्षक कहते हैं कि तुम लड़कियां पढ़ कर क्या करोगी? कौन सा कलेक्टर बन जाओगी?÷ वह बताती है कि स्कूल में हमारे लिए पानी की अलग व्यवस्था की जाती है। हमें उच्च जाति की लड़कियों के साथ बैठने भी नहीं दिया जाता है। यहां तक कि पीने का पानी भी अलग है। एक बार एक लड़की ने उच्च जाति के नल से पानी भर लिया था तो एक शिक्षक ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी थी, जिससे उसका हाथ टूट गया था। लेकिन उनकी दबंगता के कारण किसी ने उनके खिलाफ कंप्लेन करने की हिम्मत नहीं दिखाई।

बहरहाल, बिहार सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। खास बात यह है कि इसमें अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा के लिए कई प्रकार की विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बावजूद इस समुदाय में लड़कियों की शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच इसकी महत्ता को कमजोर बना देता है।

लड़कियों की शिक्षा के प्रति ऐसी सोच दरअसल जागरूकता की कमी के कारण है। ऐसे में सरकार को योजनाओं के संचालन के साथ साथ गाँव में माता-पिता के साथ जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। उन्हें यह बताने की आवश्यकता है कि लैंगिक भेदभाव न केवल लड़कियों के सर्वांगीण विकास में बाधक है बल्कि देश की तरक्की में भी रोड़ा है क्योंकि आधी आबादी को नज़रंदाज़ कर कोई भी समाज या देश विकसित नहीं बन सकता है। (चरखा फीचर)

# सम्पूर्ण जीर्णोद्धार की राह पर कांग्रेस

स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी इन दिनों एक साथ कई मोर्चों पर संघर्षरत है। सत्ता का विपक्ष के प्रति दुश्मनों जैसा व्यवहार जहाँ कांग्रेस व कांग्रेस नेताओं के लिये चुनौती बना हुआ है वहीं कांग्रेस अपनी पार्टी में ही पल रहे आस्तीन के साँपों से भी जूझ रही है। अनेक अवसरवादी नेता समय समय पर किसी न किसी बहाने से न केवल कांग्रेस छोड़कर बल्कि कांग्रेस की राजनैतिक विचारधारा को भी त्याग कर धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के बजाय साम्प्रदायिकता की डुगडुगी पीटने में लगे हैं। अनेक भ्रष्ट कांग्रेसी नेता


तनवीर जाफ़री

भी पार्टी छोड़कर भयवश सत्ता की आग़ोश में जा बैठे हैं और किसी जांच एजेंसी का सामना करने के बजाये सुविधापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि नवगठित इंडिया गठबंधन के कई क्षेत्रीय घटक दल भी सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस को कमतर आंकने की कोशिश कर रहे हैं। गोया ऐसे वक़्त में जबकि इंडिया गठबंधन को एकजुट व मज़बूत होने का सन्देश देना चाहिये ऐसे वक़्त में कई विपक्षी क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस का ही हौसला पस्त करने में लगे हैं।

उधर इन्हीं विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक की लगभग 6,700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। इस यात्रा की शुरुआत में ही

> जोड़ो न्याय यात्रा को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सहयोग व समर्थन मिलना चाहिये वहां भी वीरभूमि और मुर्शिदाबाद जैसे ज़िलों में परीक्षा के बहाने यात्रा की अनुमति नहीं दी गयी। सीट शेयरिंग के नाम पर भी ममता बनर्जी अपना स्टैंड लगभग साफ़ कर चुकी हैं कि वे बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। इसके पहले ममता ने कांग्रेस को मात्र दो सीटों देने का प्रस्ताव किया था जो कांग्रेस ने नामंज़ूर कर दिया है। इतना ही नहीं बल्कि ममता ही यह भी कह चुकी हैं कि कांग्रेस यदि 300 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ती है तो इनमें से 40 सीटें भी नहीं जीत सकती। उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से 20 सीटें मांगी थीं। परन्तु अखिलेश यादव ने कांग्रेस को केवल 11 सीटें देने की ही घोषणा की।

इंडिया गठबंधन के प्रारंभिक सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खेला हो गया और वे अपने पुराने केंचुल में जा बसे। असम में न्याय यात्रा को राज्य सरकार का क़दम क़दम पर तरह तरह का विरोध सहना पड़ा। कहीं यात्रा के इजाज़त नहीं मिली तो कहीं पुलिस में राहुल के विरुद्ध एफ़ आई आर दर्ज हुई। यहाँ तक कि बंगाल में जहाँ भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सहयोग व समर्थन मिलना चाहिये वहां भी वीरभूमि और मुर्शिदाबाद जैसे ज़िलों में परीक्षा के बहाने यात्रा की अनुमति नहीं दी गयी। सीट शेयरिंग के नाम पर भी ममता बनर्जी अपना स्टैंड लगभग साफ़ कर चुकी हैं कि वे बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। इसके पहले ममता ने कांग्रेस को मात्र दो सीटों देने का प्रस्ताव किया था जो कांग्रेस ने नामंज़ूर कर दिया है। इतना ही नहीं बल्कि ममता ही यह भी कह चुकी हैं कि कांग्रेस यदि 300 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ती है तो इनमें से 40 सीटें भी नहीं जीत सकती। उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से 20 सीटें मांगी थीं। परन्तु अखिलेश यादव ने कांग्रेस को केवल 11 सीटें देने की ही घोषणा की। अब ख़बर है कि कांग्रेस व सपा में 13 सीटों पर सहमति बन चुकी है। इसी तरह



दिल्ली में तो आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस की सीट शेयरिंग की ख़बर है जिसके अनुसार कांग्रेस 4 पर जबकि आम आदमी पार्टी 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। परन्तु संभवतः पंजाब में इन्हीं दोनों दलों में सीट शेयरिंग न हो सके और दोनों दल आमने सामने चुनाव लड़ें। आम आदमी पार्टी तो हरियाणा, असम, गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस से सीटें मांग रही है।

परन्तु इन सबसे इतर असम हो या बंगाल या बिहार अथवा झारखण्ड जहाँ से भी राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुज़र रही है लगभग हर जगह कांग्रेस पार्टी को भारी जनसमर्थन हासिल हो रहा है। कहीं कहीं तो जनसभाओं में लाखों की भीड़ इकट्ठी होकर राहुल गाँधी व कांग्रेस नेताओं की बातों को सुन रही है। परन्तु चाटुकार गोदी मीडिया ने राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूरी तरह ब्लैक आउट कर रखा है। गोदी मीडिया को इंडिया गठबंधन में किसी तरह की मनमुटाव की ख़बरों को तो मिर्च मसाला लगाकर परोसने में ख़ूब मज़ा आता है परन्तु उसे राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़ती भीड़ व उसकी सफलता नज़र नहीं आती। इससे पहले भी जब राहुल ने 7 सितम्बर 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिये यात्रा निकली थी तब भी गोदी मीडिया ने कोई तवज्जोह नहीं दिया था।

इंडिया गठबंधन में अनेक सहयोगी दलों के नखरे,सत्ता का दबाव और साथ ही कांग्रेसी विभीषणों का सामना और इसी बीच भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही राहुल गाँधी का कांग्रेस द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये यह कहना कि- मैं चाहता हूं कि हिमंत बिस्वा सरमा और मिलिंद देवड़ा जैसे लोग कांग्रेस से चले जाएं, मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। हिमंत एक विशेष प्रकार की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं, यह कांग्रेस पार्टी की राजनीति नहीं है। लिहाज़ा ऐसे नेताओं को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए, क्योंकि वे इसकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। तमाम नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी छोड़कर जाने के दौरान ही राहुल का अवसरवादियों को दिया जाने वाला स्पष्ट सन्देश अत्यंत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस को बचने के लिये राहुल को जिस दौर में थाली के बैंगनों की मान मनौव्वल की कोशिश करनी चाहिये उन्हें राहुल का पार्टी छोड़कर जाने का सीधा सन्देश देने का अर्थ है कि कांग्रेस और नेहरू गाँधी परिवार दोनों ही कांग्रेस की मूल गांधीवादी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन करने के लिये प्रतिबद्ध है। ऐसे में वह ज़मीर फ़रोश नेता जिनकी कोई वैचारिक रीढ़ नहीं बल्कि उन्हें सिर्फ़ सत्ता प्यारी है, उनके लिये कांग्रेस ने बाहर जाने के रास्ते खुले रखे हैं।

ममता बनर्जी हों या अखिलेश यादव इन्हें अपनी क्षेत्रीय राजनीति में मज़बूत पकड़ पर तो गर्व हो सकता है परन्तु कन्याकुमारी से कश्मीर तक और अब मणिपुर से मुंबई तक जिसतरह कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सड़कों पर उतर कर अपना जनाधार प्रदर्शित किया है कोई भी क्षेत्रीय दल तो क्या सत्तारूढ़ भाजपा भी नहीं कर सकती। वर्तमान समय में सत्ता के अनेक हथकंडों से आहत विपक्ष ख़ासकर कांग्रेस के लिये, देश में गांधीवादी मूल्यों की रक्षा की ख़ातिर इंडिया गठबंधन को एकजुट रखना व सीट बंटवारे जैसे संवेदनशील मुद्दे पर गठबंधन में सहमति बनाना बेशक वर्तमान समय में कांग्रेस की मजबूरी है। परन्तु हक़ीक़त यही है कि राष्ट्रीय स्तर पर केवल कांग्रेस पार्टी ही क्षेत्रीय धर्मनिरपेक्ष दलों को साथ लेकर राष्ट्रीय स्तर पर साम्प्रदायिक शक्तियों का मुक़ाबला कर सकती है। शायद भविष्य की इन्हीं तैयारियों व हौसलों के साथ कांग्रेस पार्टी इस समय सम्पूर्ण जीर्णोद्धार की राह पर चल रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# 17 महानगरों को भी सोलर सिटी बनाएगी योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता



- अयोध्या में 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू
- 2025-26 में आउटसोर्स कर्मियों को 20 परसेंट तक मिलेगा परफॉर्मेंस इंसेंटिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित कर रही सरकार अयोध्या और वाराणसी के साथ 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित करेगी। महानगरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद योगी सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने अयोध्या को प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस पर तेजी से कार्य चल रहा है, जबकि वाराणसी में भी बड़े पैमाने पर सोलर प्लांट लगाने की तैयारी शुरू हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को एक सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनकर सामने आएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। अयोध्या को हमारी सरकार सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। इसकी शुरुआत भगवान राम के चरणों से हुई है तो स्वाभाविक रूप से सफलता और बेहतर मिलेगी। अयोध्या के सर्किट हाउस की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लग चुका है।

अयोध्या में 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होने लगा है और बाकी 40 मेगावाट का प्लांट लग चुका है जिसका उत्पादन भी जल्द होने लगेगा। ऊर्जा मंत्री ने अयोध्या में सोलर सिटी को लेकर हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अयोध्या में 2500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट्स सौर एनर्जी से संचालित होने लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अयोध्या में सोलर बोट का शुभारंभ कर दिया है। कई स्थानों पर वाटर एटीएम सौर ऊर्जा से चलायमान हैं। अयोध्या में लगभग 40 चौराहे ऐसे हैं जहां सोलर ट्री लगाए गए हैं।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अयोध्या को हमने सोलर सिटी बना दिया है और अगला लक्ष्य सरकारी इमारतों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का है। पीएम मोदी के निर्देश पर और सीएम योगी के नेतृत्व में वाराणसी में 25 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य मिला है। इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है और जल्द ही अयोध्या की तर्ज पर वाराणसी को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित कर लिया जाएगा। यही नहीं, अयोध्या और वाराणसी की तर्ज पर राज्य के 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में भी सोलर प्लांट लगाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में चार्जिंग स्टेशन लगाए जाने के लिए कहा कि जल्द ही इसका रोडमैप शेयर किया जाएगा। प्रदेश में व्यापक पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी है, क्योंकि जब तक चार्जिंग स्टेशन नहीं बनेंगे तब तक लोग ईवी का उपयोग नहीं करेंगे। ऐसे में यह सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यूपीपीसीएल कारपोरेशन के द्वारा राजस्व (थ्रू-रेट) में वृद्धि के आधार पर आउटसोर्स कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव देने की व्यवस्था (प्रोत्साहन योजना) लागू की गई है। प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए उपकेंद्रों के संविदा कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव के तौर पर माह में मिलने वाले पारिश्रमिक पर वर्ष 2024-25 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि दी जाएगी। पुनः यदि उन्हीं उपकेंद्रों पर वर्ष 2024-25 के सापेक्ष आपूर्ति की गई विद्युत के सापेक्ष राजस्व (थ्रू-रेट) में वृद्धि होती है तो वर्ष 2025-26 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि अतिरिक्त (अर्थात कुल 20 प्रतिशत इंसेंटिव) दी जाएगी। विभागीय कार्य के दौरान मृत्यु होने की दशा में मिलने वाली अनुग्रह राशि को कारपोरेशन द्वारा 5 लाख से बढ़ाकर 7.50 लाख रुपए कर दिया गया है।

# दुनिया के टॉप 500 शिक्षण संस्थानों में शोध कर सकेंगे बीएचयू के शिक्षक



**लखनऊ।** बीएचयू के शिक्षक अब दुनिया के टॉप 500 शैक्षिक संस्थानों में शिक्षण और शोध कार्य कर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से ग्लोबल एक्सपीरियंस फैकल्टी प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। इससे जहां शिक्षकों को एक साल तक उत्कृष्ट संस्थानों में शिक्षण और शोध का अवसर मिलेगा वहीं वैश्विक संस्थाओं के साथ बीएचयू की साझेदारी को भी गति मिलेगी। खास बात यह है कि चयनित शिक्षकों को इसके लिए 3000 अमेरिकी डॉलर मासिक राशि और यात्रा व्यय की राशि भी दी जाएगी।

नई शिक्षा नीति 2020 में भारतीय उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने पर जोर दिया गया है। इस दिशा में बीएचयू की ओर से पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षिक व शोध गतिविधि को लेकर समझौते किए गए हैं।

कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन का कहना है कि इस नई पहल के तहत टाइम्स हायर एजुकेशन अथवा क्यू-एस रैंकिंग के आधार पर शीर्ष 500 संस्थानों में शिक्षकों को एक वर्ष तक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। अपने शैक्षणिक करियर में सीमित अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले युवा शिक्षक इस योजना का लाभ ले सकेंगे। यह योजना विश्वविद्यालय के सदस्यों के लिए उन्नति व उत्कृष्टता के नए अवसर दिलाएगी।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

आईओई- बीएचयू के समन्वयक प्रो. संजय कुमार ने बताया कि यह योजना विश्वविद्यालय के शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक पद्धतियों से रूबरू होने का अवसर प्रदान करने के साथ साथ शिक्षण व अनुसंधान के क्षेत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की क्षमता में उन्नयन करेगी। हम शिक्षकों की उन्नति व विकास सुनिश्चित कर वैश्विक संस्थानों के साथ साझेदारी को आगे ले जाने और अपनी वैश्विक पंहुच व उपस्थिति बढ़ाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं।

# सुधरा प्रदेश का मौसम : ज्यादातर जिलों में खुली धूप



**लखनऊ।** यूपी का मौसम अब साफ हो रहा है। बुधवार को लखनऊ सहित बाकी जिलों में भी धूप दिखी। हालांकि हवा में गलन बरकरार रही। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से ठंडी हवाएं सर्दी का एहसास कराती रहीं। मौसम विभाग के अनुसार अब आने वाले दिनों में मौसम ऐसा ही बना रहेगा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी।

मंगलवार की दोपहर बाद से प्रदेश में मौसम खुलना शुरू हो गया था। इसी के साथ दिन और रात के पारे में भी वृद्धि शुरू हो गई। रात का पारा तो ज्यादातर इलाकों में सामान्य से अधिक हो गया है। अधिकतम तापमान बढ़ तो रहा है, पर ये अभी भी सामान्य से कम बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि दिन और रात की ठंड रहेगी। एक सप्ताह तक मौसम ऐसा ही रहने के आसार हैं। 14 जनवरी के आसपास फिर बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, न्यूनतम तापमान प्रयागराज में 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# 348 कन्याओं के खाते में जाएंगे 1.21 करोड़

## सत्यापन के बाद भेजा जाएगा पैसा, बलिया में हुई है भारी गड़बड़ी को लेकर फैसला

**प्रतापगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुई गड़बड़ी से कन्याओं के खाते में भुगतान पर रोक लग सकती है। दरअसल, बलिया में योजना के तहत व्यापक स्तर पर हुई अनियमितता पर निदेशक ने इसे संज्ञान में लिया है। उन्होंने भुगतान पर रोक लगा दी है। कयास लगाया जा रहा है कि इस तरह की गड़बड़ी अन्य जनपदों में भी हो सकती है। इसे लेकर प्रतापगढ़ में भी कन्याओं के खाते में भुगतान से पहले सत्यापन कर पैसा भेजे जाने की कवायद चल रही है।

शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गरीब बेटियों के हाथ पीले कराए जाते हैं। इसमें कन्याओं को उपहार दिए जाने का भी प्रविधान है। साथ ही 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजा जाता है। 17 जनवरी को गौरा के 39, शिवगढ़ व गौरा के 20-20, रामपुर संग्रामगढ़ के 18, पट्टी व आसपुर देवसरा के 16-16, मंगरौरा के 45, मानधाता के 66, सदर के 38, लालगंज के 41 व सांगीपुर ब्लाक के 29 जोड़ों की शादी ब्लाकों में हुई थी। इसमें 35 हजार रुपये प्रत्येक कन्या के खाते में भेजी जानी है।



बलिया में सामूहिक विवाह योजना में हुई अनियमितता को विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने गंभीरता में लिया है। भुगतान पर रोक लगा दिया है। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया है कि बिना सत्यापन के पैसा खाते में न भेजा जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बलिया जनपद में गड़बड़ी हुई है। इसे लेकर जनपद में हुए विवाह का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद ही कन्या के खाते में पैसा भेजा जाएगा।

**आठ फरवरी को 118 जोड़े बनेंगे हमसफर**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आठ फरवरी को चार ब्लाकों में 118 जोड़ों का विवाह होना है। इसमें बाबागंज के 35, बिहार के 40, कुंडा के 30 व कालाकांकर के 13 जोड़ों का विवाह ब्लाक में होगा। सुबह 11 बजे से यह आयोजन शुरू होगा। इसकी तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया। ब्लाकों के बीडीओ को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# ऋषि साहित्य जीवन जीने की कला सिखाता है : उमानंद



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''श्री शिव चन्द्र पब्लिक इंटर कालेज, पंचवटी कालोनी खुर्रम नगर रोड़ लखनऊ'' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 402वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री सुश्री रेनू श्रीवास्तव ने अपने पूज्य पिता स्व. बी.डी. श्रीवास्तव एवं पूज्य माता स्व0 उर्मिला श्रीवास्तव जी की स्मृति में भेंट किया तथा उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को भी उन्होंने अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि साहित्य जीवन जीने की कलॉ सिखाता है'' एवं श्री वी.के. श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेख शुक्ला, ने भी अपने विचार रखे। संस्थान की प्रधानाचार्य कुसुम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, ऊषा सिंह, सावित्री शर्मा, रेनू श्रीवास्तव संस्थान के चेयरमैन डॉ. अभिषेक शुक्ला शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र, छात्रायें उपस्थित थे।

# सेंट जोजफ स्कूल की में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**लखनऊ।** सेंट जोजफ स्कूल (बजाज ग्रुप) की ठाकुरगंज शाखा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन अत्यंत उत्साह से दिनांक 07 फरवरी को किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री राजेश अग्रवाल ने उत्कृष्ट मॉडलों के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसा ही जारी रखने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रबंध निदेशक श्रीमती सीमा अग्रवाल ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट उत्साह और उत्साह की सराहना की।

# इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-8 के छात्र उद्भव तिवारी ने इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में जोनल स्तर पर द्वितीय रैंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। ओलम्पियाड का आयोजन साइंस ओलम्पियाड फाउण्डेशन नई दिल्ली के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने अपने गणित ज्ञान का परचम लहराया है और अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा की बदौलत आने वाले समय में विश्व पटल पर देश का नाम रोशन करने का संकेत दिया है।



ओलम्पियाड के आयोजकों ने उद्भव को मेडल आफ डिस्टिंक्शन एवं सार्टिफिक्रेट ऑफ डिस्टिंक्शन प्रदान कर सम्मानित किया।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# 'महिला सम्मान बचत पत्र' में पूरे उत्तर प्रदेश में वाराणसी अव्वल

अवधनामा संवाददाता



- साढ़े 18 हजार महिलाओं ने किया 93.51 करोड़ से ज्यादा का निवेश

**लखनऊ।** आज़ादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ महिला सम्मान बचत पत्र को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है। 1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में पूरे उत्तर प्रदेश में दस माह में 72 हजार से ज्यादा महिलाओं ने लगभग 6.36 अरब रूपये का निवेश किया है। इसमें भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में अवस्थित वाराणसी परिक्षेत्र में सर्वाधिक 18,721 महिलाओं ने निवेश कर रिकॉर्ड बनाया है। वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर में महिला कर्मियों के लिए विशेष रूप से तैयार फीडिंग रूम के शुभारंभ अवसर पर उक्त विचार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने व्यक्त किये। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि वाराणसी परिक्षेत्र में महिला सम्मान बचत पत्र में 18,721 महिलाओं ने 93.51 करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग महिला सशक्तिकरण और सम्मान के लिए जहाँ अपने कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए तमाम सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में महिला सम्मान बचत पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को मूर्त रूप देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र में 3.20 लाख सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं, वहीं 933 गाँवों में 10 वर्ष तक की सभी बालिकाओं को इस योजना से कवर करते हुए इन्हें सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम में भी तब्दील कर दिया गया है। अधीक्षक डाकघर वाराणसी पश्चिमी विनय कुमार ने बताया कि दो साल की अवधि की महिला सम्मान बचत पत्र योजना लचीले निवेश और आंशिक निकासी के विकल्पों के साथ दो लाख रुपये की अधिकतम सीमा के साथ त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज 7.5 प्रतिशत का आकर्षक और निश्चित ब्याज प्रदान करती है।

# इण्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र ने जीता सिल्वर एवं ब्रांज

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र अब्दुल्ला खान ने इण्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल एवं ब्रांज मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह चैम्पियनशिप शिटो-रियू कराटे स्कूल ऑइ इण्डिया के तत्वावधान में डेलही-एनसीआर स्थित होटल रेडिशन ब्लू में सम्पन्न हुई, जिसमें कई देशों के बाल कराटे खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चैम्पियशन के अन्तर्गत सी.एम.एस. छात्र अब्दुल्ला ने बिलो ब्राउन बेल्ट कैटेगरी में सिल्वर मेडल एवं ब्राउन-ब्लैक बेल्ट कैटेगरी में कांस्य पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

# कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में स्व. त्रिवेदी का रहा अतुलनीय योगदान

## 118वीं जयंती पर स्व. रामपाल त्रिवेदी के जीवन संघर्षों पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन

अवधनामा संवाददाता



- समाज के लिए उत्कर्ष कार्य करने वाली विभूतियों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** आज दिनांक 07 फरवरी को रामपाल त्रिवेदी सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी द्वारा स्व. त्रिवेदी जी की 118वीं जयंती के अवसर पर यूपी प्रेस क्लब में बप्पा जी के जीवन संघर्षो पर आधारित पुस्तक का विमोचन हुआ। पुस्तक का विमोचन लखनऊ नगर निगम के उपसभापति श्री गिरीश गुप्ता, सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हीरेंद्र कुमार मिश्र, यहियागंज गुरुद्वारे के अध्यक्ष डा. गुरमीत सिंह के करकमलों से हुआ।

स्व. त्रिवेदी के प्रपौत्र मोहनीश त्रिवेदी द्वारा अपने बाबा के जीवन संघर्षो पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन करने के पश्चात अपने संबोधन में गिरीश गुप्ता जी ने कहा कि आज हम सब जो आजादी के साथ जी रहे है अपने देश के लोकतंत्र पर गर्व कर रहे है इसमें स्व. पं. रामपाल त्रिवेदी जी सहित हजारों लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान है। स्व. त्रिवेदी जी पूरे लखनऊ के राजनेताओं और समाजसेवियों के आदर्श के रूप में आज भी हम सबके दिल में जीवित है उन्होंने शिक्षा और कृषि के छेत्र में अतुलनीय योगदान दिया ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जयंती के अवसर पर मैं उन्हे भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करता हूं। स्व. त्रिवेदी जी पुत्र/संरक्षक अरूण त्रिवेदी ने बप्पा जी के जीवन संघर्षो के विषय में बताया कि कैसे वो देश की आजादी के लिए अपने जीवन के 12 वर्ष अंग्रेजो की जेल में रह कर उनकी यातनाएं सहते हुए देश की आजादी के लिए लड़े और जनता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हीरेंद्र मिश्र जी ने कहा की बप्पा जी के साथ उनके पिता जी जो एक स्वतंत्रता सेनानी थे की कई स्मृतिया जुड़ी हुई है उनके कार्यो से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए!वही स्व. त्रिवेदी के प्रपौत्र/महामंत्री आशीष त्रिवेदी ने कहा कि बाबा जी ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने का प्रयास किया हमारी संस्था जिला परिषद लखनऊ मे स्थापित उनके नाम से बने रामपाल प्रशाल भवन के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री जी से मिलकर मांग प्रस्तुत करने का कार्य करेगी ! इस मौके पर लखनऊ के कई विभूतियों को समाज में उनके उत्कर्ष योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया जिसमे चिकत्सा क्षेत्रों से डा गुरमीत सिंह जी,समाजसेविका वर्षा वर्मा जी, उम्मीद संस्था के फाउंडर अध्यक्ष श्री बलबीर सिंह मान जी, फिल्म एक्टर अर्पित मिश्रा और एक्टर अंब्रिश बॉबी, पैक्फेड के पूर्व चेयरमैन नरेश शंकर श्रीवास्तव जी, शासकीय अधिवक्ता शशि पाठक जी, समाजसेविका दीपिका चतुर्वेदी जी को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया !

# हिन्दू महासभा ने पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई ने आज प्रदेश के पांच जिलों में अध्यक्षों को नियुक्त किया है, जबकि एक जिले में प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी के कार्यालय के मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने इन नियुक्तियों की घोषणा करते हुये बताया कि अर्जुन सिंह को उरई, राकेश कुमार को प्रयागराज, दिलीप कुमार त्रिपाठी को प्रतापगढ़, रमेश कुमार शुक्ला को सीतापुर व विभू बंसल को अमरोहा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है जबकि यशवीर सिंह को प्रयागराज का प्रभारी बनाया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्षों व प्रभारी को शुभकामनायें देते हुये प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने भरोसा जताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अपने-अपने जिलों में पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने के साथ संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रियता के साथ कार्य करेंगें। वहीं दूसरी ओर संगठन में मिली इस नई जिम्मेदारी पर ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुये कहा कि संगठन की मजबूती कार्य करेंगे।

# 11 फरवरी को लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 14188 परीक्षार्थी होगें सम्मिलित

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में कुल 32 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं जिसमें 14188 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी जिसमें पुलिस विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह पुलिस विभाग से संबंधित परीक्षा केंद्र परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु केंद्र पर पुलिस की ड्यूटी लगाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लिया जाए जिससे कोई भी समस्या न हो। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा प्रारंभ होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा दो फलियों में संपन्न की जाएगी प्रथम पाली प्रातः9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली 2.30 बजे से 03:30 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने कहा की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं जिससे कि अभ्यर्थी को कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके उनके मोबाइल नंबर अवश्य ले लें जिससे परीक्षा केंद्रों के समय कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सभी सेंटरों पर सभी के मोबाइल नंबर जमा कर दिए जाएं। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए की सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन सेंटर के नाम से गूगल ऐप पर शेयर कर दी जाए जिससे छात्र-छात्राओं को आने-जाने में आसानी हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि सभी चौराहों पर पूछताछ केंद्र अवश्य बना दिए जाएं जिससे अभ्यर्थियों को एग्जाम सेंटर तक आने में कोई भी समस्या न हो तथा सभी सेंटरों पर दो महिला सिपाही व दो पुरुष सिपाही उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र पर पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे उनका मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होना अनिवार्य है जिससे कोई भी समस्या आने पर एक दूसरे को सूचित कर दिया जाए। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, एसपी सिटी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, लोक सेवा आयोग द्वारा पंकज सक्सेना, सहित समस्त स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

# समता मूलक समाज और वोट का अधिकार बाबा साहब की देनः हेमेंद्र

**मथुरा।** बसपा प्रमुख बहन कुमारी मायावती जी के निर्देशन पर बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा के मांट विधानसभा क्षेत्र के पानीगांव ( खेड़ा ) मे सेक्टर स्तरीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया कैडर कैंप के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार ने कहा भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहाब भीमराव अंबेडकर ने गैर बराबरी समता मूलक सामाजिक की स्थापना कर बराबरी का और वोट का अधिकार दिलाया और बाबा साहाब ने कहा था अब राजा किसी रानी के पेट से जन्म नही लेगा अब राजा आपके वोट व मत पेटिका से पैदा होगा जब बहन जी की सरकार थी काशीराम आवास योजना व काशीराम शहरी दलित बस्ती विकास जैसी योजनाओ को शुरू किया गया बहन जी के शासन में तहसील दिवस और थाना दिवस जैसी व्यवस्थाएं शुरू की गई और उत्तर प्रदेश में चौतरफा विकास कार्य किए गए और चार बार की बीएसपी की सरकार रही बहन जी ने राज्य और लोगों के कल्याण और विकास के लिए ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कार्य किए गए आज भी लोग बहन जी को याद करते हैं और कहते हैं, इससे तो मायावती की सरकार अच्छी थी जिला महासचिव ओमप्रकाश बघेल विधान सभा प्रभारी राजेश बघेल प्रभारी बनवारी लाल छिनपारई पूर्व विधान सभा अध्यक्ष बनवारी लाल कोलाना सैक्टर अध्यक्ष सुरेश कुमार चौधरी पूरन सिंह शंकर लाल आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भाकियूः टिकैत से मोहभंग, थाम रहे हैं अराजनैतिक का दामन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक पंचायत मथुरा महानगर के नई बस्ती स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई पंचायत में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के शहर महासचिव असलम कुरैशी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर उपाध्यक्ष आबिद कुरैशी नेताजी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर संगठन मंत्री नरेश चौधरी ने अपने एक दर्जन समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन टिकैत से इस्तीफा देकर भारती किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता ग्रहण की

सभी नवनियुक्त सदस्यों को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी वरिष्ठ किसान नेता राजवीर सिंह नेताजी महानगर संयोजक विजय सिंघल शहर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी नगर प्रभारी फैजान कुरैशी युवा शहर अध्यक्ष चिरागुद्दीन कुरैशी महानगर महासचिव प्रेम सिंह कर्दम महानगर सचिव शैलेंद्र मिश्रा जी ने टोपी पहना कर संगठन की सदस्यता दिलाई।

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी वरिष्ठ किसान नेता राजवीर सिंह नेताजी महानगर संयोजक विजय सिंघल शहर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी ने संयुक्त रूप से कहा मथुरा महानगर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता ग्रहण की है।

सभी नवनियुक्त सदस्यों का संगठन में हार्दिक स्वागत अभिनंदन है महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने आगरा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर के निर्देश व जिला अध्यक्ष सोनवीर चौधरी की अनुमति पर असलम कुरैशी को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का शहर महासचिव नियुक्त किया। आबिद कुरैशी नेताजी को महानगर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया नरेश चौधरी को महानगर का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया ।

पंचायत को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी

वरिष्ठ किसान नेता राजवीर सिंह नेताजी शहर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी महानगर संयोजक विजय सिंघल ने कहा सभी नवनियुक्त सदस्यों से मथुरा महानगर में संगठन काफी मजबूत होगा सभी नव नियुक्त पदाधिकारी सदस्य संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं किसानों गरीबों मजदूरों की आवाज को बुलंद करने का काम करें। पंचायत में तनवीर कुरेशी कैफ कुरैशी आदाब कुरैशी शादाब खान शैलेंद्र मिश्रा अंकुर शर्मा अंकित चौधरी संतोष मिश्रा आदि मौजूद थे

## जिला पंचायत परिसर में भारी भ्रष्टाचार

**सुल्तानपुर।** जिला पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य की शिकायत पर ने मुख्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी एन के एस चौहान ने डी एम सुल्तानपुर को जांच कर रिपोर्ट मांगी है। शिकायत में राजनीतिक और दबंग छवि वाले बाबुओं को नियम विरुद्ध सरकारी आवास आवंटन करने तथा उनका सत्ता पक्ष के नेताओं से जुड़ाव होने के कारण उनको नियम विरुद्ध प्रमोट करने और बिना कोई समाचार पत्र में टेंडर का विज्ञापन जारी किए बिना अपने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने हेतु पूर्व में जिला पंचायत द्वारा सरकारी आवास के ध्वस्तीकरण सहित नियम विरुद्ध बिना कोई अनुमति के सत्ता पक्ष को मिला कर लाभ लेने हेतु सांसद जनसुनवाई केन्द्र जिला पंचायत परिसर में स्थापित करने को भी को मुद्दा बनाया गया है।

# जयंत के खेल से फंस ना जाए कही हेमा की हैट्रिक

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** चुनावी नफा नुकसान का आंकलन करने की जुगत मै जुटे जयंत चौधरी इस बार स्थिति को भांपते हुए नजर आ रहे हैं।

जाट वोट बैंक के सहारे फिर रालोद अपनी सियासी ठाठ की जुगत में है। भाजपा से गठबंधन की चर्चाओं के बीच रालोद के खाते में मथुरा की लोकसभा सीट देने की पेशकश की चर्चा तेज हो गई है। आइएनडीआइए गठबंधन में भी मथुरा लोकसभा सीट रालोद के खाते में आई है। ऐसे में जाट बाहुल्य इस सीट पर रालोद भाजपा से गठबंधन के बाद भी अपनी दावेदारी नहीं छोड़ना चाहेगा। यदि ऐसा हुआ, तो वर्तमान सांसद हेमा मालिनी के तीसरी बार संसद पहुंचने की राह भी मुश्किल होगी।

फिलहाल रालोद आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल है। पिछले दिनों गठबंधन की बैठक में रालोद को मथुरा लोकसभा सीट दी गई। इसके पीछे बड़ा कारण ये है कि खुद रालोद मुखिया जयन्त चौधरी यहां से 2009 में सांसद रहे। 2012 में मांट विधानसभा से लगातार विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा का किला ढहाकर विधायक बने। पूर्व में इसी जिले से उनकी दादी गायत्री देवी गोकुल से विधायक रह चुकी हैं। हालांकि चौधरी अजित सिंह की बहन ज्ञानवती यहां से लोकसभा चुनाव हार चुकी हैं।

वर्तमान में जाट हेमा मालिनी दो बार से सांसद हैं। वह तीसरी बार भी यहां से संसद जाना चाहती हैं। इसके अलावा प्रमुख जाट नेता जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, पूर्व सांसद तेजवीर सिंह आदि भी चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर रहे हैं।

वर्तमान में मथुरा भाजपा का गढ़ है।पांचों विधानसभा सीटों के साथ ही लोकसभा सीट भी उसी के पास है। करीब साढ़े तीन से चार लाख जाट मतदाता हैं। ये रालोद की बढ़ी ताकत हैं, हालांकि इसमें बड़ा हिस्सा भाजपा के पास है। ऐसे में भाजपा से गठबंधन कर मथुरा से चुनाव लड़ने में रालोद को ये सीट काफी फायदेमंद दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामवीर भरंगर ने कहा भाजपा से गठबंधन की चर्चाओं की जानकारी नहीं है। रालोद मथुरा में बहुत मजबूत स्थिति में है। गठबंधन किसी से हो हम पूरी दमदारी से चुनाव लड़ेंगे और ये सीट जीतेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शोक संवेदना करने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** कुर्मी समाज पुरबिया टोला में बुधवार को शोक संवेदना करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव। इस मौके पर पुरबिया टोला में सपा नेता आशीष पटेल की चाची के असमय निधन उपरांत आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पुत्र मोहित एवं परिवार के लोगो को ढाढस बंधाया। इसके साथ ही प्रोफेसर साहब ने तलैया मैदान स्थित सुनील पटेल की दादी एवं रतनदीप के पिताजी के निधन होने पर शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर संतोष यादव, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका कुलदीप गुप्ता, धर्मवीर बिट्टू, राजेश यादव, आशीष कोस्टा, विनय वर्मा, अखिलेश वर्मा, आलोक पटेल, कमल वर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### टॉप 100 प्रीस्कूल ऑफ इण्डिया में शामिल हुआ हैलो किड्स स्माइल



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** इंटरनेशनल मैगजीन ब्रैनफ़ीड के द्वारा आयोजित ईटीटेक एक्स के-12 एजुकेटर्स कॉन्फ्रेंस और स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रोग्राम गुरुग्राम में आयोजित किया गया। इटावा के हैलो किड्स प्ले स्कूल की शाखा हैलो किड्स स्माइल हर्षनगर को टॉप 100 प्रीस्कूल ऑफ इण्डिया में शामिल किया गया। प्रोग्राम में प्रबन्धक ऋषी कुमार और प्रधानाचार्या भारती को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या भारती ने बताया कि हैलो किड्स के डायरेक्टर प्रीतम अग्रवाल के दिशा निर्देशन, सफल इंटरनेशनल मोंटेसरी पाठ्यक्रम और कम शिक्षक- छात्र रेशियो के आधार पर शिक्षा देने के कारण ही हमे फिर से एक बार टॉप 100 प्रीस्कूल ऑफ इण्डिया की लिस्ट में शामिल किया गया है।

### बैठक 10 फरवरी को

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सर्वजन सुखाय पार्टी की संसदीय चुनावों की तैयारियों के साथ ही किस प्रत्याशी को कहां से चुनाव मैदान में उतर जाना है इस पर मंथन के लिये दस फरवरी को ज्ञान स्थली करवा खेड़ा में एक अहम बैठक आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुये पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पार्टी प्रमुख शिवप्रसाद यादव ने अपने सभी साथियों को विभिन्न माध्यमों से इस बैठक के बारे में जानकारी दे दी है। जिलाध्यक्ष के अनुसार पार्टी की राष्ट्रीय कमेटी की यह बैठक ठीक दस बजे से ज्ञानस्थली आवासीय करवा खेड़ा में शुरू हो जायेगी। इस बैठक में सेंट्रल यूपी की दस संसदीय सीटों पर किसे कहां से उम्मीदवार बनाया जाये, इस पर सर्व सम्मत तरीके से निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने पार्टी से जुड़े सभी साथियों से समय पर बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

### बीजेपी मंडल अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष का स्वागत

**शिकोहाबाद।** शिकोहाबाद के ग्रीन पार्क में चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नए मंडल अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका स्वागत कार्यक्रम रखा गया। और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को जिताने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत अच्छा काम कर रहे है और जो बजट आया है बजट के आधार पर उत्तर प्रदेश और देश की जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए वचनबद्ध है।

# जीएसटी टीम ने पकड़ा ट्रक, जिससे मिला शराब का जखीरा

**अवधनामा संवाददाता**

■ ट्रक के अंदर का नजारा देख अधिकारियों मैं मचा हड़कंप

**मथुरा।** नशे के कारोबारी प्रशासन से तू डाल डाल मैं पात पात का खेल खेल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मथुरा में मथुरा में शराब तस्करी के अनोखे मामले का उस समय भंडाफोड़ हुआ। जब जीएसटी की टीम ने टैक्स चोरी की आशंका पर लकड़ी के बुरादे से भरे एक ट्रक को पकड़ा लेकिन तलाशी के दौरान अवैध शराब का जखीरा निकला।

जानकारी के अनुसार लकड़ी के बुरादे की बोरियों के बीच छुपाकर शराब बिहार ले जाई जा रही थी. थाना रिफाइनरी इलाके के दिल्ली-आगरा हाइवे पर दो फरवरी को स्टेट जीएसटी की टीम ने टैक्स चोरी की आशंका में रूटीन चेकिंग के दौरान एक ट्रेलर ट्रक को चेकिंग के लिए रोका था। चालक के पास माल से संबंधित फर्जी दस्तावेज थे। पूछताछ के दौरान ड्राइवर जीएसटी टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया।आज जब पकड़े गए ट्रक से बदबू आने लगी तो जीएसटी की टीम ने स्थानीय पुलिस को बुलाया और ट्रक को खाली कराया तो देखा उसमें लकड़ी के बुरादे और मिट्टी की बोरियों के बीच में शराब का जखीरा है। शराब निकलते ही मौके पर आबकारी टीम को भी बुला लिया गया। संयुक्त रूप से आबकारी विभाग, जीएसटी टीम और पुलिस ने ट्रक से माल को उतरवाया, जिसमें करीब 35 लाख रुपये की शराब बरामद हुई।बताया जा रहा है कि शराब पंजाब से बिहार ले जायी जा रही थी। आगामी चुनाव से पहले ही शराब माफिया सक्रिय हो गए हैं। पुलिस और आबकारी टीम की आंखों में धूल झोंककर नए-नए हथकंडे अपना कर शराब की तस्करी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ट्रक के जरिये शराब माफिया के नेटवर्क को खंगाल रही है और पता कर रही है। यह शराब की खेप पंजाब में कहां से आई रही थी,और बिहार किस जगह पर जा रही थी।जिस तरह शराब माफिया ने शराब तस्करी की नए तरीके से घटना को अंजाम दिया है। उसे देखकर हर कोई हैरान था, खुले ट्रक में मिट्टी और लकड़ी के बुरादे की बोरियों के बीच में शराब का जखीरा छुआ था, ताकि किसी को कोई शक ना हो। स्टेट जी एस टी टीम प्रभारी संगीता ने बताया ट्रक 2 फरवरी को रोका गया था । बुधवार को टीम ने भौतिक सत्यापन के लिए आई थी। इसी बीच ट्रक से आ रही शराब की बदबू को देखते आबकारी टीम को बुलाया गया, संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई है।

# संस्कृति विवि पहुंचे आस्ट्रिया के प्रतिनिधि, स्टूडेंट एक्सचेंज पर हुई चर्चा

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय सपत्नीक पहुंचे आस्ट्रियन दूतावास के सांस्कृतिक फोरम के निदेशक माइकल पाल ने यहां पहुंचकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे छात्र-छात्राएं भारत की संस्कृति, शिक्षा और यहां के परिवेश के बारे में जानना चाहते हैं। हम संस्कृति विवि के साथ मिलकर स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम चलाकर विश्व बंधुत्व की भावना को बढ़ाने में योगदान देना चाहते हैं।

माइकल पाल के विवि पहुंचने पर उनका भारतीय परंपरा के अनुसार भावभीना स्वागत किया गया। उन्होंने संस्कृति विवि के वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यहां पढ़ाई के लिए बहुत अच्छा माहौल है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और विद्यार्थियों के साथ हुई बैठक और मुलाकात में आस्ट्रिया दूतावास के सांस्कृतिक फोरम के निदेशक माइकल ने आस्ट्रिया की शिक्षण व्यवस्था और उच्च शिक्षा व्यवस्था की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आस्ट्रिया के उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थानों पढ़ाए जाने प्रमुख विषयों के बारे में तो बताया ही साथ ही उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस का भी ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय विद्यार्थी जब आस्ट्रिया पढ़ने जाएंगे तो उन्हें भी आस्ट्रिया की संस्कृति, भाषा और शिक्षा व्यवस्था का ज्ञान होगा। वे वहां निश्चित रूप से अच्छा महसूस करेंगे। संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड हास्पिटेलिटी के डीन रतिश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माइकल पाल ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्रालय में 30 वर्षों से अधिक समय से विभिन्न अनुभागों में कांसुलर विभाग, कानूनी सेवा, विकास विभाग और कार्य परिषद के अध्यक्ष रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने ग्रीस और स्विट्जरलैंड से मान्यता प्राप्त थी, इसके बाद उत्तरी मैसेडोनिया में मिशन के उप प्रमुख, मॉस्को में महावाणिज्य दूत, डीएचओएम नाइजीरिया और कजाकिस्तान में पद पर नियुक्त किया गया था। भारत में अपना नया कार्यभार संभालने से पहले, ऑस्ट्रियाई दूतावास नई दिल्ली के सांस्कृतिक मंच के निदेशक के रूप में, वह मंत्रालय में विकास निदेशालय में यूनिट गुणवत्ता प्रबंधन और मूल्यांकन के प्रमुख के रूप में थे, बाद में कार्य परिषद के अध्यक्ष रहे।

## जन्मतिथि में हेराफेरी करने के नए मामला का खुलासा

**सुल्तानपुर।** विकास क्षेत्र जयसिंहपुर के गांव सपाही के राष्ट्रवादी इंटर मीडिएट कॉलेज के बड़े बाबू द्वारा छात्र पंजिका के अभिलेख में फेर बदल करने का नया कारनामा खुलकर सामने आया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद तिवारी ने मामले का खुलासा कर आरोप पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि क्षेत्र के भभोट की रहने वाली छात्रा के प्रवेश पंजिका में वर्ष 2000 अंकित था। विद्यालय के बड़े बाबू जमुना प्रसाद दूबे ने मोटी रकम की वसूली कर छात्रा को लाभ पहुंचाते हुए जन्मतिथि के सत्र में फेरबदल कर वर्ष 2000 की जगह 2006 कर दिया गया है।

## एंजल हास्पिटल सूरापुर के संचालक डॉ आज़ाद की दुष्कर्म मामले में हुई गिरफ्तारी

**कादीपुर,सुल्तानपुर।** सोमवार को गोमती नदी में छात्रा के कूदकर जान देने के मामलों ने पुलिस ने सनसनीखेज दुष्कर्म के मामले का खुलासा करते आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाल श्रीराम पांडे ने बताया कि गोमती नदी में सोमवार को गोमती नदी में लड़की के छलांग मारकर कूदने का मामले पर बताया कि कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के तवक्कलपुर नगरा में डॉ आजाद खान की क्लीनिक है। डॉक्टर आजाद खान गोमती नदी में कूदने वाली छात्रा को दो साल से लगातार शादी का झांसा देकर योनशोषण करता रहा। उक्त छात्रा द्वारा शादी का दबाव बनाने पर चिकित्सक शादी से इनकार कर दिया। जिससे छात्रा ने जीवन लीला समाप्त करने के लिए यह रास्ता अख्तियार किया था। अभियुक्त डॉ आजाद खान निवासी तवक्कलपुर नगरा को गिरफ्तार कर लिया।नगर कोतवाली के सीताकुंड घाट पुलिस ने छात्रा को गोताखोर के सहारे जीवन बचाया था।

# अपना दल की मासिक बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल की अध्यक्षता में पार्टी के कार्यकर्ताओं व पाधिकारियों के साथ मासिक बैठक ज़िला पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। बैठक में सभी मंचो के कार्यकारिणी पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विधान सभा कार्यकारिणी तथा जोन की बैठक पर विस्तृत पर चर्चा हुई। आज की मासिक बैठक में स्र्टस्ञ मंच - भोगीलाल कोरी, श्याम बहादुर मौर्य - जिला महासचिव, प्रेमनाथ मौर्य - विधानसभा अध्यक्ष इसौली, अम्बुज पटेल - द्वञ्ञ सेल जिला अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी दी गई। नए पदाधिकारीयों ने नई जिम्मेदारी मिलते ही कहा कि संगठन द्वारा जो हम सब पर विश्वास करके जो जिम्मेदारी दी गई है। हम सब मिलकर कड़ी मेहनत और लगन से संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल ने कहा कि हम सबको एकत्रित होकर संगठन को और मजबूत बनाना है। हर घर अपना दल (एस) होना चाहिए। बैठक में-- सत्य प्रकाश पटेल प्रदेश सचिव विधि मंच, जिला उपाध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, जिला मीडिया सचिव राजकुमार शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गायत्री यादव, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, गुंजन सिंह, गरिमा सिंह ज़िला मीडिया सचिव महिला मोर्चा, दीपमाला सिंह, मधु यादव, भोगीलाल कोरी, मनोज पांडे, शिवेंद्र सिंह, राम सिंहासन वर्मा ज़िला सचिव, शिव लाल यादव ज़िला सचिव, श्याम बहादुर मौर्य विकास वर्मा, सोहिल पाल, विशाल मौर्य, पंकज तिवारी जिला महासचिव, प्रेमनाथ मौर्य, मोनू मिश्रा, विजय यादव, अम्बुज पटेल, अनूप पटेल, शुभम पटेल हरि कृष्ण श्रीवास्तव, दीपमाला सिंह, मधु यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शोएब विजय वर्मा व अन्य तहसील, ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राली खेत में मिलाएं, खेत का उत्पादकता बढ़ाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा गांव- गढी दद्दी, विकासखंड-चौमुहां में गांव स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव, निदेशक प्रसार प्रोफेसर अतुल सक्सेना, केंद्र प्रभारी डॉक्टर वाई. के. शर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के प्रगतिशील कृषक श्री छत्रपाल द्वारा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर रविंद्र कुमार राजपूत ने किसानों को पराली प्रबंधन के बारे में बताया, कि किसान भाई अपने खेत की पराली अथवा किसी भी तरह के फसल अवशेषों को खेत में मिलायें, किसी भी तरह के फसल अवशेषों में कभी बिल्कुल भी आग न लगायें। फसल अवशेषों को खेत में मिलने से खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ती है, सूक्ष्मजीव बढ़ते हैं तथा जीवांश कार्बन की मात्रा भी बढ़ती है जो अच्छी पैदावार का द्योतक है। किसानों को बताया कि अपने खेत में अच्छी पैदावार लेने के लिए गोबर की खाद ,नाडेप कंपोस्ट, फार्म यार्ड मैन्योर एवं अन्य फसल अवशेषों से बनी हुई खाद का उपयोग करें जिससे खेत के अंदर सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो तथा खेत की उपजाऊ शक्ति बढती है व पैदावार की गुणवत्ता भी बढाती है। कृषि विभाग के बी.टी.एम. श्री वेद प्रकाश द्वारा किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना, अनुदान, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, फसल बीमा योजना एवं बहुत सी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गांव के कृषक श्री प्रताप सिंह लखन कृष्ण भगत सिंह श्याम सिंह मोहन सिंह मानवेंद्र पीतम सिंह रतन सिंह भजपाल कलुआ उदयवीर ओमपाल राधा कृष्ण आदि सबसे अधिक किसानों ने गोष्ठी में भाग लिया।

# हवा में अभियानः खेत से लेकर सड़क- बाजार तक बेसहारा गौवंशों का आतंक

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** बिलग्राम में आवारा पशुओं से परेशान किसानों का कहना है कि छुट्टा पशुओ से न ही दिन को सकून मिल पा रहा है और न ही रात में चेन की नींद सो पा रहे हैं।फसलों को नष्ट कर रहे आवारा पशुओं से परेशान किसान बीले कि आवारा पशुओं ने खेत को ही घर बना दिया है। क्योंकि खेतों पर हो चौबीस घंटे गुजारने पड रहे हैं। कडाके की ठंड साथ ही चल रही सर्द हवाओं में ही फसल को बचाने को खातिर रात रात भर जागकर फसल को बचाते है। क्योंकि आवारा पशु जिस खेत में घुस जाते है तो उस खेत की फसल बिल्कुल नष्ट कर देते हैं। कई किसानों ने खेत पर ही झोपडी डालकर रहना मुनासिफ समझा क्योंकि उनका कहना है की नजर हटी दुर्घटना घटी इसका मतलब है कि दस मिनट के लिए खेत से हट जाए तो इतनी ही देर में पशुओ का झुंड खेत में खड़ी फसल बर्बाद कर देंगे। इसलिए या तो खाना खेत पर आ जाता है या फिर किसी और व्यक्ति को उनकी जगह पर तैनात किया जाता है। तब घर जाकर खाना खाकर खेत पर पुनः वापस आते है। किसानों की इन समस्याओं को देखकर लग रहा है कि आवारा पशुओं से अन्नदाता काफी परेशान हैं।

**प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहीः** खासकर हरदोई जिले की बिलग्राम नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा जानवरों की समस्या इतनी गम्भीर है कि यहां के ज्यादातर गांवों में पशुओं के झुंड किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन भाजपा सरकार का आवारा पशुओं के लिए चलाया गया अभियान हवा में है क्योंकि प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है।

**आवारा पशुओं ने छुडवाई रिश्तेदारीः** खेत की फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए किसानों को चौबीस घण्टे खेत पर ही गुजरने पते है। इसलिए कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पता है। अक्समात रिस्तेदारी में जाना पडे फिर भी नहीं जा पाते है। क्योंकि किसानों का भविष्य उनके खेत मे खड़ी फसल है।

**फसल को देखकर कई उम्मीदें जगाता है किसानः** किसान फसल को बड़ी मेहनत में तैयार करता है और उस फसल पर किसान कई उम्मीदें करता है। इसलिए रात रात जगकर फसलों को रखवाली करते है। लेकिन आवारा पशु उनकी उम्मीदों को बर्बाद करने में जुटे है।

**आवारा पशुओं के आगे कटीले तार हुए फैलः** किसानों ने फसलों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास की लेकिन फसलों को बचाने में नाकामयाब रहे।जिसके बाद किसानों ने खेतों पर ही रहने मुनासिब समझा और खेत पर ही रहकर फसलों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

**खेतों पर राते जागने से होती है कई बीमारियाः** रात रात भर जागने से कई बीमारियों का सामना करना पड रही है। किसानों का कहना है कि चौबीस घंटों खेतों पर गुजरने के कारण व नींद नहीं हो पाने के कारण जुखाम, बुखार व खांसी आदि बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सहारन और धास के अर्धशतक की बदौलत भारत फाइनल में पहुंचा

साउथ अफ्रीका की मेजबानी में खेले जा रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई है। टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में 2 विकेट से शिकस्त दी। वहीं भारत 9वीं बार फाइनल में पहुंचा है। सचिन धास और कप्तान उदय सहारन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गत चैंपियन भारत ने मंगलवार को यहां बेहद विषम परिस्थितियों से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर लगातार पांचवीं बार फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए धास (96 रन, 95 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) और सहारन (81 रन, 124 गेंद, छह चौके) के बीच पांचवें विकेट की 171 रन की साझेदारी से भारत ने 48.5 ओवर में आठ विकेट पर 248 रन बनाकर जीत दर्ज की। ये दोनों उस समय बल्लेबाजी के लिए उतरे थे जब भारत 12वें ओवर में 32 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में था। अंत में राज लिम्बानी (चार गेंद में नाबाद 13) ने चौका जड़कर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने 23 वाइड सहित 27 अतिरिक्त रन देकर भारत की राह कुछ आसान की। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाजों क्वेना मफाका (32 रन पर तीन विकेट) और ट्रिस्टन लूस (37 रन पर तीन विकेट) ने तीन तीन विकेट चटकाए लेकिन मेजबान टीम को फाइनल में जगह नहीं दिला सके।

दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हुआन-ड्रे प्रिटोरियस (102 गेंद में 76 रन) और रिचर्ड सेलेट्सवेन (100 गेंद में 64 रन) के अर्धशतक से सात विकेट पर 244 रन बनाए। भारत की ओर से लिम्बानी ने 60 रन देकर तीन जबकि मुशीर खान ने 43 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत फाइनल में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12वें ओवर में 32 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज मफाका ने पारी की पहली की गेंद पर आदर्श सिंह को विकेटकीपर प्रिटोरियस के हाथों कैच कराया। टूर्नामेंट में दो शतक जड़ने वाले मुशीर (04) चौथे ओवर में लूस की गेंद पर दूसरी स्लिप में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान युआन जेम्स को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (12) ने मफाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन 10वें ओवर में लूस की गेंद पर स्लिप में जेम्स को कैच दे बैठे। लूस ने अगले ओवर में प्रियांशु मोलिया (05) को भी विकेट के पीछे कैच कराके भारत को चौथा झटका दिया। कप्तान सहारन और धास ने इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा उठाया। सहारन ने शुरुआती में धीमी बल्लेबाजी की लेकिन धास अच्छी लय में नजर आए। धास ने तेज गेंदबाज रिली नोर्टन को निशाना बनाया और उन पर पांच चौके मारे। भारत के रनों का अर्धशतक 17वें ओवर में पूरा हुआ। धास ने स्टीव स्टॉक पर भी लगातार दो चौके मारे और सहारन के साथ मिलकर 25वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। धास ने ओलिवर वाइटहेड पर



लगातार दो चौकों के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सहारन ने शुरुआती 68 गेंद में सिर्फ 29 रन बनाए। उन्होंने जेम्स पर चौके से धास के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। सहारन ने जेम्स पर चौके से 88 गेंद में अर्धशतक बनाया।

धास ने 40वें ओवर में जेम्स पर छक्का जड़ा। भारत को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए 53 रन की जरूरत थी। सहारन ने नकोबानी मोकोएना पर चौके के साथ 41वें ओवर में भारत के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। जेम्स ने इसके बाद टूर्नामेंट के अपने सबसे सफल गेंदबाज मफाका को गेंद थमाई और उन्होंने कप्तान को निराश नहीं करते हुए धास को एक्सट्रा कवर पर डेविड टीगर के हाथों कैच करा दिया। भारत को अंतिम पांच ओवर में 28 रन की जरूरत थी। अरावेली अवनीश (10) ने नोर्टन पर सीधे चौके के साथ दबाव कम किया लेकिन मफाका के अगले ओवर में नोर्टन को कैच दे बैठे। मुरुगन अभिषेक (00) अगले ओवर में रन आउट हुए लेकिन लिम्बानी ने नोर्टन पर छक्का जड़कर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ा। सहारन ने मोकोएना पर चौके के साथ टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया लेकिन जब जीत के लिए एक रन चाहिए था तो रन आउट हो गए। लिम्बानी ने हालांकि मोकोएना पर चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर शुरुआती 10 ओवर के भीतर ही स्टीव स्टॉक (12) और डेविड टीगर (00) के विकेट गंवा दिए। इन दोनों को तेज गेंदबाज राज लिम्बानी (60 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। प्रिटोरियस और सेलेट्सवेन ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संभाला। इन दोनों ने हालांकि 22 से अधिक ओवर खेले। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को भारत के तेज गेंदबाजों लिम्बानी और नमन तिवारी (52 रन पर एक विकेट) ने विलोमूर पार्क की पिच से मिल रही गति और उछाल से काफी परेशान किया। प्रिटोरियस और सेलेट्सवेन भी तेज गति से रन बनाने में नाकाम रहे जिससे इस साझेदारी के दौरान अधिकांश समय रन गति चार रन प्रति ओवर से कम रही। बाएं हाथ के स्पिनरों स्वामी पांडे (38 रन पर एक विकेट) और मुशीर खान (43 रन पर दो विकेट) ने ऑफ स्पिनर प्रियांशु मोलिया के साथ मिलकर सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम की रन गति पर अंकुश लगाया।

प्रिटोरियस ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ने के बाद मोलिया पर मिडविकेट पर छक्का जड़ा लेकिन मुशीर की गेंद पर मिडविकेट पर मुरुगन अभिषेक ने उनका शानदार कैच लपका। सेलेट्सवेन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी की गेंद पर एक रन के साथ 90 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सेलेट्सवेन भी अर्धशतक को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे और तिवारी की गेंद पर बाउंड्री पर मोलिया को कैच दे बैठे। युआन जेम्स (19 गेंद में 24 रन) और ट्रिस्टन लूस (12 गेंद में 23 रन) की पारियों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका अंतिम 10 ओवर में 81 रन जोड़ने में सफल रहा। वर्ष 2014 का चैंपियन दक्षिण अफ्रीका मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय टीम के खिलाफ 200 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम है।

## नेपाल को 4-0 से हराकर भारत सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा

मंगलवार को नेहा के दो गोल की मदद से भारत ने अपने आखिरी लीग मैच में नेपाल को 4-0 से हराकर सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद नेहा ने 54वें और 80वें मिनट में गोलकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। नेहा के दो गोल की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां अपने आखिरी लीग मैच में नेपाल को 4-0 से हराकर सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियन शिप के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद नेहा ने 54वें और 80वें मिनट में गोलकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। टीम के लिए सुलांजना राउल (85वां मिनट) और रेमरौटपुई कोल्ने (90+3 मिनट) ने दो अन्य गोल किये। भारत के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में मेजबान और मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश की चुनौती होगी।

# इयान बॉथम ने टेस्ट क्रिकेट में नई जान फूंकने के लिए इंग्लैंड को श्रेय दिया



इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में नयी जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नये सिरे से परिभाषित किया है। महान ऑलराउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में नयी जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नये सिरे से परिभाषित किया है। बॉथम ने 'एसईएनक्यू 693' से कहा, ''आपको बस दर्शकों की तरफ एक नजर देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आयी। लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं। पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। बॉथम ने कहा, ''आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आयें तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे जो प्रत्येक घंटे में काफी कम रन जुटाये। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाये। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा, आप एक या दो मैच गंवाओगे ही लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। बॉथम ने कहा कि अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ''इसका अन्य टीमों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। अकसर आपने देखा है कि जब टीम के तीन या चार विकेट गिर गये हैं तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। उन्होंने कहा, जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट अब काफी प्रभावित करने लग गया है जो मुझे लगता है कि काफी महत्वपूर्ण है।

# हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार पर नाबालिग से रेप का आरोप, भारतीय टीम के लिए जीते हैं कई खिताब

वरूण कुमार के खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि एक महिला ने उन पर शादी का वादा करके कथित तौर पर कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया।

भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरूण कुमार के खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि एक महिला ने उन पर शादी का वादा करके कथित तौर पर कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

दरअसल, एक विमान कंपनी में कार्यरत महिला ने दावा किया कि वह 2018 में जब अर्जुन पुरस्कार विजेता वरूण के संपर्क में आई तो 17 साल की थी। उस समय वरूण यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में ट्रेनिंग कर रहा था। प्राथमिकी (एफआईआर) में महिला ने आरोप लगाया है कि वरूण ने इंस्टाग्राम के जरिए उससे संपर्क किया और मिलने के लिए जोर दिया। वह मिलने के लिए मैसेज करता रहा लेकिन जब महिला ने कोई



प्रतिक्रिया नहीं दी तो उसने महिला के मित्रों को उसे मुलाकात के लिए मनाने को कहा। मुलाकात करने पर वरूण ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। वे मित्र बने रहे और धीरे-धीरे उनके बीच रिश्ता बन गया।

जुलाई 2019 में भविष्य के बारे में बात करने का हवाला देकर वह महिला को बेंगलुरू के जयनगर के होटल में ले गया और वह नाबालिग है, यह जानते हुए भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने जब रोकने का प्रयास किया तो उसने शादी करने का वादा किया। एफआईआर में कहा गया, ''उसने उस (वरूण) पर शादी के बहाने उसके साथ पांच साल के लंबे रिश्ते के दौरान कई बार शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया।'' बाद में वरूण ने दूरी बनानी शुरू कर दी और महिला के कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। उसने धमकी भी दी कि अगर उसने उस पर शादी के लिए दबाव डाला तो वह उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर देगा।

एफआईआर के मुताबिक महिला ने वरूण पर धोखा देने का भी आरोप लगाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''महिला की शिकायत के आधार पर हमने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की उचित धारा और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी) के तहत मामला दर्ज किया है।

हिमाचल प्रदेश के रहने वाले वरूण ने 2017 में भारत के लिए पदार्पण किया था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने वरूण को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की भी घोषणा की थी। वह 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

# जॉन अब्राहम की नयी फिल्म वेदा का पहला एक्शन पोस्टर रिलीज, फिल्म की रिलीज डेट आयी सामने

साल 2023 बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम के लिए काफी शानदार रहा था। पठान में दमदार विलेन का किरदार निभाने के लिए एक्टर की जमकर तारीफ हुई। फिल्म में उन्होंने शानदार काम किया है। अब एक बार फिर से जॉन अब्राहम वापसी कर रहे हैं।

साल 2023 बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम के लिए काफी शानदार रहा था। पठान में दमदार विलेन का किरदार निभाने के लिए एक्टर की जमकर तारीफ हुई। फिल्म में उन्होंने शानदार काम किया है। अब एक बार फिर से जॉन अब्राहम वापसी कर रहे हैं। जॉन अब्राहम ने बुधवार को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने अपनी आगामी एक्शन फिल्म वेदा का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया। अभिनेता ने बाटला हाउस (2019) के बाद पहली बार निर्देशक निखिल आडवाणी और स्टूडियो के साथ सहयोग किया है। वेद्दा फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ, जॉन ने वेदा की रिलीज़ डेट की भी घोषणा की, जो 12 जुलाई, 2024 है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा उसे एक हथियार मिला। तो, निखिल आडवाणी निर्देशित फिल्म में अग्रणी महिला कौन है? यह बंटी और बबली 2 स्टार



शरवरी है। फिल्म में अभिषेक बनर्जी भी अहम भूमिका में होंगे। कुछ घंटे पहले, अभिनेता ने फिल्म के शीर्षक और अन्य विवरणों का उल्लेख किए बिना अपनी एक रोमांचक तस्वीर वाला टीज़र जारी किया था। पोस्टर में उन्हें अपने दाहिने हाथ में बाहें डाले हुए अपनी पीठ दिखाते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, कार्रवाई शुरू करने के लिए तैयार हो जाइए।

ट्रेड एनालिस्ट और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी वेधा के बारे में जानकारी साझा की और वही पोस्टर साझा किया। जॉन अब्राहम निखिल आडवाणी ज़ी स्टूडियोज ने वेदा के लिए सहयोग किया- फर्स्ट लुक पोस्टर + रिलीज डेट की घोषणा। जॉन अब्राहम और निर्देशक निखिल आडवाणी बाटला हाउस के बाद फिर से एक साथ। वेदा एक एक्शन ड्रामा है जॉन अब्राहम अभिनीत 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नेटफ्लिक्स ने रवि किशन-स्टारर कोर्टरूम ड्रामा मामला लीगल है के प्रीमियर की तारीख तय की

नेटफ्लिक्स ने रवि किशन-स्टारर कोर्टरूम ड्रामा मामला लीगल है के प्रीमियर की तारीख तय की है। रवि किशन अभिनीत कोर्टरूम कॉमेडी मामला लीगल है 1 मार्च को रिलीज होने वाली है, यह एक ऐसी श्रृंखला है जो हास्य, हृदय और कानूनी शब्दजाल के मिश्रण का वादा करती है। नेटफ्लिक्स ने रवि किशन-स्टारर कोर्टरूम ड्रामा मामला लीगल है के प्रीमियर की तारीख तय की है। रवि किशन अभिनीत कोर्टरूम कॉमेडी मामला लीगल है 1 मार्च को रिलीज होने वाली है, यह एक ऐसी श्रृंखला है जो हास्य, हृदय और कानूनी शब्दजाल के मिश्रण का वादा करती है। पटपड़गंज जिला न्यायालय के काल्पनिक दायरे में स्थापित, आठ-एपिसोड की श्रृंखला विचित्र मामलों और अजीब ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करने वाले अपने विलक्षण वकीलों की आंखों के माध्यम से कानून की असली दुनिया की खोज करती है।

सीरीज के निर्माताओं ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पहला पोस्टर जारी किया जिसमें रवि किशन, यशपाल शर्मा, निधि बिष्ट, अनंत वी जोशी, नैला ग्रेवाल, अंजुम बत्रा और विजय राजोरिया जैसे कलाकार शामिल थे। पोस्टर में रवि को एक वकील के अवतार में दिखाया गया है, और पृष्ठभूमि में एक बोर्ड है जिस पर लिखा है, जिला न्यायालय पटपड़गंज, दिल्ली। रवि पटपड़गंज बार एसोसिएशन के करिश्माई अध्यक्ष वीडी त्यागी की जगह लेता है, जो भारत का अटॉर्नी जनरल बनने का सपना देखता है। वीडी त्यागी अपनी टीम के साथ प्रत्येक मामले को हास्य और अप्रत्याशित मोड़ से भर देते हैं, जबकि अपने प्रतिस्पर्धियों को सफलतापूर्वक मात देते हैं।रवि किशन ने इंस्टाग्राम पर आगामी सीरीज का पोस्टर साझा किया और लिखा, मिलिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट पटपड़गंज के जुगाड़ू वकील वीडी त्यागी से, जिनके हाथ कानून से भी लंबे हैं! वकील वीडी त्यागी, 1 मार्च को हमारा दिल और केस जीतने आ रहे हैं। पॉशम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित, समीर सक्सेना इस श्रृंखला के शो-रनर की भूमिका निभा रहे हैं। राहुल पांडे द्वारा निर्देशित, श्रृंखला सौरभ खन्ना और कुणाल अनेजा द्वारा लिखी गई है। मामला लीगल है का प्रीमियर 1 मार्च को नेटफ्लिक्स पर होगा।



# इस तारीख से राजकुमार संतोषी की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सनी देओल

गदर 2 के साथ जोरदार वापसी करने के बाद, सनी देओल लाहौर 1947 नामक अपनी अगली बड़ी परियोजना की शूटिंग के लिए तैयार हैं। नवीनतम मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आगामी फिल्म के निर्माता सेट बनाने और फिल्म की शूटिंग शुरू करने की प्रक्रिया में हैं। गदर 2 के साथ जोरदार वापसी करने के बाद, सनी देओल लाहौर 1947 नामक अपनी अगली बड़ी परियोजना की शूटिंग के लिए तैयार हैं। नवीनतम मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आगामी फिल्म के निर्माता सेट बनाने और फिल्म की शूटिंग शुरू करने की प्रक्रिया में हैं। अगले सप्ताह। मिड-डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लाहौर 1947 के निर्माताओं ने शूटिंग के लिए एक शरणार्थी शिविर स्थापित किया है।

मिड-डे ने एक सूत्र के हवाले से बताया राजकुमार संतोषी के पास दृश्यों के लिए एक निश्चित पैलेट और दृष्टिकोण है। यह शूट आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा तैयार किए गए



शूट से अलग होगा। आमिर को यकीन है कि निर्देशक उनके विज़न के साथ चलेंगे और उनकी भूमिका केवल एक निर्माता की बनकर रह जायेगी। शूटिंग का पहला दिन 12 फरवरी है। इस हफ्ते, टीम लॉजिस्टिक्स पर काम करेगी। इससे पहले, राजकुमार संतोषी ने प्रोजेक्ट पर एआर रहमान और जावेद अख्तर के साथ सहयोग करने के बाद कहा था, इतनी बड़ी फिल्म के लिए, मैं संगीतकार के रूप में एआर रहमान के अलावा किसी और के बारे में नहीं सोच सकता, वह शीर्ष संगीतकारों में से एक हैं। अभी दुनिया. जावेद अख्तर और मेरे बीच कई सालों से बहुत अच्छा रिश्ता है। एक गीतकार के रूप में इस प्रोजेक्ट के लिए उनका होना खुशी की बात है। यह वास्तव में सबसे अच्छी ड्रीम टीम है और इसका एक साथ आना दुर्लभ है। पूरी सकारात्मकता और ऊर्जा से भरपूर, हम बहुत जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म का निर्माण आमिर खान ने अपने बैनर आमिर खान प्रोडक्शंस के तहत किया है। अंदाज़ अपना अपना (1994) के बाद यह पहली बार है जब आमिर और राजकुमार संतोषी ने साथ काम किया है।

# पवन कल्याण की ओजी की रिलीज डेट घोषित, इमरान हाशमी फिर निभाएंगे विलेन का किरदार!

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण पिछले काफी समय से अपनी आने वाली फिल्म ओजी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म की पहली झलक सामने आने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज डेट की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण पिछले काफी समय से अपनी आने वाली फिल्म ओजी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म की पहली झलक सामने आने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज डेट की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। हालाँकि, अब इंतज़ार ख़त्म हो गया है। निर्माताओं ने आधिकारिक घोषणा कर दी है और बताया है कि ओजी इस साल स्क्रीन पर कब आएगी। इसके अलावा, इमरान हाशमी इस फिल्म से अपना तेलुगु डेब्यू करेंगे। पवन कल्याण-इमरान हाशमी की फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस डीवीवी ने मंगलवार को फिल्म से जुड़ा एक पोस्टर शेयर किया है. प्रोडक्शन हाउस ने खुलासा किया है कि ओजी 27 सितंबर, 2024 को



रिलीज होगी। पोस्टर भी दिलचस्प लग रहा है। इसमें साउथ सुपरस्टार हाथ में चाय का गिलास लिए नजर आ रहे हैं, जो उनकी राजनीतिक पार्टी का प्रतीक भी है। ओजी स्टार कास्ट की बात करें तो इस फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी, प्रियंका अरुल मोहन, अर्जुन दास, प्रकाश राज, श्रिया रेड्डी, हरीश उथमन, अभिमन्यु सिंह, अजय घोष और सुभलेखा सुधाकर जैसे कई कलाकार शामिल हैं। इमरान हाशमी ओजी के साथ अपना तेलुगु डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सलमान खान स्टारर टाइगर 3 के बाद वह एक बार फिर विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि यह फिल्म एक गैंगस्टर ड्रामा है जो मुंबई माफिया के इर्द-गिर्द घूमती है। ओजी का संपादन नवीन नूली द्वारा किया गया है, संगीत थमन एस द्वारा दिया गया है, और छायांकन रवि के चंद्रन द्वारा संभाला गया है। कहानी और निर्देशन सुजीत ने किया है। पवन कल्याण के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हरीश शंकर के साथ उस्ताद भगत सिंह नाम की फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जो इस साल के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## देश को बांटने की कोशिश कर रही कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा %संविधान की यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर राष्ट्रपति जी के भाषण का एक एतिहासिक महत्व भी रहता है। उन्होंने अपने भाषण में भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास को प्रकट किया है और भारत के कोटि-कोटि जनों का जो सामर्थ्य है, उसे भी बहुत कम शब्दों और बहुत शानदार तरीके से सदन में प्रस्तुत किया है। मैं राष्ट्रपति जी के इस प्रेरक उद्बोधन के लिए और राष्ट्र को दिशा देने के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा आज भी आप न सुनने की तैयारी के साथ आए हैं। लेकिन मेरी आवाज को आप दबा नहीं सकेंगे। देश की जनता ने इस आवाज को ताकत दी हुई है। देश की जनता के आशीर्वाद से आवाज निकल रही है। इसलिए इस बार मैं भी पूरी तैयारी से आया हूं। उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल से एक आवाज आई थी कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा मैंने सुना है लोकतंत्र में आपका कहने का अधिकार है और हमारी सुनने की जिम्मेदारी है। आज जो भी बातें हुई हैं, उसे मुझे देश के सामने रखना चाहिए। जब मैं सुनता हूं तब मेरा विश्वास पक्का हो गया कि यह पार्टी (कांग्रेस) सोच से भी आउटडेटेड हो गई है। जब सोच आउटडेटेड हो गई है, तो उनका काम भी आउटडेटेड हो गया है। देखते ही देखते इतने दशकों तक देश पर राज करने वाला दल, इतना बड़ा दल, उसका यह हाल हो गया। हमें खुशी नहीं हो रही, हमें संवेदना है। लेकिन डॉक्टर क्या करेगा, जब मरीज ही ऐसा हो तो।

पीएम मोदी ने कहा जिस कांग्रेस ने सत्ता के लालच में सरेआम लोकतंत्र का गला घोंट दिया था। जिस कांग्रेस ने दर्जनों बार लोकातांत्रिक तरीकों से चुनकर आई सरकारों को रातों रात भंग कर दिया। बर्खास्त कर दिया।

# सीएम सिद्धारमैया ने जंतर-मंतर से बनाई रणनीति संसद का घेराव करेगी कर्नाटक कांग्रेस!

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में केंद्र सरकार की ओर से जरूरत के मुताबिक बजट न देने और उसमें भी कटौती किए जाने को लेकर जंतर-मंतर पर कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उनको जरूरत के मुताबिक बजट नहीं मिला, तो वह आगे और बड़े आंदोलन करेंगे। वहीं इस प्रदर्शन में मौजूद कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने बड़ी रणनीति बनाते हुए आगे का पूरा खाका तैयार किया है। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से जिन राज्यों में बजट की कटौती की जा रही है, उन सभी को एक मंच पर लाया जाएगा। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर संसद के घेराव की भी रणनीति बनाई जा रही है। जंतर-मंतर पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार समेत कर्नाटक सरकार के मंत्रिमंडल के दर्जनों सदस्य और विधायक शामिल हुए। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस शासित कर्नाटक राज्य की जनता के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने मंच से कर्नाटक के आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका राज्य अलग-अलग टैक्स के माध्यम से केंद्र को साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के करीब चुका रहा है। जबकि केंद्र सरकार उनको पचास हजार करोड रुपये ही दे रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों को केंद्र सरकार लगातार बढ़ा हुआ बजट दे रही है।

**धरना-प्रदर्शन**

**कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों ने धरना-प्रदर्शन किया।**



इस दौरान कर्नाटक से आए कांग्रेसी नेताओं ने भी केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर नाराजगी जाहिर की। कर्नाटक कांग्रेस के नेता शाहू शारिक कहते हैं कि केंद्र सरकार ने जो बजट में कटौती की है, अगर वह पूरी नहीं हुई, तो कुछ समय बाद उनके कार्यकर्ता एक बार फिर से दिल्ली पहुंचेंगे और संसद का घेराव करेंगे। शारिक ने कहा बुधवार को जो प्रदर्शन हुआ है, वह महज एक संकेतभर है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री कैबिनेट के मंत्रियों समेत विधायकों की आवाज को नहीं सुना, तो जल्द ही बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान कर्नाटक सरकार के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि वह कर्नाटक के लोगों की मांगों को लेकर ही दिल्ली पहुंचे हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि अभी तक केंद्र सरकार की ओर से उन्हें सूखा राहत राशि नहीं मिली है। वह कहते हैं कि केंद्र सरकार सिर्फ राज्य में कांग्रेस की सरकार होने के चलते यहां की लोगों के साथ बदनियति से कम कर रही है।

## पाकिस्तान के साथ अभी भी हो रहा कुछ व्यापार सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी




**नई दिल्ली।** अनुप्रिया पटेल ने कहा यह पाकिस्तान की जिम्मेदारी है कि वह भारतीय उत्पादों को सेंट्रल एशिया के देशों तक जाने के लिए अपने क्षेत्र से रास्ता दे। सरकार ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान के साथ अभी भी जलमार्ग और हवाई मार्ग से थोड़ा व्यापार हो रहा है, लेकिन सीमा से दोनों देशों के बीच व्यापार पूरी तरह से बंद है। सरकार ने ये भी कहा कि ये व्यापार पाकिस्तान ने एकपक्षीय तरीके से भारत के साथ व्यापार बंद किया है। वाणिज्य और उद्योग केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को लोकसभा में ये जानकारी दी।

अनुप्रिया पटेल ने कहा यह पाकिस्तान की जिम्मेदारी है कि वह भारतीय उत्पादों को सेंट्रल एशिया के देशों तक जाने के लिए अपने क्षेत्र से रास्ता दे। पटेल ने कहा इससे पहले पाकिस्तान के साथ व्यापार अटारी-वाघा बॉर्डर और कराची पोर्ट के द्वारा होता था। अब जमीन के रास्ते कोई व्यापार नहीं हो रहा है और सिर्फ जलमार्ग और हवाई मार्ग के रास्ते ही कुछ व्यापार हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, इनलैंड कंटेंडर डिपो, तुगलकाबाद, मुंद्रा एसईजेड, एयर कार्गो कॉम्पलेक्स मुंबई और एयर कार्गो कॉम्पलेक्स हैदराबाद और अन्य अन्य के माध्यम से पाकिस्तान से व्यापार हो रहा है।

पटेल ने कहा हमने पाकिस्तान के साथ व्यापार नहीं रोका है और पाकिस्तान की तरफ से ऐसा किया गया है।

## अखिल भारतीय कूरियर धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार, हिमाचल प्रदेश से पकड़ा गया जालसाज

**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय कूरियर धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है।



ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 5.58 करोड़ रुपये की अखिल भारतीय कूरियर धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई करते हुए हरियाणा के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को मामले में जानकारी दी। ओडिशा के आर्थिक अपराध शाखा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आरोपी की पहचान मोहाली के रजत कुमार के रूप में हुई है, जिसे चार फरवरी को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, उसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी को भुवनेश्वर लाया गया।

ओडिशा के भुवनेश्वर की एक पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था, जिसके के बाद ओडिशा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पाया कि कूरियर कंपनियों के नाम पर इस्तेमाल किया जा रहा था, जो एक बड़ा घोटाला है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ईओडब्ल्यू को इस घोटाले के असली मास्टमाइंड और दुबई में बैठे जालसाजों के बारे में अहम सुराग मिले हैं।

मामले की जानकारी देते हुए ओडिशा पुलिस ने कहा कि धोखाधड़ी से जुड़े अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आर्थिक कार्यालय विंग ने कहा कि अब तक इस मामले में 17 आपत्तिजनक बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं।

## पुलिस को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच कर रही ईडी

**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने दावा किया है कि उसने जबरन वसूली के आरोपियों से दो सौ से ज्यादा दस्तावेज और कागजात जब्त किए हैं। इनमें कुछ कागजात महादेव एप मामले से जुड़े भी हैं।

**गिरफ्तार**

**पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूने की कोशिश कर रहे थे।



पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस स्टेशन में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा 386 (व्यक्ति को मौत के डर में डालकर जबरन वसूली) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी में ईडी के एक व्यक्ति का भी नाम शामिल है।

अपराध शाखा के एक अधिकारी ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में मुख्य आरोपी भी एक बिल्डर है। वह शिकायतकर्ता का एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में साझेदार भी रह चुका है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह और आरोपी बिल्डर साझा रूप से मुंबई के बांद्रा इलाके में एक पुरानी हाउसिंग सोसायी की इमारत का पुनर्विकास कर रहे थे।

### राहुल ने राउरकेला में मंदिर के दर्शन किए

**राउरकेला।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच ''गठजोड़'' है और कांग्रेस राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है। उन्होंने कहा, ''आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेन्द्र मोदी की साझा सरकार है। दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा का समर्थन करती है। बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान करते हैं।'' राहुल ने रैली के दौरान कहा, ''मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए ओडिशा आया हूं।'' कांग्रेस नेता ने ओडिशा में बीजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के 30 लाख लोग आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों में विस्थापित हो गए हैं क्योंकि राज्य सरकार ''उनके लिए काम नहीं कर रही है।''

## चुनाव से एक दिन पहले पाकिस्तान में धमाका निर्दलीय उम्मीदवार के कार्यालय के बाहर विस्फोट, 25 की मौत, 40 घायल

**आउटलेट**

**पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, "निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक उम्मीदवार के कार्यालय के बाहर बुधार को जोरदार धमाका हुआ। जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। जबकि लोग घायल हो गए।

पाकिस्तान में आम चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक निर्दलीय उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस दौरान 25 लोग मारे गए और 40 से ज्यादा घायल हो गए हैं। विस्फोट बलूचिस्तान के पिशिन जिले में खानोजई क्षेत्र स्थित निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर हुआ।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, ''निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।'' पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें 'टाइमर' लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

### अदन की खाड़ी में एक ही दिन में दो जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

**नई दिल्ली।** हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इस्राइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है। एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, इंडियाना में मृत मिला, इस साल ऐसी छठी घटना

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला किया गया गया। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। विश्वविद्यालय की स्वतंत्र समाचार एजेंसी द पर्ड्यू एक्सपोनेंट के मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की।

एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। समीर ने मैसैचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्याल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया था। इसके बाद वह 2021 के गर्मी के दिनों में पर्ड्यू आए थे। उन्हें 2025 में डॉक्टरेट कार्यक्रम में शामिल होना था।

**हमला**

**एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो शहर में हमला किया**

एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो शहर में हमला किया गया। घटना उनके घर के पास ही हुई। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें अली खून से लथपथ दिखाई दे रहे हैं।

अली करीब छह महीने पहले हैदराबाद से अमेरिका आए थे। उन्होंने एक समाचार चैनल को बताया कि हमलावरों में से एक ने उन पर बंदूक तान दी थी। वीडियो में



दिखाई दे रहा है कि अली रात हाथ में एक पैकेट ले जाते हुए अपने घर जा रहे हैं। तभी तीन लोग उनका पीछा करते हैं। इसके बाद वे अली पर हमला कर देते हैं।

अली ने बताया कि उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका उपचार हुआ। उन्होंने कहा, अमेरिका मेरा सपनों का देश रहा है और मैं यहां अपने सपनों को पूरा करने के लिए आया हूं। इस घटना ने मुझे सहमा दिया है। खबरों के मुताबिक, पुलिस ने अब तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। मामले की जांच जारी है।

वहीं, इस मामले पर भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भी प्रतिक्रिया दी है। महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर लिखा कि वह अली और उनकी पत्नी सैयदा रुकिया फातिमा रिजवी के संपर्क में है और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### हिन्द महासागरीय क्षेत्र में चीन मजबूत कर रहा पकड़

**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दुनिया में इतनी धौंस दिखा रहे हैं। हाल में, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलविन चीन में थे और इधर चीन और अमेरिका के बीच में तल्खी घटने के संकेत मिल रहे। अमेरिका चीन को भड़काने वाला कोई कदम नहीं उठा रहा है। उसके भीतर आ रहे बदलाव पर भारत की पैनी निगाह है। दूसरी तरफ चीन और भारत के संबंध अभी भी सामान्य नहीं हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल भी कहते हैं कि भारत और चीन के संबंध सामान्य नहीं है। विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार भारत और चीन के बीच में संबंध को असामान्य बताने के साथ उसे नसीहत, सुझाव सब दिए हैं। हालांकि, संबंधों के पटरी पर आने को लेकर विदेश मंत्रालय के अधिकारी अभी कुछ स्पष्ट बता पाने की स्थिति में नहीं है।

## राजनीतिक दल महिलाओं को 5% सीटें आवंटित करने में भी नाकाम, मानवाधिकार संगठन ने जताई नाराजगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव में महिलाओं के लिए पांच प्रतिशत सीटें आवंटित करने में पाकिस्तान के तमाम राजनीतिक दल विफल रहे हैं। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग(एचआरसीपी) ने इसको लेकर नाराजगी जताई है। पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। तमाम राजनीति दलों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। आम चुनाव के लिए मतदान में महज एक दिन ही बचा है। पाकिस्तान के राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। इसी बीच, पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने सामान्य सीटों पर महिलाओं के लिए अपनी पार्टी के कम से कम पांच प्रतिशत उम्मीदवारों को आवंटित करने में राजनीतिक दलों की विफलता पर निराशा जताई है।

पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग(एचआरसीपी) ने सोशल




मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए आम चुनाव के लिए महिलाओं के प्रतिनिधित्व की आवश्यकता की वकालत की। उन्होंने कहा कि कम से कम एक तिहाई उम्मीदवार महिलाएं हों। गौरतलब है कि एचआरपीसी एक स्वतंत्र अधिकार निकाय है, जो आम चुनाव में महिलाओं की भागीदारी पर जोर देता है। एचआरसीपी ने इस मुद्दे के संबंध में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) से स्पष्टीकरण का अनुरोध करने के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। इससे चुनाव में महिलाओं उम्मीदवारों की भागीदारी को बल मिलेगा। राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों की अंतिम सूची के प्रकाशन में देरी के बारे में गंभीर चिंता साझा करते हुए संगठन ने कहा कि चुनावी प्रतीकों के आवंटन के लिए उनकी पात्रता के लिए अनुच्छेद 206 का अनुपालन एक कानूनी दायित्व था। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए ईसीपी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए, फाउंडेशन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि आयोग महिलाओं को पार्टी के 5 प्रतिशत टिकटों का आवंटन सुनिश्चित करेगा। इससे पहले, पाकिस्तान चुनाव आयोग(ईसीपी) ने राजनीतिक दलों से आगामी आम चुनावों के लिए सामान्य सीटों पर महिलाओं का पांच प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया था। ईसीपी प्रवक्ता ने एक बयान में अधिक समावेशी और प्रतिनिधि लोकतंत्र में योगदान देने के लिए सभी राजनीतिक दलों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

## आर्थिक संकट के बावजूद विकास की उम्मीद, श्रीलंकाई संसद के सत्र में बोले राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** नकदी संकट की मार झेल रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि देश ने पिछले साल नकारात्मक वृद्धि के बावजूद देश ने 2023 की तीसरी तिमाही में 1.6 प्रतिशत की विकास दर के साथ वापसी की है।

नकदी संकट से जूझ रही श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव के संकेत राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने दिए हैं। बुधवार को राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि पिछली साल नकारात्मक वृद्धि के बावजूद देश ने 2023 की तीसरी तिमाही में 1.6 प्रतिशत की विकास दर के साथ वापसी की है। गौरतलब है कि 1977 के बाद पहली बार 2023 के अंत तक अधिशेष भी हासिल किया है। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे श्रीलंकाई संसद के पांचवें सत्र के पहले दिन सरकारी नीतियों पर भाषण दे रहे थे।

संसद में अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि 2022 में 7.8 फीसदी जीडीपी संकुचन और लगातार छह तिमाहियों से नकारात्मक वृद्धि के बावजूद देश ने 2023 की तीसरी तिमाही में देश ने वापसी की है। इसके साथ ही



विक्रमसिंघे ने आगे देश के आर्थिक परिदृश्य में एक जरूरी बदलाव की घोषणा भी की है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए यह घोषणा की है कि सरकार को उम्मीद है कि आर्थिक सुधारों को लागू करना जारी रखकर देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करते हुए लोगों पर कर का बोझ कम किया जाएगा। राष्ट्रपति ने पांचवें सत्र के उद्घाटन को एक औपचारिक समारोह के रूप में आयोजित करने का निर्देश दिया था।

इससे पूर्व जनवरी माह में अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका और भारत के जमीन संपर्क को बेहद अहम करार दिया है। उन्होंने युद्धग्रस्त क्षेत्र के विकास पर चर्चा के लिए जाफना का दौरा किया था। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूर्वोत्तर मन्नार और दक्षिण भारत के बीच पुल बनाने के विचार पर चर्चा की है। विक्रमसिंघे ने कहा, दिवालिया हो चुकी श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को दोबारा मजबूत बनाने के लिए वह ऐसे फैसले लेने को भी तैयार हैं, जो जनता की नजर में अलोकप्रिय हो सकते हैं। उन्होंने उत्तरी क्षेत्र जाफना की अर्थव्यवस्था को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने के तरीकों पर काम करने का वादा भी किया था।

# गायन की विभिन्न शैलियों से छात्रों को कराया परिचित

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के संगीत विभाग के तत्वावधान में आज विशिष्ट व्याख्यान एवं सह प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे इलाहबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग के प्रो0 पंडित प्रेम कुमार मल्लिक को आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा डॉ0 नम्रता देब के निर्देशन में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई जिसमें तबले पर संदीप चक्रवर्ती ने संगत की। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 आशिमा घोष ने उक्त कार्यक्रम के मुख्य कलाकार प्रोफेसर पंडित प्रेम कुमार मलिक का स्वागत किया। महाविद्यालय की सह0 आचार्या डॉ0 नंदिनी मुखर्जी ने आमंत्रित कलाकारों का परिचय दिया।

प्रोफेसर पंडित प्रेम कुमार मलिक जी ने अपने गायन के अंतर्गत ध्रुपद एवं ख्याल की प्रस्तुति विभिन्न तालों के माध्यम से दी साथ ही अपने ठुमरी, दादरा इत्यादि गायन शैलियों का प्रदर्शन करते हुए उनके बारे में छात्राओं को अवगत कराया। आपके साथ विनोद कुमार मिश्र ने तबले पर बेहतरीन संगत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य शिक्षिकाएं जिनमें डॉ0 सुषमा श्रीवास्तव, डॉ0 काजल देव, डॉ0 मीनाक्षी यादव डॉक्टर निर्मल गुप्ता भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंकिता चतुर्वेदी ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में डॉ. संगीता सहगल ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# बारात लेकर जा रहे दूल्हे को प्रेमिका ने रोका

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**प्रयागराज।** शादी के दिन घर से बारात लेकर निकले दूल्हे को उसके घर के पास एक युवती ने रोक लिया। युवती ने सड़क पर ही खुद को प्रेमिका बताते हुए हंगामा शुरु कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूल्हे को हिरास्त में लेकर थाने उठा लाई। युवती ने बताया कि वो उसकी प्रेमिका है और युवक कई सालों से उसे चाहता था। युवक ने शादी करने का वादा भी किया था। लेकिन अब हमको धोखा देकर किसी और से शादी करने जा रहा है। मामला मंगलवार की रात का है। जानकारी के अनुसार मेजा के अकोढ़ा गांव निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने अपने बेटे शुभम गौड़ का रिश्ता कोरांव में तय किया था। मंतलवार को शुभम बरात लेकर कोरांव जाने के लिए तैयारी के साथ निकला तभी युवती प्रेमी के दरवाजे पर पहुंच गयी और शोर मचाते हुए हंगामा करने लगी। युवती खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताया। युवती ने बताया कि वह रायबरेली में रहती है। पिछ्ले कई सालों से शुभम से चाहती है। शुभम ने उससे शादी शादी करने के लिए भरोसा दिलाया था, लेकिन अब कई किसी दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची मेजा पुलिस ने दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया और थाने उठा लाई। इस मामले के बाद सारे बारातियों को सदमा लग गया। सभी बराती सोच में पड़ गये। काफी समय तक कानाफूसी चलती रही। बाद में सभी अपने घर चले गए। उधर परिजन रोने बिलखने लगे। पूरा परिवार परेशान हो गए। बराती और कन्या पक्ष का पूरा इंतजाम धरा रह गया।

# सातवें इमाम मूसा-ए-काज़िम की शहादत पर निकाला गया ताबूत

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** दरियाबाद स्थित अहाता नवाब आग़ा अली खान में असीरे बग़दाद सातवें इमाम मूसा ए काज़िम की शहादत पर मोमनीन इलाहाबाद की ओर से शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें मशहूर मर्सीयाख्वान कज्जन साहब के बड़े बेटे रज़ा इस्माइल सफवी ने सोज़ख्वानी की तो मुज़फ्फरनगर के मौलाना सैय्यद मोहम्मद हुसैन हुसैनी साहब क़िब्ला ने सातवें इमाम मूसा ए काज़िम की शहादत का मार्मिक अंदाज़ में वर्णन किया। नजीब इलाहाबादी के संचालन में अन्जुमन शब्बीरिया रानीमंडी, अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार, अन्जुमन हुसैनिया क़दीम दरियाबाद, अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा क़दीम दरियाबाद व अन्जुमन नक़विया दरियाबाद के नौहाख्वानो ने सिलसिलेवार नौहा और मातम की सदा बुलन्द कि। सभी मातमी अन्जुमनों ने जुलूस की शक्ल में इमामबाड़ा मोजिज़नूमा में मातम करते हुए पहुंच कर पुरसा पेश किया। मौलाना आमिरुर रिज़वी की क़यादत में पंडाल व मैदान में लगी सभी लाईटों को बुझा कर मोमबत्ती की रौशनी व सुगन्धित लोहबान जला कर जियारत को ताबूत इमाम मूसा ए काज़िम निकाला गया। अक़ीदतमन्दों ने नम आंखों से ताबूत का बोसा लिया। इस मौक़े पर मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी, मौलाना इरफान जै़दी, मौलाना आमिरुर रिज़वी, रज़ा हसनैन, नजीब इलाहाबादी, हसन नक़वी, रौनक़ सफीपुरी, बाक़र नक़वी, शफक़त अब्बास पाशा, सैय्यद अज़ादार हुसैन, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, रिज़वान जव्वादी, मक़सूद रिज़वी, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने 60 लाख में अवैध शराब पकड़ा

**आजमगढ़।** जनपद पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ा है। रानी की सराय थाना पुलिस व एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चेकपोस्ट से एक ट्रक को पकड़ा। जिसमें भारी मात्रा में बाहरी शराब बरामद हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत 50 से 60 लाख रुपये आंकी जा रही है। रानी की सराय थाना पुलिस व एसओजी टीम सोमवार की रात थाने पर किसी मामले को लेकर वार्ता कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चेकपोस्ट से एक ट्रक भारी मात्रा में बाहरी अंग्रेजी शराब लेकर गुजरने वाली है। इस सूचना पर एसओजी व रानी की सराय थाना पुलिस ने चेकपोस्ट पर घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दिया। कुछ ही देर में एक ट्रक को पुलिस ने पकड़ा। जिसमें तोस्ट के पेटी के बीच कुल 623 पेटी अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी।

# देश में भाजपा आपातकाल जैसे हालत बना रही: डॉ. अमित



अवधनामा संवाददाता

- पी डी ए चौपाल में गायक गोरख यादव ने बांधा समां

**जौनपुर(करजाकलां)** समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा पी डी ए पखवाड़े का आयोजन सदर बिधान सभा सेक्टर जफरपुर के सिद्दीकपुर में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा-अमित यादव ने कहा की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है विरोधी दलों के नेताओं की आवाज ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के अधिकारियों की मदद से दबा रही है देश में भाजपा आपातकाल जैसे हालत बना रही है सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ध्यान भटकने के लिए धार्मिक मुद्दों को बढ़ावा देती है ।पूर्व प्रदेश सचिव राजन यादव तथा प्रदेश सचिव बाबा साहेब वाहिनी ने अपने अपने बिचार ब्यक्त किये। इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक उपाध्यक्ष मिठाई लाल जीतेन्द्र यादव, प्रधान राम आसरे यादव, दुर्गा यादव, प्यारे लाल गौतम, नसीम खान, डा-राज बहादुर यादव, शिव नाथ बिश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन दारा सिंह चौहान ने किया।

# किशोरी से रेप मामले में एक को दस वर्ष का सश्रम कारावास

अवधनामा संवाददाता

- कोर्ट ने दोषसिद्ध अभियुक्त पर ठोंका पचास हजार का जुर्माना
- मार्च 2015 में हुई थी वारदात

**प्रयागराज।** अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट के जज वरूण मोहित निगम ने एक किशोरी के साथ रेप मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। बहराइच कोर्ट ने दोषसिद्ध अभियुक्त पर पचास हजार का जुर्माना ठोंका है। जिसे अदा न करने पर दोषसिद्ध अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो एक्ट सुरेन्द्र मौर्या ने बताया कि नानपारा कोतवाली के एक गांव निवासनी 16 वर्षीय बेटी 14 मार्च 2015 को गांव के बाहर खेत में शौच को गई थी। वहां पहले से ही घात लगाए बैठे इसी कोतवाली के मथुरा गांव निवासी अयोध्या प्रसाद पुत्र सीताराम ने उसे रेप की नियत से पकड़ा। किशोरी के शोर पर गांव के लोग दौड़े। उन्होने अयोध्या प्रसाद को पकड़ लिया। इसी दौरान लोक लाज के भय से बेटी ने जहर खा लिया। उसे आनन फानन में अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पकड़े गये आरोपी को पुलिस के हवाले करते हुए पीड़ित पिता ने रेप व पाक्सो एक्ट मे अयोध्या प्रसाद को नामजद कर केस दर्ज कराया। पुलिस ने किशोरी का मेडिकोलीगल व कोर्ट में बयान कराए। इस मामले में विवेचक ने तहकीकात कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। जिस पर कोर्ट में विचारण शुरू हुआ। कोर्ट में गवाहों के बयान दर्ज हुए। इस मामले में बुधवार को जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन से विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो एक्ट सुरेन्द्र कुमार मौर्या के तर्को को सुना। जज ने अयोध्या प्रसाद को दोषसिद्ध पाए जाने पर दस वर्ष का सश्र कारावास व पचास हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने का आदेश सुनाया है।

# साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शासन द्वारा निर्गत आदेश निर्देश के क्रम में साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर अपराध कार्यक्रम का आयोजन देवगांव थाना क्षेत्र के नुरजहाँ चिल्ड्रेन स्कूल लालगंज में व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया है । इस दौरान कॉलेज में करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने साइबर जागरूकता में प्रतिभाग किया जिन्हें साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें सावधानी बरतने की अपील की गयी । साइबर क्राइम सेल के पुलिस कर्मियों द्वारा विद्यार्थियों को फेसबुक हैकिग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी गयी । साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट मीडिया साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में छात्र / छात्राओं को जागरूक किया गया । सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमेट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, इंटरनेट मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर गलत तरिके से प्रलोभन देकर रुपयों की मांग करने वालों से, व गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च न करने के बारे में व यूपीआइ संबंधित फ्राड के प्रति भी छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया।

# श्री राम जी के आदर्शों के अनुरूप विद्यालयों को ज्ञान का मंदिर बनाएं: नृत्य गोपालदास जी महाराज

अवधनामा संवाददाता

- ठाकुर हरनारायण सिंह की प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण

**प्रयागराज।** ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के द्वारा आयोजित श्री राम महायज्ञ के अंतिम दिवस पर महायज्ञ की पूर्ण आहुति पूरी विधि विधान के अनुसार की गई तत्पश्चात ठाकुर हरनारायण सिंह पीजी कॉलेज के प्रांगण में ठाकुर हरनारायण सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम के अध्यक्ष श्री श्री 1008 पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास महाराज जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में विद्यालय को माता सरस्वती का ज्ञान का मंदिर मानता है क्योंकि इस मंदिर के माध्यम से ही राष्ट्र निर्माण की नींव रखी जाती जिससे देश का भविष्य निर्मित होता है। उन्होंने आगे कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के युग में शिक्षा के प्रांगण स्थल को हम ज्ञान के मंदिर के रूप में जानते थे आज हमें मर्यादा श्री राम जी के आदर्शों के अनुरूप अपने विद्यालयों को अब ज्ञान का मंदिर बनाना है। श्री राम जी के जीवन चरित्र से हमें शिक्षित होना होगा जिससे कि आने वाले भविष्य में हम राम राष्ट्र की स्थापना कर सके।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि ठाकुर हर नारायण सिंह के जीवन चरित्र प्रदर्शन डालते हुए कहा कि ठाकुर हर नारायण सिंह जी का जन्म 4 सितंबर 1911 को कानपुर जिले के शिवराजपुर ग्राम में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कानपुर जिले में हुई। 1934 में रेलवे विभाग में नियुक्त हुए और 1966 तक उन्होंने रेलवे विभाग की सेवा की। उनका भारतीय संस्कृति और साहित्य से उनका विशेष लगाव रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ठाकुर उदय प्रताप सिंह एवं कॉलेज के संस्थापक देवेंद्र सिंह चंदेल ने पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास महाराज जी को एवं सांसद रीता बहुगुणा जोशी और महायज्ञ में शामिल सभी पूज्य संतों को श्री राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह समर्पित कर उन्हें सम्मानित किया और आशीर्वाद लिया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी दी ठाकुर उदय प्रताप सिंह पीजी कॉलेज का फाउंडेशन डे 8 फरवरी को शाम 5:00 बजे से सेलिब्रेशन के रूप में कॉलेज परिसर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर इंडिया गॉट टैलेंट विनर फ्रेम प्रिंस डांस ग्रुप एवं रनर फ्रेम थे गोल्डन गर्ल्स डांस ग्रुप अपनी प्रस्तुति करेंगे। कार्यक्रम का संचालन आभा मधुर श्रीवास्तव एवं अभिषेक ठाकुर ने किया। इस अवसर पर राजेश केसरवानी, हरीश त्रिपाठी, मंजूषा सिंह, ज्ञान कुशवाहा एवं कॉलेज के सभी अध्यापक एवं छात्रगण एवं उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो की मौत

**जौनपुर (खुटहन)** बुद्धवार की सुबह बनुवाडीह गाँव के पोखरे में एक नेपाली नागरिक का शव मिलने से सनसनी फैल गई देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी सुचना पाकर पहुची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया नेपाल निवासी व्यक्ति पुरे अधिकारी 60 वर्ष भागमलपुर गाँव में पहरेदार का काम पिछले 10 वर्षो से करता था साथ ही उसका बेटा उक्त गाँव में दुकान चलाता है सप्ताह पुर्व वह लापता हो गया था जिसकी तलाश चल रही थी पुरे अधिकारी के परिवार में पत्नी जय कला अधिकारी एक पुत्री विनीता व तीन पुत्र गणेश धर्माधिकारी दिनेश है वही मंगलवार की शाम काजिशाहपुर गाँव में पुलिया के पास झारखंड निवासी एक व्यक्ति का शव औंधे मुह पडा मिला वह सभा जीत यादव के ईट भट्ठे पर काम

# अपने उत्कृष्ट कार्य से आप सदैव याद किए जाते है: नीरज

- शिक्षक विदाई/स्वागत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुफ्तीगंज)** कंपोजिट विद्यालय तारा में शिक्षक विदाई एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, पारस्परिक स्थानातंरण में विद्यालय से स्थानांतरित शिक्षक सर्वेश कुमार की विदाई व अमित शर्मा का स्वागत हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव ल एवं अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह जी ने किया नीरज श्रीवास्तव सर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक सिर्फ विद्यालय से स्थानांतरित होता है जिम्मेदारियों से नहीं शिक्षक जहां भी जाता है वह अपनी जिम्मेदारियां को और भी बढ़ाता है क्योंकि उसके ऊपर इस बात का दबाव होता है कि वह पिछले विद्यालय से क्या सीख कर आया और वह पिछले विद्यालय से क्या सीख कराया और वर्तमान विद्यालय को क्या सीख देता है। जिला मंत्री सतीश पाठक ने न्यायपंचायत के नवागंतुक शिक्षक साथियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में पूरे न्याय पंचायत से उपस्थित अध्यापकों के साथ कुछ नए अध्यापक जो स्थानांतरित होकर आए हैं खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा सभी लोगों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया और सभी शिक्षकों ने आश्वस्त भी किया कि हम लोग पूरी लगन के साथ पूरे ब्लॉक का नाम रोशन करेंगे और पूरे ब्लॉक को निपुण ब्लॉक की श्रेणी में लाकर खड़ा करेंगे।कार्यक्रम के अंत में जिला उपाध्यक्ष कंपोजिट विद्यालय तारा के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह टोनी ने न्याय पंचायत के उपस्थित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# राजस्व वसूली में लापरवाही हुई तो होगी कार्यवाही: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**आज़मगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर (राजस्व प्राप्तियों) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने स्टांप एवं पंजीकरण, आबकारी, जीएसटी, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी एवं नगर विकास विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करते हुए राजस्व में वृद्धि करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों का मुख्य उद्देश्य राजस्व में वृद्धि करना है। इसलिए राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही न दिखाई जाए। उन्होंने जीएसटी को ऑटोमोबाइल कंपनियों एवं पंजीकृत व्यापारियों से टैक्स वसूलकर राजस्व वृद्धि करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आरटीओ एवं खनन विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बाहर से आने वाले माल वाहनों, ट्रकों का चालान करते हुए राजस्व वसूली सुनिश्चित करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं बिहार से आने-जाने वाले अवैध वाहनों की चेकिंग करते हुए चालान काटना सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन विभाग को अब तक जिन ईट भट्ठों से वसूली नहीं हुई है। उनसे तत्काल वसूली करते हुए राजस्व में वृद्धि करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बकाया वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इसके साथ ही मंडी परिषद, विद्युत, नगर विकास, वानिकी विभाग को भी लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करते हुए राजस्व में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

# पीडीए की रणनीति पर सपा लोकसभा लड़ेगी: आज़म खान

अवधनामा संवाददाता

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो कर्ज़ माफ़ होंगे
- प्रवक्ता बनने के बाद जनपद आगमन पर पत्रकारों से हुए रूबरू



**जौनपुर(खेतासराय)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मो आज़म खान ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी रोजगार की बात करती है लेकिन नौकरी की नही। लोकसभा चुनाव पीडीए की रणनीति पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। आरएलडी को बीजेपी में जाने को हास्यापद बताया। इंडिया गठबंधन में आरएलडी, अपना दल, कांग्रेस, कमेरावादी, आज़ाद पार्टी और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही है। पूरे विपक्ष को भाजपा राम विरोधी बताने पर तुली हुई है। सपा महगाई, बेरोजगारी, किसानों और जमीनी मुद्दे को फ़ोकस करेगी। वह बुधवार को प्रवक्ता बनने के बाद जनपद आगमन पर मनेछा गांव में मीडिया कर्मियों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में जनता को घोर निराशा मिली है। उन्हें कोई ख़ास तवज्जों नही मिली है। गरीबों, किसानों और युवाओं के उम्मीद पर पानी फ़ेर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बिना नाम लिए आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह और उनकी पार्टी रोजगार की बात करती है लेकिन नौकरी बात करने से कतराती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा राम रथ पर सवार होकर चुनाव लड़ने के बाबत श्री खान ने कहा कि भगवान राम का कोई विरोध नही कर सकता लेकिन बीजेपी पूरे विपक्ष को राम विरोधी बताकर बदनाम कर रही है। जनता अच्छी तरह से जानती है। आस्था के नाम ज्यादा दिन तक किसी को बरगलाया नही जा सकता है। बेरोजगारी चरम है, मुलभूति समस्या जनता कराह रही है। किसानो की नींद हराम हो गई है। एयरलाइंस सरकार की बहुमत आती है तो अग्निवीर की व्यवस्था की जाएगी और किसानों के कर्ज माफ़ किये जायेंगे। उत्तराखंड सरकार द्वारा सिविल कोड लागू किए जाने पर कहा कि यह एक तरफ़ा फ़ैसला है। सरकार को मुस्लिम धर्मगुरुओं, बुद्धजीवियों और अन्य लोंगो से रॉय लेना चाहिए था। इस अवसर पर सरफराज अहमद चेयरमैन प्रतिनिधि, मो असलम, गोरे यादव, सुजीत यादव, रतन साहू समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## बसपा से नाता तोड़ बलवंत यादव ने थामा भाजपा का दामन

**आजमगढ़।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की उपस्थिति में पूर्व बसपा नेता मिर्जापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बलवंत यादव को बुधवार को लखनऊ स्थिति पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली। बलवंत यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नीतियों से प्रभावित होकर यह निर्णय किया। अब पार्टी के लिए जी जान लगा देंगे। उधर, समर्थकों ने खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## हाफिज ए कुरान हुए बच्चों को किया गया सम्मानित

**आजमगढ़।** फरिहा मदरसा हमीदिया में बच्चों के हाफिज ए कुरान होने की खुशी में सालाना जलसा जिसका आगज़ मदरसा के नाजिम मोहम्मद गुफ्रान साहब के जरिए हुआ लिए जिसमे बच्चों ने नात ,दर्स, हम्द व तकरीर बयान की, हाफिज ए कुरान बच्चों को ग्राम प्रधान फरिहा अबुबकर खान , हाजी हासिम, फिरोज अहमद ,और सभी लोगो ने मिलकर बच्चों को ईनाम दिया । जिसमें ईनाम पाए गए बच्चों अदीबा बानो पुत्री अनीस अहमद,हुस्ना बानो जवेरिया बानो ,समन बानो,जोया परवेज मनाल बानोहिफ्जा बानअदीबा बानो अलीजा बानो।

# विधायक रागिनी सोनकर ने सदन में सरकार को घेरा

- 900 करोड़ के बिजली विभाग में घोटाले का मामला उठाया
- गरीब जनता को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने पर पूछा सवाल
- गर्भवस्था के बाद महिला शिक्षक को गृह जनपद में पोस्टिंग का मामला उठाया
- केजीएमयू भर्ती के आरक्षण में धांधली का मामला उठाया
- विधान परिषद में आश्वासन के बाद भी इंटरव्यूह जारी
- भाजपा को भगवान राम की तरह मर्यादा अपनाने की नसीहत

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने बजट सत्र में विधानसभा में बुधवार को जिले के मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा। जनता की समस्याओं के लिए वह सदन में सरकार लगातार सवाल दागती रहीं। बिजली प्लांट के मुद्दे पर ऊर्जा मंत्री को घेरा। कहा कि जो परियोजनाओं के पूरा होने की टाइमलाइन दिया था उस पर खरे नहीं उतरी सरकार। उत्तर प्रदेश की दलित, आदिवासी और गरीब जनता को तीन सौ यूनिट फ्री बिजली देने के साथ पूर्वांचल विद्युत वितरण में गलत ढंग से बिजली बिल बढ़ाकर नौ सौ करोड़ के घोटाले का मामला संज्ञान में लाया। कहा कि विद्युत विभाग के एक्सईएन, एसडीओ, जेई मिलकर कर जनता को परेशान कर रहे हैं। मनरा देवी शिक्षण संस्थान तक पिच रोड के नवनिर्माण समेत कई संपर्क मार्ग के मरम्मत का मामला भी उन्होंने उठाया।

इसके पूर्व बजट सत्र में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को भगवान राम के आदर्शों पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के जय श्री राम के नारे में सब कुछ तो है सिर्फ राम नहीं हैं। भगवान राम ने कितने दुःख उठाए वे चाहते तो अपने रिश्तेदारों और बड़े- बड़े राजाओं की मदद लेकर रावण को हरा सकते थे। मगर उन्होंने दलितों, वंचितों, सबरी, सुग्रीव और हनुमानजी को गले लगाया। यह मर्यादा पुरषोत्तम का रामराज है, लेकिन भाजपा के रामराज से पीडीए समुदाय गायब है। उन्होंने सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने मेट्रो लाइन बनवाई, गोमती रिवर फ्रंट बनवाया, मेदांता बनवाया, इलेक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन यूनिट बनवाई, बच्चों को साक्षरता देने के लिए जगह-जगह लैपटाप बांटे, पुलिस हेडक्वार्टर बनवाया, लोकभवन बनवाया, एंबुलेंस दिया, डायल 100 दिया जिसे आज 112 के नाम से इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन अगर बात अगर भारतीय जनता पार्टी की की जाए तो उनके सारे काम कागजी हैं और ये कोरा कागज लेकर रामराज्य की बात करते हैं। उन्होंने जनपद में बढ़ते अपराध का भी मुद्दा उठाया। कहा कि सरकार हर स्तर पर विफल रही है।

उन्होंने केजीएमयू 2022 के भर्ती आया है। इसमें सामान्य और बैकलाग की भर्ती है। इसमें आरक्षण के मामले धांधली का आरोप लगाया। कहा कि इस पर आर्टिकल-13 के तहत बनाए गए कमेटी के मेम्बर वहीं हैं जो इस धांधली को नहीं रोक सके थे। इनसे निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा आरक्षित वर्ग के बैकलाग की सीट को इड्ब्ल्यूएस के तहत भरी जा रही है जो कि नाइंसाफी है। उन्होंने केजीएमयू के कुलपति को आरएमएल का डायरेक्टर बनाए जाने पर आपत्ति जताई कहा कि सरकार के पास अधिकारियों की कमी है क्या कि एक ही व्यक्ति को कई पदों पर बैठाया जा रहा है। विधान परिषद से आश्वासन के बाद भी इंटरव्यूह जारी रहा। यह इन लोगों के असंवैधानिक रवैये को दर्शाता है। शिक्षा की गुणवत्ता पर बेसिक शिक्षा मंत्री को घेरा। साथ ही बेसिक के शिक्षकों के बीमा का मुद्दा उठाया। कहा कि राज्य के शिक्षकों का कैशलेश बीमा है कि नहीं। गर्भवस्था के बाद जब तक महिला शिक्षक का बच्चा पांच साल तक नहीं हो जाता ऐसी महिला शिक्षकों को उनके गृह जनपद में पोस्टिंग दिलाने की व्यवस्था की जाए।

# फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने अपना पहला ऑफ़लाइन सेंटर शुरू किया

**लखनऊ।** भारत का प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने लखनऊ में सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपने पहले ऑफ़लाइन सेंटर का उद्घाटन किया। यह विस्तृत कोर्स और सही मार्गदर्शन की कमी जैसी समस्याओं को हल करेगा और बेहतर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगा। केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। ऑर्गनाइजेशन की सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए और सेंटर शुरूकर ऑफ़लाइन विस्तार की योजना भी है। सेंटर छात्रों को एसएससी, बैंकिंग, यूपीएसएसएससी, उत्तर प्रदेश पुलिस, रेलवे, टीचिंग, बीमा और डिफेंस परीक्षाओं के लिए तैयार करेगा। मजबूत अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ, इस सेंटर में 8 तकनीकी-सक्षम कक्षाएँ और 650 छात्रों के बैठने की जगह है।फिजिक्स वाला, ऑनलाइन के सीईओ अतुल कुमार ने कहा, ÷फिजिक्स वाला में, हम सिर्फ अपनी वास्तविक उपस्थिति का विस्तार नहीं कर रहे हैं; हम अवसरों से भरे भविष्य के लिए पुल बना रहे हैं। लखनऊ में हमारा पहला ऑफ़लाइन सेंटर हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह सरकारी परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध कराने और शिक्षा को उदार बनाने में मदद करेगा। तकनीकी नवाचार, एक्सपर्ट फैकल्टी और व्यापक संसाधनों के साथ, हम सफलता के नये मानदंड स्थापित कर रहे हैं। हमारा मिशन शिक्षा देने से भी आगे है; हम सपनों को साकार करना और जीवन को बदलना चाहते हैं।



# पेटीएम मुद्दे से निपटने का काम रिजर्व बैंक का: विवेक जोशी

**नई दिल्ली।** पेटीएम प्रकरण से फिलहाल सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। मुद्दे से निपटना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का काम है। केंद्रीय वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बुधवार को ये बातें कही। उन्होंने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) एक छोटी वित्तीय इकाई है और इसमें कोई प्रणालीगत स्थिरता संबंधी चिंता नहीं है।

गैर-अनुपालन पर चिंताओं के बीच देश के केंद्रीय बैंक आरबीआई ने पीपीबीएल के खिलाफ कई कदम उठाए हैं। उसे 29 फरवरी के बाद जमा, प्रीपेड उपकरणों और ई-वॉलेट से संबंधित कोई भी सेवा प्रदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उसे नए ग्राहकों को जोड़ने से भी रोक दिया गया है।

जोशी ने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह नियामक की ओर से की गई कार्रवाई है। वे बैंकों को विनियमित करते हैं। जहां तक पेटीएम के खिलाफ कार्रवाई की बात है तो सरकार के पास अब तक करने के लिए कुछ नहीं है। हमारा मानना है कि आरबीआई ने उपभोक्ता और अर्थव्यवस्था के समग्र हित में मंत्रालयी प्रक्रिया है। यह विचाराधीन है।''




कार्रवाई की होगी।''

पेटीएम के खिलाफ कार्रवाई की बात है तो सरकार के पास अब तक करने के लिए कुछ नहीं है। हमारा मानना है कि आरबीआई ने उपभोक्ता और अर्थव्यवस्था के समग्र हित में कार्रवाई की होगी।''

पेटीएम की पेमेंट एग्रीगेटर सहयोगी कंपनी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के संबंध में उन्होंने कहा कि चीन से निवेश के लिए अनुमति मांगी गई है। उन्होंने कहा, ''आवेदन की समीक्षा चल रही है क्योंकि यह एक अंतर-

पीपीबीएल के खिलाफ आरबीआई की ओर से की गई कार्रवाई के कारण कोई वित्तीय स्थिरता संबंधी चिंताएं होने के सवाल पर जोशी ने कहा कि यह एक बहुत छोटा बैंक है। इससे प्रणालीगत स्थिरता संबंधी कोई चिंताएं नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''जिन ग्राहकों का भुगतान बैंक में खाता है, उन्हें अपना खाता स्थानांतरित करना होगा... जहां तक मैं समझता हूं, यह बैंक नहीं है जो खातों को स्थानांतरित करेगा। यह ग्राहकों को करना होगा।''

आरबीआई की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में मंगलवार को पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी।

सूत्रों ने कहा कि उन्हें यह स्पष्ट कर दिया गया था कि इस संबंध में पेटीएम को आरबीआई के साथ ही सुलझाना होगा।

आरोप है कि पीपीबीएल के पास लाखों गैर-केवाईसी (नो योर कस्टमर) अनुपालन वाले खाते थे। कई मामलों में खाते खोलने के लिए एकल पैन (परमानेंट अकाउंट नंबर) का इस्तेमाल किया गया था। सूत्रों के अनुसार ऐसे भी उदाहरण हैं जहां लेनदेन का कुल मूल्य करोड़ों रुपये का था, जो न्यूनतम केवाईसी प्री-पेड उपकरणों में नियामकीय सीमा से कहीं अधिक था जिससे धन शोधन की चिंताएं बढ़ गई।

एक विश्लेषक के मुताबिक, पीपीबीएल के पास करीब 35 करोड़ ई-वॉलेट हैं। उनमें से करीब 31 करोड़ निष्क्रिय हैं जबकि केवल लगभग चार करोड़ ही बिना किसी बैलेंस या बहुत कम बैलेंस के साथ सक्रिय होंगे।

## सोना 170 रुपए उछला, चांदी 300 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 170 रुपये की तेजी के साथ 63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, इस दौरान चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी दिन चांदी 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिसमें) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 170 रुपये की तेजी के साथ 63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 2,033 डॉलर प्रति औंस हो गया। हालांकि, इस दौरान चांदी का भाव मामूली गिरावट के साथ 22.24 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## सीताराम जिंदल को पद्मभूषण से सम्मानित किया गया

**बेंगलुरू।** परोपकार एवं स्वास्थ्यसेवा के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम, डॉ. सीताराम जिंदल, को प्रतिष्ठित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें अभूतपूर्व परोपकारी कार्यों के लिए दिया गया है, खासकर प्राकृतिक चिकित्सा



(नेचरक्योर) के क्षेत्र में। दवारहित चिकित्सा में डॉ. जिंदल का योगदान और जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट (जेएनआई) की स्थापना ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है। एक व्यापक नैचुरोपैथी और योग अस्पताल खोलने की सोच से प्रेरित होकर डॉ. जिंदल ने साल 1977-79 में बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक बड़ी जमीन खरीदी। यहां से जेएनआई की नींव पड़ी, जोकि अनुसंधान विंग से परिपूर्ण था। इसे जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड (जेएएल) से काफी ज्यादा आर्थिक सहायता मिलती थी। इससे डॉ.जिंदल की प्राकृतिक चिकित्सा को एक नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता झलकती है। पुरानी रूढ़ियों में बंधे प्राकृतिक चिकित्सा के तौर-तरीकों में उत्साह तथा विकास की कमी को पहचानते हुए, वे दवारहित थैरेपीज को ऊपर उठाने और आगे बढ़ाने में जुट गए। 1969 में स्थापित एसजे फाउंडेशन उनके परोपकारी अभियानों के लिए एक आर्थिक स्तंभ बन गया। बिना किसी सरकारी या व्यक्तिगत सहयोग के यह पूरी तरह से जेएएल के योगदान पर निर्भर हो गया। वे जेएनआई को अस्थमा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, आर्थराइटिस और कैंसर के कई प्रकारों सहित विभिन्न बीमारियों के उपचार में विशेषज्ञता हासिल करने वाली एक विश्व-स्तरीय फैसिलिटी के तौर पर स्थापित कर रहे हैं। 550 बिस्तरों वाला यह संस्थान उन लोगों के लिए आशा की किरण बन गया है जोकि अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दवा-रहित विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

# बिरला कॉर्पोरेशन ने तीसरी तिमाही में 109 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ दर्ज किया

**मिलियन टन**

> तिमाही के दौरान, मात्रा के हिसाब से सीमेंट की बिक्री 4.2 मिलियन टन रही

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में 109 करोड़ रुपये का समेकित (कंसोलिडेटेड) शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो बीते साल की समान अवधि के मुकाबले 87 प्रतिशत अधिक है, क्योंकि कंपनी बिक्री बढ़ाने और परिचालन खर्चों को कम करने में कामयाब रही। दिसंबर तिमाही में कंपनी का एबिटिडा (ईबीआईटीडीए) 395 करोड़ रुपये और नकद लाभ 298 करोड़ रुपये रहा, जो क्रमशः 160 प्रतिशत और 359 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कंपनी के चेयरमैनश्री हर्ष वी. लोढ़ा ने कहा कि ''परिणाम सभी मापदंडों में परिचालन दक्षता में सुधार पर इसके फोकस का प्रतिबिंब हैं। हम प्रीमियम और वैल्यू वर्गों, जियो-मिक्स और गो-टू-मार्केट सप्लाई चेन कस्टमाइजेशन और मुकुटबन से तेजी से सीमेंट डिस्पैच करने पर समान जोर देने के साथ, एक संतुलित ब्रांड पोर्टफोलियो के माध्यम से लागत को कम करने, क्षमता उपयोग में सुधार और प्राप्ति पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'' लोढ़ा ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में एक मजबूत आधार स्थापित करने के बाद, कंपनी अब 2030 तक 30 मिलियन टन की कंपनी बनने की अपनी यात्रा के अगले चरण के लिए तैयार है। साथ ही, कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी का अधिक से अधिक उपयोग बढ़ाने के सतत विकास लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे पास ग्रीन और ब्लेंडेड सीमेंट की सबसे अधिक हिस्सेदारी है, जो हमारी सीमेंट बिक्री का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

तिमाही के दौरान, मात्रा के हिसाब से सीमेंट की बिक्री 4.2 मिलियन टन रही, जो बीते साल की समान तिमाही के मुकाबले 13.2 प्रतिशत अधिक थी। कंपनी ने तिमाही के लिए 85 प्रतिशत क्षमता उपयोग हासिल किया, जबकि एक साल पहले यह 74 प्रतिशत और सितंबर तिमाही में 83 प्रतिशत था। दिसंबर तिमाही के लिए प्रति टन सीमेंट उत्पादन की कुल लागत 4,375 रुपये है जो साल-दर-साल 8 प्रतिशत और क्रमिक रूप से 3 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। कई आंतरिक लागत अनुकूलन उपायों के परिणाम मिलने के साथ, बिरला कॉर्पोरेशन अब उत्पादन लागत के मामले में देश के सबसे कुशल सीमेंट निर्माताओं में से एक है। दिसंबर तिमाही के लिए सीमेंट से कंपनी का परिचालन लाभ मार्जिन 17 प्रतिशत और नौ महीने की अवधि के लिए 13 प्रतिशत था।

पिछले वित्तीय वर्ष की मार्च तिमाही में, बिरला कॉर्पोरेशन ने परिचालन दक्षता में सुधार और लागत को अनुकूलित करने के लिए एक व्यापक अभियान प्रोजेक्ट शिखर लॉन्च किया था। इससे कई तरह के बदलाव हुए हैं और अब तक तिमाही के लिए सीमेंट उत्पादन लागत में कम से कम 55 रुपये प्रति टन की बचत हुई है।

तिमाही के लिए कंपनी का 2,328 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, क्योंकि मुकुटबन से सीमेंट डिस्पैच लगातार बढ़ रहा था और प्रमुख बाजारों में प्रीमियम उत्पादों की बिक्री का विस्तार हुआ था।

## पांच साल में कम हुई बेरोजगारी: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में किसी भी मद में आवंटन में कटौती नहीं की गई है। यह जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में दी। वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि रिजर्व बैंक के सहिष्णुता बैंड के भीतर खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर बनी हुई है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि देश में श्रम बल बढ़ा है, बेरोजगारी दर में कमी आई है। वित्त मंत्री वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम केंद्रीय बजट पर हुए सामान्य चर्चा का जवाब दे रही थीं। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा, अंतरिम बजट होते हुए भी शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, महिला और बाल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किसी का बजट कम नहीं हुआ है, हरेक के लिए आवंटन बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 11 लाख करोड़ रुपये के बजट आउटले में 17% की बढ़ोतरी हुई है। हाईवे, रेलवे, डिफेंस के लिए आवंटन बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि स्टेट कैपेक्स लोन स्कीम के लिए, जो 50 साल के लिए ब्याज मुक्त है, 1.30 लाख करोड़ रुपये का आवंटन बरकरार रखा गया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि हमारे देश में श्रमबल 2017-18 में 49.8 से बढ़कर 2022-23 में 57.9% हो गया है, जिसमें लगभग 8.1% की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि देश का कार्यबल (वर्क फोर्स) जो 2017-18 में 46.8% था वह वर्ष 2022-23 में 9.2% बढ़कर 56% हो गया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेरोजगारी से जुड़े आंकड़े भी बताए। उन्होंने कहा कि 2017-18 में बेरोजगारी दर 6% थी, जो 2022-22 में कम होकर 3.2% रह गई है।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि हमारी सरकार की ओर से लाई गई पीएलआई योजनाओं से 14 क्षेत्रों को लाभ हुआ है। 24 राज्यों और 150 से अधिक जिलों में विनिर्माण स्थल स्थापित किए जा रहे हैं। सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र के लिए 2021-22 से शुरू होने वाले पांच वर्षों में लगभग 1.97 लाख करोड़ रुपये का वादा किया है।

# अमेज़ॉन मिनीटीवी ने फरवरी के महीने को अंतर्राष्ट्रीय डब की हुई श्रेणी में रोमांस, रोमांच और कॉमेडी की भरमार के साथ रोमांचक बना दिया!

**मुंबई।** अमेज़ॉन की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस अमेज़ॉन मिनीटीवी अपने मिनीटीवी इम्पोर्टेड श्रेणी में डब किए हुए अंतर्राष्ट्रीय शोज़ की आकर्षक लड़ी के साथ फरवरी में रोमांस का एहसास देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सर्विस ने दुनियाभर में तारीफ़ बटोरने वाले शोज़ को प्रदर्शित करने वाला एक आकर्षक पोस्टर रिलीज़ किया है, जो रोमांटिक कहानियों, बेमिसाल ताल-मेल और दिलक़श कहानियों के साथ दर्शकों का मन मोह लेने का वादा करते हैं। सीमाओं को लाँघते हुए और अलग-अलग देशों से लाकर विषय-सामग्री प्रस्तुत करते हुए, हर बुधवार को एक नए शो के साथ इस बेहद ख़ास महीने में इश्क़ का एक और तड़का लगाते हुए एहसासों के साथ ताल से ताल मिलाकर चलना अमेज़ॉन मिनीटीवी का उद्देश्य है। इन रोमांटिक शोज़ की फ़ेहरिस्त में लाइफ इज़ टुडे, माई सीक्रेट टेरियस, व्हेन वी मीट और वन मोर हैपी एंडिंग शामिल हैं, जो पूरे भारत के दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए ओरिजिनल, हिंदी, तमिल




और तेलुगु में उपलब्ध हैं।

रोमांचकारी रोमांस से लेकर मेडिकल ड्रामा, मोहब्बत और खुशी की दिल को छू लेने वाली कहानियाँ और प्यार की कहानियों का जवाँ जोश, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। जहाँ लाइफ इज़ टुडे एक डॉक्टर के सफ़र को बयाँ करती है जब वो कभी न मिलने वाले प्यार, बेशक़ीमती दोस्ती और जीवन की मार्मिक कहानियों के मोड़ से गुज़रता है, माई सीक्रेट टेरियस दो पड़ोसियों की कहानी है जो हक़ीक़त को सामने लाने करने के अपने सफ़र में खुद को एक दूसरे के साथ उलझा हुआ पाते हैं। व्हेन वी मीट की दिलचस्प कहानी दर्शकों को दो हमशक्लों की प्यार भरी खोज से रूबरू करवायेगी, जबकि वन मोर हैप्पी एंडिंग नाक़ामयाब रिश्तों के बीच प्यार की तलाश करने की एक रोमांचक कहानी है। रोमांस, ड्रामा, रोमांच और कॉमेडी से भरपूर एक मनोरंजक गाथा पेश करते हुए, यह स्ट्रीमिंग सर्विस हिंदी में डब किए गए अंतर्राष्ट्रीय शोज़ की एक विशाल फ़ेहरिस्त के साथ रोमांस के दीवानों की प्यास बुझाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अमेज़ॉन मिनीटीवी के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने बताया, एशियाई ड्रामों ने दुनिया में तहलका मचा दिया है, जिनमें कोरिअन, मैंडरिन और तुर्की नाटक शामिल हैं, जो बेहद ख़ूबसूरती से ख़ास तौर पर तैयार किए गए हैं और हमारी ज़िंदगी से जुड़ी कहानियों लेकर आए हैं। ये शोज़ दुनिया और भाषाओं की हदों को तोड़ते हुए भारत के दर्शकों की ज़िंदगी का एक अहम् हिस्सा बन गए हैं।

अपने दर्शकों को सबसे अच्छा मनोरंजन प्रदान करने के नज़रिए से, अमेज़ॉन मिनीटीवी ओरिजिनल, हिंदी, तमिल और तेलुगु में डब किए गए बेहद पसंद किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय शोज़ की एक श्रृंखला पेश करता है, जिन्हें ख़ास तौर फरवरी के लिए चुने गए हैं। बेबाक़ एहसासों, दिल को छू लेने वाली कहानियों, ख़ूबसूरत महौलों और बहुत सी ख़ासियतों के साथ, कई भाषाओं में उपलब्ध यह प्रस्तुति दर्शकों के बीच दिलचस्पी पैदा कर देगी।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने उत्तर प्रदेश में किया अपना विस्तार

**लखनऊ।** उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड ('उज्जीवन एसएफबी'/'बैंक') ने हरदोई, लखनऊ में अपनी नई शाखा खोली है। बैंक का उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग एवं राजस्व के विविधीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में 52 शाखाओं के साथ बैंक 5 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। उज्जीवन एसएफबी अपने व्यापक शाखा एवं डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से आकर्षक ब्याज़ दरों पर टर्म डिपोज़िट सुविधाएं पेश करता है। उज्जीवन उन बैंकों में से एक है जोह्य सबसे उंची ब्याज़ दरों पर फिक्स्ड डिपोज़िट सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। 12 महीने और 80 सप्ताह (560 दिनों) की अवधि के लिए, नियमित, एनआरई एवं एनआरओ उपभोक्ताओं के लिए 8.25 फीसदी तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8.75 फीसदी। इसी अवधि के लिए नॉन-कॉलेबल प्लेटिना एफडीस पर ब्याज़ दर 8.45 फीसदी है।

उज्जीवन एसएफबी के सेविंग अकाउन्ट में मैक्सिमा और प्रिविलेज सेविंग अकाउन्ट शामिल है, सालाना 7.5 फीसदी तक की ब्याज़ दर, किसी भी एटीएम से असीमित निकासी, नेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग के ज़रिए ज़्यादा फंड ट्रांसफर, ज़्यादा नकद लेनदेन एवं निकासी सीमा के फ़ायदा देता है।

बैंक विशष अकाउन्ट सुविधाएं भी देता है जैसे सीनियर सीटिज़न अकाउन्ट, महिलाओं के लिए गरिमा अकाउन्ट, एनआर अकाउन्ट एण्ड सोल्युशन्स। बैंक के मैक्सिमा, प्रीविलेज और बिज़नेस ऐज करेंट अकाउंट कैश डिपोज़िट की प्रत्यास्थ सीमा, कस्टमाइज़्ड पीओएस, बिज़ीमनी ओडी के माध्यम से ओवरड्राफ्ट सुविधा और फाइनैंशियल बैंक गारंटी देते हैं। उज्जीवन एसएफबी वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों** के लिए उन के घर तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराता है। उज्जीवन एसएफबी लघु, छोटे एवं मध्यम उद्यमों को प्रॉपर्टी पर रु 10 लाख से रु 10 करोड़ के ऋण उपलब्ध कराता है। बैंक घर की खरीद, घर में सुधार और कम्पोज़िट लोन (प्लॉट की खरीद और निर्माण) के लिए रु 5 लाख से रु 75 लाख तक के हाउसिंग लोन और कम्पोज़िट लोन भी देता है। उज्जीवन एसएफबी उन लोगों के घर तक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करता है जो घर खरीदने या बनाने का सपना साकार करना चाहते हैं।

इस अवसर पर श्री इत्तिरा डेविस, एमडी एवं सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने कहा, ''हरदोई, लखनऊ में अपनी नई शाखा खोलते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमारे पर्सनलाइज़्ड बैंकिंग प्रोडक्ट एवं सेवाएं तथा बचत एवं डिपोज़िट पर प्रतिस्पर्धी ब्याज़ दरें क्षेत्र के लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगी। यह विस्तार प्रमुख मास-मार्केट बेंक बनने के हमारे मिशन के अनुरूप है।'

## सरकार ने फिनटेक कंपनी भारतपे को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने फिनटेक कंपनी भारतपे को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस कंपनीज एक्ट की धारा 206 के तहत जारी किया गया है, जिसमें सरकार ने कंपनी से इसके संस्थापक रहे अशनीर ग्रोवर के खिलाफ की गई कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कोरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कंपनी से उन सबूतों के बारे में जानकारी मांगी है, जो कंपनी ने अशनीर ग्रोवर के खिलाफ दर्ज कराए आपराधिक मामले में अदालत में जमा किए हैं। फिनटेक कंपनी साल 2022 में उस वक्त विवादों में आ गई थी, जब कंपनी के फाउंडर अशनीर ग्रोवर ने कोटक ग्रुप के कर्मचारी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था और उसे धमकी दी थी। दरअसल कोटक ग्रुप का कर्मचारी Nykaa कंपनी के आईपीओ के दौरान एलॉटमेंट को सिक्योर नहीं कर सका था।

## वैलस्पायर उत्तर प्रदेश में भावनात्मक एवं अकादमिक लर्निंग में नया अध्याय



**लखनऊ।** प्रतिष्ठित स्प्रिंगडेल कॉलेज लखनऊ में शुरू किया गया वैलस्पायरइ स्टुडेन्ट वैलबींग प्रोग्राम स्कूल की सभी शाखाओं- इंदिरानगर, गोमतीनगर और कानपुर रोड में लागू गया गया है और अपने सफल संचालन के दूसरे वर्ष में है। 5 अगस्त 2022 को लॉन्च किया गया वैलस्पायर लखनऊ क्षेत्र में शैक्षणिक इनोवेशन में नया नाम नहीं है। प्रोग्राम के तहत स्कूल के पाठ्क्रम में सफलता एवं जीवन कौशल के दृष्टिकोण को शामिल किया गया है जो छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देता है। इस पहल का बुनियादी प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है क्योंकि वैलस्पायरन्र् छात्रों का पहला बैच अब अपने दूसरे साल में है और क्रमागत बैचों के छात्र इस प्रोग्राम के व्यापक पाठ्यक्रम से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रोग्राम के संस्थापक- कॉन्शियसलीप के संजय देसाई इस दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए कहते हैं ''वैलस्पायर सिर्फ एक शैक्षणिक प्रोग्राम नहीं है बल्कि छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम छात्रों को न सिर्फ अकादमिक रूप से बल्कि भावनात्मक एवं सामाजिक रूप से भी सक्षम बनाना चाहते हैं।'' कॉन्शियसलीप द्वारा विकसित वैलस्पायर भारत का पहला वैलबींग पावर्ड परफोर्मेन्स प्रोग्राम है, जिसे स्कूलों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह आज के युवाओं की चुनौतियों को हल करता है जैसे अकादमिक परफोर्मेन्स का दबाव, सोशल मीडिया की जटिलताएं, और कोविड- के बाद के दौर की चुनौतियां। प्रोग्राम में गतिविधि आधारित व्यवहारिक लर्निंग को मौजूदा अकादमिक प्रणाली के साथ तालमेल में शामिल किया गया है।

# ऑर्डर! ऑर्डर! नेटफ्लिक्स की कोर्टरूम कॉमेडी 'मामला लीगल है' का 1 मार्च को होगा प्रीमियर

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स आपके लिये मनोरंजन का एक और धमाका लेकर आया है। नई सीरीज मामला लीगल है के साथ एक जबरदस्त कोर्टरूम कॉमेडी का आनंद उठाने के लिये तैयार हो जाईये। इसका प्रीमियर 1 मा को होने जा रहा है। यह हल्की-फुल्की सीरीज हास्य, दिलचस्प कहानी और कानूनी भाषा का मजेदार मिश्रण लेकर आयेगी, जो इसे निश्चित तौर पर एक देखने लायक सीरीज बनाती है। काल्पनिक पटपड़गंज जिला अदालत की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज अपने अनूठे वकीलों के नजरिये से कानून की अजीबो-गरीब दुनिया को दिखाती है, जो बेतुके मामलों और विचित्र मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पोशम पा पिक्चर्स (जादूगर, काला पानी ), द्वारा निर्मित इस सीरीज के लिये समीर सक्सेना शोरनर की भूमिका निभा रहे हैं। राहुल पांडे द्वारा निर्देशित इस सीरीज को सौरभ खन्ना और कुणाल अनेजा ने लिखा है।

रवि किशन इस सीरीज में वीडी




त्यागी के किरदार में नजर आयेंगे, जो पटपड़गंज बार एसोसिएशन का प्रेसिडेंट है। उसका सपना भारत का अटॉर्नी जनरल बनने का है। वीडी त्यागी और उसके वकीलों की टीम, जिसमें निधि विश्ट, नाईला ग्रेवाल, अंजुम बत्रा और विजय राजौरिया शामिल हैं, जुगाड़ की मदद से ''लीगल ईगल'' की एक नई परिभाषा गढ़ती है। इन अपारंपरिक किरदारों के जरिये, दर्शकों को इस कानूनी संस्था द्वारा लड़े जा रहे दिलचस्प मुकदमों की एक झलक मिलेगी, जोकि मामला लीगल है के असली सार को दर्शाता है। ये सभी साथ मिलकर हर मामले में हास्य और अनापेक्षित उलट-फेर लाते हैं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को चतुराई से मात देने में कामयाब होते हैं। 'मामला लीगल है' कानून की दुनिया को एक नये नजरिये से दिखाता है, जिसमें उम्मीद से भरे नौसिखिये वकीलों से लेकर कानूनी दिग्गजों तक की एक दिलचस्प टोली देखने को मिलेगी। मुकदमों, अपनी पहचान बनाने और प्रतिष्ठित एयर-कंडिशन्ड चैम्बर्स पाने के लिये जूझ रहे ये वकील ऐसे प्रासंगिक कंटेंट प्रस्तुत करते हैं, जो आपके दिलों को छू जाती है। असल जिंदगी के अजीब और अविश्वसनीय मामलों से प्रेरणा लेते हुये, इस कोर्ट में कुछ ऐसे मुकदमों की कार्यवाही दिखाई जायेगी, जो आपको खूब हंसायेंगे। इसके साथ ही दर्शकों को इसमें एक बार इलेक्शन भी देखने को मिलेगा, जो लोकतंत्र पर एक मजाकिया नजरिया प्रस्तुत करता है। 'मामला लीगल है' में पटपड़गंज जिला अदालत के अजीबो-गरीब मुकदमों को देखने के लिये तैयार हो जाइये, 1 मार्च से, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।

## विनोद कुमार शुक्ल और एम टी वासुदेवन नायर को मिला आकाशदीप सम्मान

**नई दिल्ली।** लेखन और जीवन के समग्र अवदान के लिए इस वर्ष अमर उजाला का सर्वोच्च शब्द सम्मान आकाशदीप-हिंदी में प्रख्यात रचनाकार विनोद कुमार शुक्ल और हिंदीतर भाषाओं में मलयालम के विख्यात लेखक फिल्म निर्देशक एम टी वासुदेवन नायर को दिया जाएगा।आकाशदीप के अंतर्गत हिंदी के साथ अब तक कन्नड़, मराठी, बांग्ला तथा उड़िया को लिया जा चुका है, इस वर्ष मलयालम को चुना गया है। हिन्दीतर भारतीय भाषाओं में गिरीश कर्नाड, भालचंद्र नेमाडे, शंख घोष और प्रतिभा राय के साथ हिंदी में नामवर सिंह, ज्ञानरंजन, विश्वनाथ त्रिपाठी और शेखर जोशी आकाशदीप से अलंकृत हो चुके हैं।अमर उजाला के समूह सलाहकार और शब्द सम्मान के संयोजक यशवंत व्यास ने बताया कि भारतीय भाषाओं के सामूहिक स्वप्न की पृष्ठभूमि में अमर उजाला फाउंडेशन ने 2018 में शब्द सम्मान की स्थापना की थी। सर्वोच्च आकाशदीप अलंकरण हिंदी और



अन्य भारतीय भाषा के एक-एक साहित्य मनीषी को अर्पित किया जाता है। अलंकरण में पांच-पांच लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक के रूप में गंगा प्रतिमा सम्मिलित हैं। छाप श्रेणी में कविता वर्ग में कुमार अम्बुज के संग्रह उपशीर्षक को श्रेष्ठ कृति के रूप में चुना गया है। कथा वर्ग में मनोज रूपड़ा के कहानी संग्रह दहन तथा कथेतर वर्ग में दलपतसिंह राजपुरोहित की कृति सुन्दर के स्वप्न को वर्ष की श्रेष्ठ कृति का सम्मान दिया जायेगा। किसी भी रचनाकार की पहली किताब वाला थाप चिन्मयी त्रिपाठी की कृति अपनी कहीं को मिलेगा। भारतीय भाषाओं में अनुवाद का भाषा-बंधु सम्मान गुजराती दलित कविता के हिंदी अनुवाद के लिए मालिनी गौतम को प्रदान किया जाएगा।

# कुशीनगर के 50 हजार मतदाता लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

## बुनियादी सुविधाओं ने महरूम है रेता क्षेत्र के लोग सात गांव

शकील अहमद

कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)। जिले में रेता क्षेत्र के पचार हजार मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। क्योंकि आजादी के बाद नारायणी नदी के पार बसे सात ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं से महरूम है। शुद्ध पेयजल, सड़क, बिजली जैसी सुविधा से वंचित यहां के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया है।

- नारायणी नदी के दूसरे छोर पर नाव के सहारे जाने को विवश है लोग
- पीपा पुल के जगह पक्का पुल निर्माण कराने की मांग



जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन देते हुए रेता से आए लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उक्त क्षेत्र में लगभग 50 हजार की जनता निवास करती है। यहां के लोग आज भी नाव के जरिए आना-जाना पड़ता है, जिसके चलते नदी में नाव डूबने से तमाम लोग मौत को गले लगा चुके है। पूर्व क्षेत्रीय विधायक जटाशंकर त्रिपाठी के अथक प्रयास से नारायणी नदी भैसहां घाट पर पीपे के पुल का निर्माण कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मार्च-2021 में उद्घाटन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा किया गया। क्षेत्रीय जनता शासन-प्रशासन की उपेक्षा से ... मुख्य अतिथि द्वारा जनता को बताया गया कि इस पर पक्का पुल एवं पक्की सड़क बनवाने का वादा करता हूं। समय बीतता गया, जनता के सब्र का बांध टूटता गया।

**रोड नही तो वोट नहीं, एक माह की दी चेतावनी:** नारायणी नदी भैंसही घाट पर पीपा पुल की जगह पक्का पुल व सड़क का निर्माण कार्य जनहित में अति आवश्यक एवं जरूरी है, जिससे ग्रामीण विकास के मुख्य धारा से जुड़ सकें और परेशानियों से निजात पा सकें।

यदि आगामी एक माह में उक्त प्रकरण पर विचार करते हुए कार्य प्रारम्भ नहीं होता है तो हम ग्रामीण नारायणी नदी संघर्ष समिति के बैनर तले रोड नहीं तो वोट नही के सिद्धांत पर अमल करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में विनय सिंह, गोबिंद यादव, राकेश गुप्ता, परशुराम यादव, सचिंद्र सिंह, ब्रह्मा यादव, निजामुद्दीन अंसारी, रामकल्प प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, राम नवल पटेल, दुर्गभन गुप्ता, ओमप्रकाश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

**इन गांवों के लोग करेंगे बहिष्कार:** नारायणी नदी के पार बसे कुशीनगर के सात ग्राम पंचायतों के लोगों ने बड़ा एलान किया है। आजादी के बाद अबतक सड़क सुविधाओं से महरूम नदी के रेता में बसे गांव के ग्रामीणों ने इस बार प्रशासन कि चिताएं बढ़ा दिया है। क्योंकि कुशीनगर व महराजगंज की 50 हजार के आबादी वाले गांव सोहगी बरवां, शिकारपुर, भोतहां, मरिचहवा, हरिहरपुर, शिवपुर, नरायनपुर, बकुलहां, ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान बहिष्कार का एलान किया। इन गांवों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नारायणी नदी पार क्षेत्र के गांव वालों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु नारायणी नदी पर पक्का पुल व सड़क की मांग किया है।

### सीएम योगी ने पीपा पुल के जगह पक्का पुल का मांगा था प्रस्ताव

पुनः मार्च 2023 में 25 तारीख को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खड्डा में तहसील उद्घाटन कार्यक्रम में आए थे और संबोधन के दौरान नारायणी नदी पार वासियों के लिए बिन्दु-7 पर बोलते हुए जनता को आश्वस्त करते हुए अधिकारियों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से नारायणी नदी पर भैंसहां घाट के सामने पीपा पुल के जगह पर पक्का पुल एवं सड़क के लिए बजट का प्रस्ताव सीएम योगी द्वारा मांगा गया। लेकिन अभी तक कार्यरूप में धरातल पर कुछ नहीं देखने को मिला। पीपा पुल मात्र 03 महीने ही चलता है। नदी में बाढ़ आने पर पीपा पुल हटा दिया जाता। जिससे बाढ़ के पानी से चारों तरफ से ग्रामीण घिर जाते हैं और आवागमन ठप हो जाता।

## शादी अनुदान योजना में करें शीघ्र आवेदन

**अमेठी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे गरीब व्यक्तियों जिनके पुत्रियों की शादी वित्तीय वर्ष 2023-24 में हो चुकी है अथवा होनी है उन व्यक्तियों को शादी अनुदान प्राप्त करने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट www.shadi-anudan.upsdc.gov.in पर उसी वित्तीय वर्ष में शादी से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पात्रता की शर्तों के अनुसार लाभार्थी आवेदक की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र हेतु रू 46080 एवं शहरी क्षेत्र हेतु रू 56460 शासन द्वारा निर्धारित की गयी है तथा तहसील द्वारा निर्गत ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि विवाह हेतु किए गए आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है एवं पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जाएगी

# गांव चलो अभियान के माध्यम से लाभार्थियों से मिल रहे कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे जिले में गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है जिसमे पार्टी के कार्यकर्ता और नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत 10 वर्षों में देश में जो विकास कार्य हुए हैं, उन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जन-जन तक जा रहे हैं। इस क्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ गौरी बाजार तथा बैतालपुर के गांवों में रहने वाले लोगों से संपर्क कर योजनाओं के बारे में बताया तथा मतदाता सूची में जिन लोगों का नाम किसी कारण वश छूट गया है उनको चिन्हित किया। संपर्क और संवाद के माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि गरीब कल्याण के कार्यक्रम, युवा उत्थान के कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, किसानों के विकास और उत्थान देश की सुरक्षा एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य जो इन 10 वर्षों में हुआ है इन सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की । उन्होंने कहा कि गांव की वस्तुस्थिति को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गांव के प्रमुखों के साथ, गांव के वरिष्ठ लोगों के साथ, विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ और सभी वर्गों के साथ मिलकर के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीतने के लिए गांव चलो अभियान का आयोजन रखा गया है। सरकार ने अपनी घोषणाओं का क्रियान्वयन करके साबित कर दिया है कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा भी करती है। भाजपा ने मत प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। हर बूथों पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट बढ़ाना हमारा लक्ष्य है और हम इस ओर अग्रसर भी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व का बड़ा ही सुनियोजित निर्णय है। गांव चलो अभियान जिसमें गांवों में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का एक दिन का प्रवास होगा, 7 फरवरी से लेकर के 11 फरवरी तक मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, सांसद, सभी निवार्चित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सभी मिलकर के गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 : नामित किए गए नोडल प्रभारी अधिकारी एवं सहायक नोडल प्रभारी अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को नोडल प्रभारी अधिकारी एवं सहायक नोडल प्रभारी अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। नामित नो.प्र.अ. एवं स.नो.प्र.अ. अपने से सम्बन्धित निर्वाचन कार्य को समय से संपादित कराएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मतगणना कार्मिक, जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट माईक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति सम्बन्धी समस्त कार्य, मतदान कार्मिकों का कम्प्यूटराइजेशन, ड्यूटी एवं प्रशिक्षण के कार्य हेतु मुख्य विकास अधिकारी को, यातायात, ईंधन, रूट चार्ट व्यवस्था हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को, लेखन एवं निर्वाचन सामग्री हेतु जिला बंदोबस्त अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को, मतपत्र एवं ई0डी0सी0/पोस्टल बैलेट पेपर सर्विस मतदाता, बैलेट पेपर व्यवस्था हेतु उप कृषि निदेशक को, बैलट पेपर व्यवस्था हेतु उपायुक्त श्रम रोजगार को, कम्युनिकेशन प्लान हेतु जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को, क्रिटिकल बलनरेबिल्टी मैपिंग, संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथ हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व अपर पुलिस अधीक्षक को, खान-पान आदि व्यवस्था हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को, ईवीएम मशीन वीवीपीएटी की व्यवस्था तथा रैंडमाइजेशन आदि के कार्य हेतु अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को, मतदाता सूची एवं विधानसभा क्षेत्रवार एवं ईवीएम की सीलिंग आदि कार्य हेतु विधान सभावार उप जिलाधिकारी को, कंट्रोल रूम/कॉल सेंटर सी0 बीजिल के समस्त सूचनाओं के प्रेषण हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी को, निर्वाचन व्यय, ईईएम लेखा, अनुवीक्षण सेल सर्टिफाइंग मॉनिटरिंग कमेटी एमसीएमसी हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी को, प्रेक्षक हेतु प्रभागीय वन अधिकारी को, कंप्यूटराइजेशन हेतु जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को, टेंट,/ फर्नीचर/एवं प्रकाश व्यवस्था आदि हेतु अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एवं प्रांतीय खंड को, वीडियोग्राफी व डिजिटल कैमरा हेतु उपायुक्त श्रम रोजगार को, वेब कास्टिंग एवं सीसीटीवी हेतु जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को, आदर्श आचार संहिता एवं संपत्ति विरूपण हेतु अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को, प्रेस मीडिया एवं सोशल मीडिया हेतु अपर जिला सूचना अधिकारी को पेयजल/ सफाई व्यवस्था हेतु अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को, मेडिकल किड्स/मेडिकल टीम कैंप आदि व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को, स्वीप प्रोग्राम हेतु बीएसए एवं डीआईओएस को, मूलभूत सुविधा हेतु बीएसए, डीपीआरओ, डीआईओएस, अपर मुख्य अधि0 को, जिला प्लान स्टैटिक एंड कोऑर्डिनेशन हेतु डी ई एस टी ओ तथा डीआईओ एन आई सी को, शिकायत प्रबंधन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को, लॉ एंड ऑर्डर सुरक्षा व्यवस्था आदि कार्य हेतु अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी हेतु जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को, दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित, वेलफेयर आदि कार्य हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को, प्रभारी अधिकारी टेलीफोन एसडीओ टेलीफोन को, प्रोटोकॉल हेतु समस्त संबंधित उपजिलाधिकारी एवं संबंधित क्षेत्राधिकारी को, क्रिमिनल इंसिडेंट ऑफ़ पॉलिटिकल पार्टी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल प्रभारी अधिकारी नामित किया जाता है। इसी के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है, जो नोडल प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपे गए समस्त निर्वाचन संबंधी कार्यों को क्रियान्वित करेंगे।

## 40 हजार नगदी व मोबाइल छीनकर बाइक सवार फरार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सोनबरसा मेन रोड पर एक महिला से अज्ञात बाइक सवारों ने छिनैती कर फरार हो गए। महिला के अनुसार पर्स में 40 हजार रूपए और मोबाइल था। प्राप्त सूचना के मुताबिक हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नाउमुंडा निवासी सहिबुन निशा पत्नी अलाउद्दीन बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक महुआरी शाखा से चालीस हजार रुपए निकालकर अपने मायके अहिरौली बाजार थाना अंतर्गत ग्राम सोनबरसा अपने पिता इंतजा अहमद को देने के लिए हाटा से टेंपो पकड़कर गई थी। जैसे ही वह अपने पिता के घर सोनबरसा मेन रोड पर अपने मायके दो बजे पहुंची और पर्स रख कर बैठी तभी एक बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक आए और उन्होंने तैयब का घर पूछा। उसके बाद उसमें से एक युवक रखे हुए पर्स को जिसमें चालीस हजार रुपए नक्द, आधार कार्ड, पासबुक और एंड्राइड मोबाइल था छीन कर बाइक से फरार हो गए और बड़ी तेजी के साथ भैंसही बाजार की तरफ भाग गए। इस घटना से महिला और उसके मायके वाले अवाक रह गए तथा इस घटना की सूचना अहिरौली बाजार पुलिस को दिया इसके बाद पीड़िता ने थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अहिरौली बाजार थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है और पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## भाजपाई हुए निर्दल पार्षद समद गुफरान साजु

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** दल से नही दिल से स्लोगन के सहारे चुनावी




वैतरणी पार करने वाले मियां बाजार के पार्षद समद गुफरान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर के 12 पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है मीडिया से बात करते हुए पार्षद समद गुफरान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी न केवल राजनीतिक दल है बल्कि एक विचारधारा, एक आदर्श और संगठन भी है बीजेपी का मिशन है कि भारत को विकसित और मजबूत बनाना हम सभी लोग मिलकर देश की अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प लेते हैं। हम सब मिलकर देश के विकास में योगदान करेंगे और एक सशक्त और समृद्ध भारत की ओर बढ़ेंगे भारत का नाम देश के कोने कोने में होने लगा है और भारत देश की अर्थव्यवस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अपने दो दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आए उप्र अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बख्शीश अहमद वारसी ने बुधवार को नगर क्षेत्र में स्थित मदरसों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जामिया रिजविया मेराजुल उलूम चिलमापुर, मदरसा दारुल उलूम हुसैनिया दीवान बाजार, मदरसा जियाउल उलूम गोरखनाथ और अंजुमन इस्लामिया खूनीपुर का निरीक्षण करते हुए मदरसों में पढ़ने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों से मिले। आपको बताते चलें कि अंजुमन इस्लामिया पहुंचने पर आयोग के सदस्य बख्शीश अहमद वारसी का स्वागत वहां उपस्थिय गुरुजनों द्वारा किया गया और अंगवस्त्र के अलावा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बख्शीश अहमद वारसी ने मदरसे में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोग के सदस्य ने कहा कि आयोग को लेकर पूर्वांचल के लोगों में जागरूकता नही है। हमें लोगों में जागरूकता पैदा करने की ज़रूरत है ताकि अधिक से अधिक लोगों को न्याय मिल सके।

## मनोविज्ञान का इतिहास विषय पर हुई संगोष्ठी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हाल में बुधवार को मनोविज्ञान विभाग द्वारा मनोविज्ञान का इतिहास विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पी के श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में अनियंत्रित दिनचर्या के कारण इस विषय का महत्व और बढ़ गया है। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राणा प्रताप पी जी कॉलेज सुल्तानपुर डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि मनोविज्ञान आत्मा का विज्ञान है। यह एक ऐसा विज्ञान है जो व्यक्ति के व्यक्तिव को परिभाषित करता है मनोविज्ञान की उत्पत्ति दर्शन से हुई है।मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉआकांक्षा श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वैज्ञानिक मनोविज्ञान 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से आरंभ हुआ है। संगोष्ठी का संचालन प्रज्ञा सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ देवेन्द्र कुमार मिश्र डॉ सुधीर कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षक छात्र एवम् छात्राएं उपस्थित रहे।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य को पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के वार्ड 31 पेवनपुर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज निषाद जिनके मित्र का तेनुआं टोल प्लाजा के पास मकान का निर्माण निर्माण चल रहा है। उससे मिलने पहुंचा तो कुछ लोग एक बुजुर्ग चालक को पीट रहे थे। जिसे छुड़ाया तो तीन आरोपी और कुछ अज्ञात लाठी डंडा raad लेकर आए और छत पर चढ़ कर पीट कर घायल कर दिए। उस दौरान गले का चैन भी गायब हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अमरनाथ पाल,सोनू प्रजापति,गोविंद प्रजापति और अज्ञात के खिलाफ गाली गलौज,मारपीट,जान से मादने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा 10 को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पार्श्व प्रवेश परीक्षा-2024 (कक्षा-9 एवं 11) शनिवार 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से 01:45 बजे तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में आयोजित की जाएगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि कक्षा-9 एवं 11 की पार्श्व प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र को www.nacodaya.gov.in पर उपलब्ध लिंक से अपने पंजीकरण को लॉगिन आई डी एवं जन्मतिथि को पासवर्ड की तरह प्रयोग कर डाउनलोड कर सकते है।

# देवरिया महोत्सव में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की दी गयी विस्तृत जानकारी

अवधनामा संवाददाता



- सीडीओ ने लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र टूलकिट का किया वितरण

**देवरिया।** देवरिया महोत्सव के आज चौथे दिन विभिन्न विभागो यथा- उद्योग, ग्रामोद्योग, कृषि, अग्रणी बैंक, सेवायोजन आदि के द्वारा अपने विभागीय संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र टूलकिट का भी वितरण मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा किया गया।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अभय कुमार सिंह ने योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उप्र माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत उप्र सरकार द्वारा मिट्टी के बर्तनों, खिलौने तथा मूर्तियों आदि को बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले ऐसे कुम्हारों एवं परम्परागत कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित मशीन प्रदान किये जाने की योजना संचालित की गयी है, इससे कुम्हार सुगम तरीके से मिट्टी बर्तन, खिलौने आदि को बना सकेगें व अपने रोजगार को भी उन्नत कर सकेगें। इससे उनकी आय बढेगी। इस योजना के तहत लाभार्थी धनजय प्रजापति, सुरेन्द्र प्रजापति, शत्रुधन, रीमा देवी, सूरज प्रजापति, अजय प्रजापति, राकेश प्रजापति सहित लगभग 30 लाभार्थियों को विद्युत चालित चॉक वितरण की स्वीकृति पत्र मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इस अवसर पर दी गयी। उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने संचालित विभागीय योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्योग विभाग द्वारा उद्यमियों के सहायतार्थ व उद्योग स्थापना के लिये अनेक योजनायें सचालित की गयी है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी, वित्त पोषित योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना को अपनाकर उद्योग स्थापित कर स्वालम्बी बना जा सकता है। इन योजनाओं में उद्योग स्थापना के लिए अनुदान की भी व्यवस्था है। इन योजनाओं के तहत लाभार्थियों में स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वालो में नेहा जायसवाल, शैलेन्द्र पाण्डेय, नवल किशोर, विजय कुमार कुशवाहा, निखिल आदि सम्मिलित रहे। सेवायोजन विभाग द्वारा अब तक आयोजित रोजगार मेला में सेवायोजित युवकों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि यह विभाग ब्लाक स्तरों पर रोजगार मेला आयोजित कर रही है, इसमें युवक/युवती जुडें व अपनी कौशल दक्षता/पात्रता अनुसार प्रतिभाग करने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानो में सेवायोजित होने का अवसर प्राप्त करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक अरुणेश कुमार द्वारा भी बैंक पोषित योजनाओं, अनुदानो आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि वित्त पोषित योजनाओं को अपनाकर आर्थिक उन्नयन किया जा सकता है, इससे स्वालम्बन के साथ-साथ आर्थिक उन्नयन भी होगा व आत्मनिर्भता भी आयेगी। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा भी संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी व कृषि के नवीनतम तकनीको एवं वैज्ञानिक व कृषि विशेषज्ञों के सुझावो को अपनाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व अन्य लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

# आईजीएल द्वारा जरूरतमंदों में वितरण किया गया कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कड़ाके की ठन्ड को देखते हुए सहजनवा क्षेत्र के सैकड़ों जरुरतमंद लोगो के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जुड़ियाँन, तेनुहारी, भप्सा, खरैला, अड़ीलापार एवं सहजनवां क्षेत्र के अन्य गांवों में किया गया और ये भी निर्देश दिया गया कि जहाँ भी गरीब और असहाय हों उन्हें ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण कर हर सम्भव मदद किया जाये। इस अवसर पर आईजीएल के प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया की बिज़नेस हेड के निर्देशानुसार शीतऋतु में मानव सेवा अभियान के तहत जरुरतमंदो में ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण किया गया है। कम्बल वितरण के कार्यक्रम की व्यवस्था सहायक प्रबन्धक प्रशासन अखिलेश कुमार शुक्ल एवं जूनियर ऑफिसर शब्बीर अहमद द्वारा किया गया और कम्बल वितरण सभासद जुड़ियाँन अमित यादव एवं अन्य गावों के सभासद एवं प्रधानों के सहयोग से जरुरतमंदो में किया गया। इस अवसर पर संजय गुप्ता, चन्दन, सुदामा देवी, विद्यावती, श्यामरथी, करमइता देवी एवं अन्य सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डीएम ने जवाहर नवोदय विद्यालय का किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार देर शाम जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया और पूरे विद्यालय कैंपस छात्रावास भोजनालय कक्ष किचन गार्डन आदि का भ्रमण किया और उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं के उद्बोधन के अंतर्गत कई छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी से यूपीएससी की तैयारी के विषय में पूछा जिसका जिलाधिकारी द्वारा यूपीएससी की तैयारी से संबंधित गहन मार्गदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा से संबंधित आंतरिक दबाव सामाजिक दबाव एवं पियर प्रेशर से ताल्लुक रखते हुए भी सवाल पूछे गए जिसका जिलाधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं का उचित मार्गदर्शन किया गया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी छात्रों को अपने निजी कौशल एवं शक्ति को पहचान कर पूरे मनोयोग से परीक्षा की तैयारी करने का आवाहन किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य द्वारा विद्यालय भ्रमण हेतु जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया गया।

# मां होगी नेक तभी बेटा गौस पाक जैसा : मौलाना हाशिम अशरफी

अवधनामा संवाददाता



- किसी से छिपी नहीं है गौसे पाक की करामात : मौलाना आरिफ रजा

**गोरखपुर।** गौस का जिस पर हो गया साया, रब का सहारा उसने पाया, गम के मारो गम से न हारो, गौस पिया को दिल से पुकारो। पीरान-ए-पीर दस्तगीर हजरत गौस पाक अब्दुल कादिर जिलानी (रजी.) की उल्फत में अकीदतमंद मंगलवार को अल्हाज खुर्शीद आलम खान की जानिब से इलाहीबाग (आगा मस्जिद) तिवारीपुर गोरखपुर में आयोजित जश्ने गौसुलवरा प्रोग्राम में रातभर लोग मचलते रहे, गौसे पाक का नारा लगाते रहे।

गौस पाक कार्यक्रम में शायरे इस्लाम ने पूरी रात मनकबत और नात शरीफ पढ़कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मजमे के कोने-कोने से या गौस का नारा गूंजता रहा। प्रोग्राम की शुरुआत कारी मोहसिन रजा की तिलावत से हुई। जबकि नात शरीफ का नजरान-ए-अकीदत इब्नुल हुदा साबित रजा बिहारी ने पेश की। सदारत मुहम्मद अफजल बरकाती, सरपरस्ती कारी रईसुल कादिरी, कयादत मुफ्ती मुनव्वर रजा ने की। मेहमान -ए-खुसूसी मुबारक खां शहीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह के सदर इकरार अहमद थे। जबकि कार्यक्रम के बानी अल्हाज खुर्शीद आलम खान ने सभी लोगों का खैरमकदम किया। गौसे आजम के प्रोग्राम में कानपुर से पधारे मौलाना मुहम्मद हाशिम अशरफी ने कहा कि गौस पाक का मर्तबा बुलंद है। मां के शिकम (पेट) में ही उन्होंने कुरान को कंठस्थ कर लिया था। मां जब कुरान की तिलावत करती, वे याद करते थे। उन्होंने कहा कि मां नेक होगी तभी बेटा हजरत गौस पाक जैसा होगा। उन्होंने कहा कि गौसुलवरा का प्रोग्राम सभी के जिन्दगी में एक नया इंकलाब के साथ ईमान को ताजा करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के दीनी प्रोग्राम से लोगों को दीन और दुनिया की तालीम हासिल होती है। जिसकी बदौलत लोगों को ज़िन्दगी जीने का सलीका मालूम होता है। इस अवसर पर मऊ, गाजीपुर से तशरीफ़ लाए मौलाना आरिफ रजा खान ने कहा कि गौसे पाक ऐसे अल्लाह के वली हैं, जिनका डंका कयामत तक बजता रहेगा। उन्होंने कहा कि गौस की करामात किसी से छिपी नहीं है। अल्लाह तआला ने उन्हें इतनी ताकत बख्शी है कि वह दुनिया में हर परेशानी को दूर करते हैं। कार्यक्रम के मेहमान -ए-खुसूसी हजरत मुबारक खां शहीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह गोरखपुर के सदर इकरार अहमद ने कहा कि जश्ने गौसुलवरा का जश्न मनाना अपने आप में खुशनसीबी है। उन्होंने कहा कि गौसे पाक इराक के जिलान में पैदा हुए, लेकिन पूरी दुनिया में उनकी चर्चा हो रही है। अल्लाह तआला फरमाते है कि अगर सिर्फ जीलान के लिए उन्हें गौस बनाता तो जीलान में ही उनकी चर्चा होती, लेकिन गौसे पाक को सारी दुनिया के लिए गौस बनाकर भेजा। इसलिए पूरी दुनिया में गौस पाक का जिक्र होता है और ता कयामत तक होता रहेगा। कार्यक्रम संयोजक अल्हाज खुर्शीद आलम खान ने कहा कि हुजूर गौसे पाक पैदाइशी वली हैं। वह सारे वलियों के सरदार हैं और उन्होंने खुद कहा है कि मेरा पैर तमाम वलियों की गर्दन पर है। उन्होंने कहा कि सरकारे औलिया महबूबे सुब्हानी कुत्बे रब्बानी सैयदना शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौसे आजम बगदादी की जिन्दगी से सभी को सीख लेने की जरूरत है।

# गेंद घर मैदान में लगेगा मेगा स्वास्थ्य कैंप, केशव मौर्य करेंगे उद्घाटन

- भारत नेपाल सीमा के थारू बाहुल्य गांव में कल लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर
- कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर में हुई तैयारी बैठक




**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की ओर से 8 फरवरी से जिले में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा इसको लेकर बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तैयारी बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया चतुर्थ कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन बहराइच अवध प्रांत की जिला अध्यक्ष डॉक्टर सारिका साहू तथा संचालन सचिव विकास मिश्रा ने किया शहर के गेंद घर मैदान में लगने वाले स्वास्थ्य में मेगा कैंप का 11 फरवरी को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उद्घाटन करेंगे सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर स्थित थारू जनजाति बाहुल्य गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 8 फरवरी से विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में मिहींपुरवा ब्लॉक क्षेत्र के बर्दिया फकीर पुरी आंबा, सलारपुर, भगड़िया, पर्गहवा, जोगनिया, पड़रिया, करमोहना, सोहनी बलाई गांव कठौतिया गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा नवाबगंज बाबागंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रंजीत बोझा मिहींपुरवा केवलपुर सहजन जैतापुर, विशुनापुर, निधिनगर पोखरा, खैरहनियां तथा 10 फरवरी 2024 को इटहवा, जमदान होलिया, मजगवां, छोटियागांव, गुलहरिया, गंगापुर चरदा, रामनगर गुलहरिया ग्राम में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहर के गेंद घर मैदान में दिनांक 11 फरवरी को विशाल चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा चतुर्थ श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के समन्वयक रमेश कुमार ने बताया कि चिकित्सा शिविर में कैंप में मेडिकल कॉलेज लोहिया संस्थान महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच सहित 40 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टर पहुंच रहे हैं यह डॉक्टर कैंप में आने वाले मरीज का निशुल्क जांच कर दवाएं देंगे इस अवसर पर कार्यक्रम में धर्मेंद्र प्रचार विभाग के अतुल, विपिन सेवा भारती के अभिषेक, नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य डॉ प्रभात मिश्रा, डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर अमिताभ, डॉक्टर दिव्येश बरनवाल, डॉक्टर बृजेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# पोक्सो के अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

- कोर्ट ने 50 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया
- ऑपरेशन कनविक्शन के तहत नानपारा पुलिस की प्रभावी पैरवी ने दिया परिणाम

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत थाना कोतवाली नानपारा पुलिस की प्रभावी पैरवी का परिणाम रहा कि पोक्सो के अभियुक्त अयोध्या प्रसाद को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा के निर्देशन में थाना कोतवाली नानपारा में 14 मार्च 2015 को दर्ज हुए अभियोग के अनुसार वादिनी की नाबालिग पुत्री घटना दिवस को दोपहर 12 बजे शौच के लिये खेत में गयी थी। वहां बुरी नियत से घात लगाये बैठा आरोपी अयोध्या प्रसाद द्वारा वादिनी की पुत्री को पकड़कर दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता की मां ने थाना कोतवाली नानपारा में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद आरोप पत्र 8 अप्रैल 2015 को कोर्ट में भेज दिया गया था। अभियोग को प्रभारी नानपारा ,पैरोकार नानपारा कांस्टेबल परमानन्द यादव व एडीजीसी एसपी सिंह व सुरेन्द्र कुमार मौर्या की ओर से ÷आपरेशन कनविक्शन÷ के आदेश के क्रम में प्रभावी पैरवी की गयी। जिसके परिणामस्वरूप विशेष सत्र न्यायाधीश (पाक्सो कोर्ट) द्वारा अभियुक्त अयोध्या प्रसाद पुत्र सीताराम निवासी मथुरा सिसवारा थाना कोतवाली नानपारा को दोषसिद्ध पाये जाने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास व 50000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में 6 माह का अतरिक्त कारावास भोगना होगा।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने मनमोहा

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर,लंभुआ।** कम्पोजिट विद्यालय बरेहता वि0क्षे0 लम्भुआ सुलतानपुर में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक शिक्षक बैठक का रंगारंग कार्यक्रम खण्ड विकास अधिकारी पंकज गौतम एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ सुधीर सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे सैकड़ों अभिभावकों , शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत - मेरी चौखट पे चलकर आज, राधा कृष्ण डान्स, शंकर पार्वती पर डान्स, लोक नृत्य, हरियाणवी नृत्य, अवधी नृत्य, निपुण नाटक एवं हाथ की सफाई जादं प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित जन समुदाय ने खूब सराहा एवं विद्यालय की प्रशंसा की।प्रधानाध्यापक श्री रामहित चौरसिया ने वि?द्यालय का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं बताया कि हमारा वि?द्यालय निपुण विद्यालय हो गया है।विद्यालय से विज्ञान किवज, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा मे चयन हुआ है। विद्यालय के स0 अ0 श्री प्रदीप कुमार भार्गव से प्रेरित होकर ??समुदाय से श्रीमती प्रेमशीला यादव ने अपने शिक्षक पति स्व0 श्री धीरेन्द्र कुमार यादव की स्मृति में% 2 कम्पूटर सेट विद्यालय को दान दिया और कहा कि यदि विद्यालय के बच्चे तकनीकी ज्ञान प्राथमिक स्तर पर ही प्राप्त करके आगे बढ़ते हैं तो उनके पति के लिए सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

## पशु व्यवसाई से लूट की घटना को पुलिस मान रही संदिग्ध

**सुल्तानपुर।** जहां पर पशु व्यवसाई के साथ हुई लूट से नगर पुलिस के पसीने छूट रहे है, वहीं कई घंटे बाद भी वारदात की हकीकत पता करने में नगर व बंधुआ पुलिस नाकाम रही है। वही पीड़ित पशु व्यवसाई के बयान भी तरह तरह के देने की बात पर पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि पशु व्यवसाई के बयान के आधार पर गहनता से छानबीन के लिए सीओ नगर शिवम मिश्र को निर्देशित करने के साथ ही कई टीमें सक्रियता से लुटेरों की तलाश में है। अपडेट जानने के लिए सीओ नगर का कई बार सीयूजी पर काल किया गया किंतु कोई ज़बाब नही मिला। फिलहाल घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं आम है।

# एलपीएल अण्डर-14 का हुआ आगाज

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्व.राजेंद्र जायसवाल की स्मृति में निशी क्रिकेट अकादमी द्वारा अंडर 14 ललितपुर प्रीमियर लीग का उद्घाटन मैच राइजिंग सुपरस्टार और वीर बुंदेली वारियर्स के मध्य आज खेला गया, जिसमें वीर बुन्देली वॉरियर्स ने 52 रन से मैच जीत कर लीग मैच में बढ़त हांसिल कर ली है। उदघाटन मैच शुरू होने से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा ने ट्रॉफी का अनावरण करते हुये मौजूद खिलाडियों का परिचय लेते हुये उनका उत्साह वर्धन किया। इसके अलावा टूर्नामेंट में आये हुये अतिथि प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ पत्रकार अजित जैन भारती, महावीर दीक्षित, किसान मोर्चा के जिला मंत्री रवींद्र परमार, हेमंत जैन रोंडा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुये खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। वहीं आयोजन कमेटी में मोहम्मद नसीम, पवन परमार, शत्रुघ्न यादव, रत्नेश दीक्षित, रामप्रताप सिंह, संदीप पाठक, पुष्पेंद्र बुंदेला, विजय निरंजन, सोनू राजा छपरट, अजय राजा, रामेश्वर सेन, धर्मेंद्र गोस्वामी, नेहाल राजपूत, राज कौशिक, दिशांत के अलावा बृजबिहारी मिश्रा, ध्रुव बुंदेला, वीरेंद्र, लखन रैकवार, आदि मौजूद रहे। वीर बुन्देली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वीर बुन्देली ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाये। सस्कार सहाय ने 49 बॉल में 79 रनों की सर्वाधिक नावाद पारी खेली। वहीं रजनीश ने 34 रन, दर्शन जैन 12 रन बनाकर नॉट आउट रहे। मोनिस ने 11 रन, हनूजित सिंह 5 रन, संस्कार चौबे ने 4 रन आयुष वर्मा एक रन ही बना सके। वहीं राइजिंन स्टार के वॉलर 4 में 19 रन दे कर दो विकेट लिये। आदर्श राजपूत ने भी दो विकेट लिये युगवीर यादव ने एक विकेट लिया। वहीं 176 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुये राइजिंग सुपर स्टार के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही धीमी गति से बल्लेबाजी की जिससे निर्धारित 20 ओवर में 4 चार विकेट के नुकसान पर मात्र 124 रन बना सकी, जिससे 52 रन से बुन्देली वॉरियर्स ने जीत हासिल की। बुन्देली वॉरियर्स के संस्कार सहाय प्लेयर ऑफ द मैच रहे। राइजिंग सुपर किंग की ओर से बल्लेबाजी करते हुये प्रत्यूष ने सर्वाधिक 26 रन बनाये। पवित्र शर्मा ने 19 रन, सूर्यांश ने 16 रन, अभिनंदन ने 10 रन, ध्रुव चौबे ने 4 रन, कुशाग्र सिंह 2 रन बनाकर रिटायर हो गये थे। इसके अलावा अतिरिक्त रन 47 मिलाकर 124 रन बना पाए।

# अमर विश्वकर्मा घुटारी ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** बिना किसी राजनैतिक पृष्ठभूमि के पहली बार में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए महत्वपूर्ण सफलता हांसिल करने वाले अमर विश्वकर्मा घुटारी ने बुधवार को लखनऊ पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। सोशल मीडिया के व्हाट्सऐप पर उन्होंने फोटो साझा करते हुये बताया कि वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं और कार्यकर्ताओं को मिलने वाले सम्मान से ओतप्रोत होकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खुशहाली और विकास योजनाओं को धरातल पर कारगर बनाने के लिए सही समय पर सही निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के टिकिट पर उन्होंने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ा और क्षेत्रवासियों के सहयोग से वह पहली बार में ही निर्वाचित घोषित हुये। बताया कि उन्होंने लखनऊ पहुंच कर उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की संयुक्त उपस्थिति में देश व दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह व प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह भी मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी ने कहा कि वह जिस क्षेत्र से चुनकर आये हैं, वहां केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाते हुये लोगों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित कराना ही उनका उद्देश्य हैं। अमर विश्वकर्मा घुटारी के भाजपा में शामिल होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## बारात मे शामिल होने आये 72 वर्षीय बुजुर्ग लापता



**सुल्तानपुर।** भवानीगढ़ (नरेश पाण्डेय का पुरवा) गाँव बारात मे आए 72 वर्षीय बुजुर्ग लापता हो गया है।पूरा दिन बीत जाने के बाद भी बुजुर्ग के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इससे परिवारजनों बहुत परेशान है। लापाता बुजुर्ग स्वामी नाथ तिवारी पुरे बलउ तिवारी का पुरवा चौरे अयोध्या जनपद के रहने वाले है। जो बल्दीराय थाना अंतर्गत चौकी वलीपुर के बरासिन ग्रामसभा के बेहटा गांव से 6 फ़रवरी को भवानीगढ़ के निकट नरेश पाण्डेय का पुरवा बारात मे शामिल होने आए थे स्वामी नाथ तिवारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है इनकी पोशाक कुर्ता पैजाम पहने है सर पर टोपी लागये है। जिस किसी सज्जन को उपरोक्त के बारे मे सूचना मिले,कृपया निम्नलिखित नम्बर पर सूचित करने की कृपा करें।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AMG-RCR-20-23-2 (Misc-Static-Services- Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.02.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.02.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

391/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भाजपा नेता ने भिन्न भिन्न कार्यक्रमों में पहुंच वर-वधु को दिया आशीर्वाद

**सुल्तानपुर।** इं रूपेश कुमार सिंह बीती देर रात कई कार्यक्रमों में सम्मलित हुए। राय साहब सिंह पूर्व प्रधान ग्राम शाहपुर देवाड चांदा के यहां लड़के की शादी में महल रिजॉर्ट में शामिल होकर वर वधु को सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एडवोकेट धीरेन्द्र सिंह धीरू, लाल साहब सिंह,तेज प्रताप सिंह पूर्व प्रधान आदि रहे।तत्पश्चात डॉ देवेंद्र तिवारी ग्रा उगईपुर भादा के यहां तिलक समोरह कार्यक्रम में शामिल हुए।इस अवसर पर पूर्व मंडल सतीश सिंह,रवि शर्मा आदि कार्यकर्ता रहे। उसके बाद सोनी जायसवाल लक्ष्मणपुर कॉलोनी के पुत्र आकाश के शादी समारोह शगुन मैरिज लॉन मैं शामिल हुए। वहां पर जिले के बहुत सारे संभ्रांत कार्यकर्ताओं और लोगों

# कलेक्ट्रेट स्थित शस्त्र अनुभाग का डीएम ने किया निरीक्षण

- कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के लगातार निरीक्षण के बाद भी शस्त्र अनुभाग में सुधार नही, मिली बड़ी खामिया

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी द्वारा लगातार कलेक्ट्रेट स्थित विभागों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधबार को कलेक्ट्रेट स्थित शस्त्र अनुभाग का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान तमाम कमिया सामने आयी। उन्होने शस्त्र संबिधत लेजर, गार्ड फाईल, शस्त्र व्यवसायिक पंजिका, गन हाउस संबधित पंजिका सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों को देखा। कार्यालय में अभिलेखों का रख-रखाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त नहीं पायी गयी। इस दौरान उन्होंने शस्त्र लाइसेंस सम्बन्धी विभिन्न कार्यो से आए लोगों से वार्ता कर उनके कार्यो की प्रगति की जानकारी भी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फाईले सेंक्शन होने के उपरान्त भी 2-2 माह विलम्ब से फाईले दर्ज की गयी है। जिस पर जिलाधिकारी ने आपत्ति व्यक्त करते हुये शस्त्र लिपिक दीपेश द्विवेदी, आर्मस लिपिक नितिन प्रकाश को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। शस्त्र संबधित लेजर पर लेजर न0 दर्ज नही पाये गये तथा पृष्ठ भी प्रमाणित नही थें जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। गार्ड फाईल में अद्यतन जीओ उपलब्ध नही पाये गये तथा शस्त्र पंजिका आउट पर हस्ताक्षर न पाये जाने पर प्रभारी अधिकारी एडीएम प्रशासन एवं नोडल अधिकारी एसडीएम सदर का जवाब तलब करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मालखाने में जमा शस्त्र का सत्यापन करने हेतु भी निर्देश दिये। उन्होने बिना लाइसेंस नवीकरण कराये हुये संचालित गन हाउस को तत्काल सीज कराने हेतु सख्त निर्देश दिये। उन्होने कहा कि प्रत्येक दशा में लाइसेंस नवीनीकृत गन हाउस ही संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रभारी अधिकारी के समक्ष समय से फाईलें प्रस्तुत हो यह सुनिश्चित किया जाये। गन हाउस सम्बन्धित प्रकरणों की जांच कर वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट लगाकर क्लोजर लगाये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जो फाईलें अद्यतन नही पायी गयी उन्हे एक सप्ताह में अद्यतन करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होने संबधित लिपिक को स्पष्ट निर्देश दिए कि शस्त्र लाइसेंस संबंधित कार्यो के लिए आने वाले व्यक्तियों को प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा उनके कार्यो को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जायें।


**स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2024**
**'भेदभाव का अन्त करें, सम्मान गले लगायें'**

**- कुष्ठ रोग -**

कुष्ठ रोग, जीवाणुओं से होने वाली एक साधारण बीमारी है,
यह मुख्य रूप से चमड़ी एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करती है।
कुष्ठ रोग के सुनिश्चित लक्षण
1. चमड़ी पर दाग धब्बे जिनमें सुनिश्चित सुन्नपन हो।
2. तंत्रिका में सूजन एवं तंत्रिका क्षेत्र में सुनिश्चित सुन्नपन।
3. स्किन स्मीयर जॉच में कुष्ठ रोगाणुओं का पाया जाना।
दुधिया सफेंद दाग कुष्ठ रोग नही है।

**- कुष्ठ का उपचार -**

पी.बी.प्रकार (पॉच या पॉच से कम दाग के कुष्ठ रोगियों के लिए एम.डी.टी./बी.सी.पी. छः माह तक)
एम.बी. प्रकार (छः या छः से अधिक दाग) के कुष्ठ रोगियों के लिए एम.डी.टी./बी.सी.पी. बारह माह तक
यह एम.डी.टी. उपचार सभी अस्पतालों स्वास्थ्य केन्द्रों, डिस्पेन्सर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

**इनमें से कोई भी चिन्ह हो तो तुरन्त जाँच करवाये। सभी सरकारी अस्पतालों में जाँच व उपचार (एम.डी.टी.) मुफ्त उपलब्ध है**

**जिला कुष्ठ अधिकारी शाहजहॉपुर** | **मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहॉपुर** | **जिलाधिकारी शाहजहॉपुर**

**जिला स्वास्थ्य समिति, शाहजहॉपुर**


# दृढ़ता के बलबूते अनूप ने गढ़े सफलता के सोपान

- पहले नेट अब उत्तराखंड राज्य पात्रता परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की परीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। स्वामी विवेकानंद की इन बातों को आत्मसात कर अनूप शुक्ला ने अपनी पढ़ाई के क्रम को जारी रखा। जिसका परिणाम रहा है कि 10 दिन पहले नेट परीक्षा पास कर असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता हासिल की। अब उत्तराखंड राज्य असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी में भी 66.67 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर सफलता का एक और सोपान रचा है। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है।

मूलरूप से गोंडा जिले खेमपुर नसीरपुर के रहने वाले प्रमोद शुक्ला जो पेशे से पत्रकार हैं, के पुत्र अनूप शुक्ला प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं। उत्तराखंड प्रांत के कुमाऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा यूसेट में अनूप शुक्ला ने राजनीति शास्त्र विषय की अनारक्षित श्रेणी में 66.67 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

इससे पहले जनवरी में वे नेट भी क्वालीफाई कर चुके हैं। अनूप वर्तमान में पंड़ित अशोक मिश्र महाविद्यालय खुटेहना से बीएड कर रहे हैं। अनूप अपनी सफलता का श्रेय अपने मार्ग दर्शक प्रेम रावत, बाबा मेवा राम शुक्ल, पिता प्रमोद शुक्ल, माता, बड़े भाइयों पंकज, हिमांशु व गुरुजनों को दे रहे हैं।

# जेल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिला कारागार में खेल प्रतियोगिता का अधिकारियों और कर्मियों तथा बंदियों के बीच फीता काटकर किया गया ।यह खेलकूद प्रतियोगिताएं वैसे तो 25 दिसंबर को अटल जयंती से प्रारंभ होकर नव वर्ष के प्रारंभ तक चलनी थी किंतु अत्यंत सर्दी के कारण बंदियों को कड़ाके की सर्दी से बचाने के लिए खुशनुमा मौसम का इंतजार किया जा रहा था। यह खेलकूद प्रतियोगिताएं एक सप्ताह तक चलेंगी एवं वसंतोत्सव (जेल दिवस) 14 फरवरी को विधिवत समापन समारोह आयोजित कर सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बंदियों में पुरुष बंदियों व महिला बंदियों की अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। पुरुष बंदियों के बीच वॉलीबॉल, रस्साकसी, कबड्डी, दौड़, लॉन्ग जंप, क्रिकेट, बैडमिंटन एवं इंडोर खेलों में लूडो ,कैरम आदि प्रतियोगिताएं एवं महिला बंदियों में खो-खो, कबड्डी, लेमन स्पून रेस, म्युजिकल चेयर, बैलून रेस तथा बैडमिंटन प्रमुख हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन आज वॉलीबॉल एवं रस्साकस्सी की प्रतियोगिताएं पुरुष बंदियों के बीच आयोजित की गई जिसमें टीम अशफाक एवं टीम बिस्मिल के बीच जबरदस्त प्रतियोगिता के बाद टीम अशफाक को विजेता घोषित किया गया इस प्रकार रस्सा कसी प्रतियोगिता में टीम चंद्रशेखर और सुभाष के बीच कड़े मुकाबले में टीम चंद्रशेखर को विजेता घोषित किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण विशेषता यह रही के इसमें विदेशी बंदियों ने भी हिस्सा लिया जिसमें नाइजीरिया एवं नेपाल के बंदी शामिल रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद- अयोध्या**

पत्रांकः- 553/न0पं0भ0/रा0वि0आ02023-24/ निविदा सूचना- 3/2023 दिनांक : 06 फरवरी 2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग 2023-24 से कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु दिनांकः 16 फरवरी 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आधिशासी अधिकारी के कक्ष में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री न0प0 भरतकुण्ड भदरसा कार्यालय में दिनांकः 14 फरवरी 2024 तक सायं 4:00 बजे तक की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन की लागत | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा में वृक्षारोपण घेरा का निर्माण कार्य। | 596100.93 | 600.00 | 59610.00 | 30 दिवस |
| 2 | वार्ड संख्या 06 मोहल्ला लोनिया का पुरवा में लवलेश के मकान से तालाब तक नाला व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 633983.55 | 700.00 | 63398.00 | 30 दिवस |
| 3 | वार्ड संख्या 06 मोहल्ला लोनिया का पुरवा में बजरंगबली मिस्त्री के मकान से सुखराम चौहान के मकान तक रबडमोल्ड इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत तथा नाली व कवर्ड का निर्माण कार्य। | 555907.58 | 600.00 | 55591.00 | 30 दिवस |

**मुख्य शर्ते :-**

1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण-पत्र हैसियत प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100 /- रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/- रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0, जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
3. कार्य संतोषजनक होने तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।
4. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
5. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की सकती है।

**(इन्द्र प्रताप)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

**(मो. राशिद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

# फाइलेरिया से मुक्ति को चलाना है महा अभियानः डॉ. अश्वनी

अवधनामा ब्यूरो

**10 फरवरी से 28 तक चलेगा अभिया दिए गए दिशा निर्देश**

**सोनभद्र।** मुख्य चिकित्सा कार्यालय पर बुधवार को गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा द्वारा मीले निर्देश के क्रम में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु जनपद के ब्लाक-घोरावल में शुभारम्भ किया जाना है वही 10 फरवरी से 28 फरवरी तक एम0डी0ए0 अभियान चलाया जाना है। उक्त अभियान में ब्लाक घोरावल के 144 ग्राम सभाओं के समस्त निवासियों को डी0ई0सी एवं एल्बेन्डाजोल की गोली आयु वर्ग अनुसार खिलाई जानी है। जिनमे (कुल जनसंख्या - 328128) सामिल है वही

अभियान में कुल 280 टीमें लगाई गयी है, जो घर-घर जाकर लाभार्थियों को अपने सामने दवा का सेवन करायेंगी टीमों के सुपरविजन के लिए 56 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये हैं, जिनके द्वारा टीमों का सुपरविजन किया जायेगा। उपरोक्त अभियान में ब्लाक घोरावल की कुल-245 आशा, 53-आँगनबाड़ी, 45-ए0एन0एम0, 11-आशा संगिनी एवं 262-एन0जी0ओ0 सदस्य को लगाया गया है। अभियान के अन्तर्गत कुल-46 बूथ बनाये गये हैं, जिनमें 35-हेल्थ वेलनेस सेन्टर, 8-



प्रा0स्वा0केन्द्र एवं 3-सामु0स्वा0 केन्द्र पर स्थापित किये गये हैं। अभियान का नेतृत्व ब्लाक अधीक्षक डा0 किर्ती आजाद विंद के द्वारा किया जायेगा। फाइलेरिया (हाथी पाँव) एक लाईलाज बीमारी है। उ0प्र0 के 51 जनपद फाइलेरिया प्रभावित हैं, यह एक संक्रामक रोग है जो धागे जैसी कृमि से होता है एवं क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमित मच्छर के काटने के 10-15 वर्षों के पश्चात यह हाथ, पैर, स्तन, अण्डकोष में सुजन तथा पेशाब में सफेद रंग के द्रव (काइलुरिया) एवं लम्बे समय से सुखी खाँसी के रूप में दिखाई देता है। बीमारी से बचाव के लिए वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी औषधि का सेवन ही एक मात्र उपाय है। अभियान के अन्तर्गत वर्ष में एक बार आयु वर्ग के अनुसार दवा का सेवन निम्नवत कराया जायेगा। वहीं डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि दवा वितरण को लेकर आयु वर्ग निस्तारण किया गया है जिसमें एक वर्ष से कम वाले बच्चों को दवा नहीं देना है वहीं 1 वर्ष से 2 वर्ष तक आदि टैबलेट 2 वर्ष से अधिक 5 वर्ष से कम एक टैबलेट 5 वर्ष से अधिक 15 वर्ष से कम दो टेबलेट 15 बार से अधिक वाले व्यक्तियों को तीन टैबलेट देना है जिसमें संबंधित बीमारियों से ग्रसित व किसी अन्य बीमारी से चल रहे व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को दवा से वर्जित किया गया है वहीं विप इन विभाग जैसे पंचायत राज शिक्षा विभाग आई सी डी एस के सहयोग प्राप्त के साथ हो एवं पांच के द्वारा एक अभियान की मॉनिटरिंग की जाएगी पीसीसी संख्या के द्वारा इस प्रोग्राम के प्रचार प्रसार का कार्य भी किया जाएगा जिसमें नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रेमनाथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी, धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव जिला मलेरिया अधिकारी अभियान के वही जनपद स्तरीय पर्यवेक्षक हेतु सहायक मलेरिया अधिकारी वी वीडी कंसल्टेंट एवं मलेरिया निरीक्षक को सोपी गई है।

# पक्की नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य अर्धनिर्मित

**राहगीरों को आवागमन में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, विभाग मुकदर्शक बना**



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर 9 में छोटे लाल मोदनवाल के घर से भोला यादव के घर से आगे तक पक्की नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य अर्धनिर्मित छोड़ने के कारण रहवासियों समेत राहगीरों को आवागमन में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। विभाग मुकदर्शक बना। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर नौ में डूडा प्राधिकरण के स्वीकृति से सीसी रोड व पक्की नाली का निर्माण लगभग तीन से चार महीने पूर्व में दी गई थी जिसके उपरांत ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से मानक के बिपरित कार्य करवाते हुए रोड़ मैप व स्थाई मकानों के पानी की निकासी को ध्यान में ना रखते हुए सड़क से नाली को कहीं दो फीट कहीं एक फिट ऊंचा कर नाली का निर्माण घटिया सामग्री का प्रयोग करते हुए करवा दिया गया है जो नाली चिल्ला चिल्ला कर बया कर रही हैं वहीं दूसरी तरफ सीसी रोड़ में गठ्ठा खोदकर अर्धनिर्मित छोड़ दिया गया जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने इसका विरोध भी किया था लेकिन महिनों बित जाने के वावजूद भी अर्धनिर्मित सड़क का कार्य अभी तक बंद है।वहीं जहां मौसम ने करवट ली और हल्का सा वारिस हुआ की अर्धनिर्मित सड़क किचड़ में तब्दील हो गया जिससे की आवागमन करने वाले राहगीरों समेत स्थानीय लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करने को विवश हैं जिसका सुनने वाला कोई नहीं है। अब बात करें तो इस समस्या को लेकर नगर अध्यक्षा ने ज्ञापन के माध्यम से एडीएम व परियोजना अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है लेकिन रोड़ की स्थिति वैसी ही बना हुआ। इस संबंध में जानकारी हेतु परियोजना अधिकारी राकेश उपाध्याय से मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया वही जेई जितेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि ठेकेदार को बुलाया गया था और दस दिनों में कार्य चालू करने को कहा गया है।

# नई बस्ती में छाया है अंधेरा

अवधनामा संवाददाता

**जागरुक नागरिक ने विद्युत विभाग से मांगी सूचना**

**हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के देवगांव रोड की नई बस्तियों में आरडीएस योजना के अन्तर्गत विद्युत पोल व लाइन डालने का काम कछुवा गति से चलने के कारण सालो बीत गये विद्युत पोल तो बड़े दिखायी देते है लेकिन खंभों में तार अभी तक नही पड़े जिससे समूची बस्ती में अंधेरा छाया रहता है। वहाँ के एक जागरूक नागरिक ने विभाग के अधिशाषी अभियन्ता से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत तीन बिन्दुओ पर सूचना मांगी है। देवगांव रोड के नई बस्ती निवासी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र जिलेदार सिंह ने जनसूचना अधिकार के तहत विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता से मांगी गई सूचना में कहा है कि सुमेरपुर के नई बस्तियों में आर.डी.एस योजना के तहत विद्युत पोल और लाइन डालने का कार्य किस ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है और इस कार्य के लिये कितना बजट है। कार्य की प्रगति और उसकी प्रमाणित छाया प्रति देने की मांग की है। धर्मेन्द्र सिंह का आरोप है कि देवगांव रोड में एक गेस्ट हाउस के पीछे बनी नई बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य कछुवा गति से चल रहा है लोगो के मकान कई वर्षो पूर्व बन चुके है और लोग उसमें अपना आवास बनाये है प्रकाश व्यवस्था सुलभ न होने से लोग अँधेरे में रात गुजार रहे है। बिजली न होने की वजह से समूची बस्ती पेयजल संकट से जूझ रही है। आर. डी. एस योजना के तहत यहाँ विद्युतीकरण का कार्य सालो गुजर जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। विद्युत पोल तो कहीं कही खड़े दिखायी पड़ रहे है लेकिन लाइन अभी तक नहीं डाली गयी। कार्यदायी संस्था के धीमी गति से कार्य करने से लोग परेशान है।

# एनटीपीसी रिहंद में जनजातीय उत्सव 2.0 का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में जनजातीय उत्सव 2.0 का आयोजन नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 06 से 08 फरवरी तक किया जा रहा है। मंगलवार की सायं शुरू जनजातीय उत्सव 2.0 का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (रिहंद), पंकज मेदीरत्ता ने विशिष्ट अतिथि सह संगठन मंत्री, सेवा समर्पण संस्थान, चपकी आनंद जी के साथ दीप प्रज्जवलन कर परंपरागत तरीके से किया। विकसित जनजाति, विकसित भारत की मूल मान्यता को ध्यान में रखते हुए जनजातीय उत्सव 2.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय संस्कृति की कलाएं, रीति-रिवाज व परम्पराएँ जो देश की सांस्कृतिक धरोहर है, इसी के संरक्षण,



संवर्धन एवं उत्थान के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर मेदीरत्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह जनजातीय उत्सव 2.0 एनटीपीसी रिहंद, के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान, उत्तर प्रदेश और सेवा समर्पण संस्थान, चपकी के सहयोग से दिनांक 6 से 8 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत के उद्देश्य को भी प्रगति प्रदान करेगा। जनजातीय उत्सव 2.0 में राजस्थानी एवं बिहारी व्यंजनों का स्वाद मेले में भ्रमण करने वाले दर्शकों ने चखा। इसके अतिरिक्त मेले में विभिन्न जनजाति खाद्य एवं महुआ लड्डू, लोह एवं ढोक्करा शिल्प, लकड़ी एवं सुपाड़ी खिलौने, आदिवासी जेवर, बांस शिल्प, कान्था, जामदानी कढ़ाई, तीर-धनुष तुम्बा शिल्प, मूँज से बनाई गयी सुंदर कलाकृतियाँ, इत्यादि संबंधी स्टाल पर दर्शकों की काफी भीड़ देखी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में कथक, कश्मीरी लोक नृत्य-रौफ़ और पंचनगमा, गुजरात का जनजातीय नृत्य- सिद्धि धमाल आदि प्रस्तुत किया गया जिसका दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) देबदत्ता सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजय असाटी, महाप्रबंधक (प्रचालन) एसके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) राजेश नारायण सिन्हा, महाप्रबंधक (एडीएम) एसएस प्रधान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जाकिर खान, सीएमओ रिहंद डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा, अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल अनीता मेदीरत्ता एवं वर्तिका महिला मण्डल की अन्य पदाधिकारी महिलाएं एवं सदस्याएँ, एसएचओ (बीजपुर) पंकज पाण्डेय, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण, विभिन्न यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**हमीरपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया है और अधिवक्ता के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसा ललपुरा थाना क्षेत्र के हाईवे पर भोला के ढाबे के पास हुआ। बिवांर थाना कस्बे के रहने वाले अधिवक्ता अभिषेक पाठक जो सरीला के रहने वाले अपने क्लाइंट पवन के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से बिवांर जा रहे थे। जैसे यह दोनों ललपुरा थाना क्षेत्र में भोला के ढाबे के पास पहुंचे। अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में अधिवक्ता अभिषेक पाठक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पवन गंभीर घायल हो गया। राहगीर की सूचना पर पहुंची ललपुरा थाना पुलिस ने घायल को ज़िला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता



**हमीरपुर।** जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। इसके पश्चात भाजपा के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कों इगोंहटा सीट के जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार ने गुलदस्ता भेंट किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हमीरपुर जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। जिला पंचायत सदस्य ने कहां कि संगठन को अत्यधिक मजबूत बनाया जाएगा। दुष्यंत सिंह के समर्थकों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए दुष्यंत सिंह परिहार का हमीरपुर यमुना पुल में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पुल में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक मौजूद रहे।

### कुरारा पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालक व सर्राफा व्यवसाईयों के साथ बैठक की बैठक

**हमीरपुर।** कुरार थाना परिसर में पुलिस द्वारा कस्बे सहित क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पम्पो के संचालक व सोने चांदी के आभूषण विक्रेताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सुरक्षा व बचाव के संबंध में चर्चा हुई।थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने सभी व्यवसायियों से कहा कि आप सभी अपने प्रतिष्ठानों व दुकानों ने कार्य के अनुसार सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्था करे। जब भी नगद निकासी जमा करने या निकलने जाए तो कम से कम दो लोग जाए। प्रयास ये करे कि चार पहिया गाड़ी से ही आये जाए। एक ही समय पर रोज जमा व निकासी न करे रोज समय बदलकर ही जाए। दुकान आने वाला हर ग्राहक कैमरे की नजर में होना चाहिए। सुनार बंधु किसी से भी सोने चांदी के जेवर आदि की खरीद या बिक्री कैमरे की नजर में ही करे ताकि झूठे आरोपो से बच सके। दुकान से घर आने जाने के लिए सरल व जिस रास्ते मे चहल पहल रहती हो उसका प्रयोग करे।

### ग्रामीणों ने की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी ग्रामीणों ने देवस्थान की जमीन पर कब्जा करने की शिकायती पत्र उपजिला अधिकारी को देकर कार्यवाही करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने थाना पुलिस को निर्देशित किया है। क्षेत्र के शेखुपुर ग्राम प्रधान चिंता देवी पाल ने उपजिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम सचिवालय के समीप देव स्थान शिव मंदिर,काली मंदिर, व कबीर प्रतिमा स्थित है। जिसकी जमीन पर दबंगई के बल पर गांव निवासी स्वामी दीन पुत्र बहादुर कोरी कब्जा किए हैं।तथा गोबर आदि डालकर गंदगी करता है तथा मना करने पर गाली गलौज कर झगड़ा करने पर आमादा हो जाता है। शिकायती पत्र देते समय प्रधान के साथ प्रधान प्रतिनिधि रक्षपाल, ज्ञान चंद, सुरेंद्र, रजनीश, रामेश्वर, भूपत, श्री पाल, गोरलाल आदि मौजूद रहे।

# गेहूं की खरीद अवधि में हुआ बदलाव

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा रवी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ की खरीद अवधि में बदलाव करते हुए गत वर्षो की खरीद अवधि 01 अप्रैल से 15 दिन पूर्व दिनांक 15 मार्च 2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 15 जून 2024 तक निर्धारित की गयी है। इस बार शासन द्वारा गतवर्ष के गेहूँ के समर्थन मूल्य 2125 रू0 प्रति कु0 में 150 रूपये प्रति कु0 की वृद्धि करते हुए गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रु0 प्रति कु0 निर्धारित किया गया है।

# सोनभद्र की राजनीति में उठा पटक, विपक्षी खेमे में भगदड़

**विपक्ष के तीन कद्दबर नेता भाजपा में हुए शामिल**

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए विपक्ष के नेताओं में होड़ मची हुई है आज इसी क्रम में लखनऊ में सोनभद्र के तीन कद्दावर नेता भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिए प्रदेश अध्यक्ष के सामने बुधवार को बसपा और सपा के तीन जाने माने लोगों ने जब भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की तो सोनभद्र में विपक्षी खेमा काफी मायूस हो गया। जिस तरह देश के नेताओं में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की की होड़ मची हुई है। सोनभद्र के जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी के साथ सोनभद्र में बसपा के कद्दावर नेता व पूर्व बसपा के प्रत्याशी विधानसभा घोरावल मोहन कुशवाहा अनपरा नगर पंचायत के अध्यक्ष विश्राम बैसवार व म्योपुर की जिला पंचायत सदस्य सुषमा गौड़ जी ने भाजपा का दामन थाम लिया। लखनऊ प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गौड़ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के समक्ष तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार निर्दल लोकप्रिय नेता माने जाते हैं व क्षेत्र में इनका काफी दबदबा है जनता इन्हें अपने हाथों पर लिए रहती है अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में इन्होंने भारी बहुमत से जीत हासिल की थी इसी तरह मयोरपुर जिला पंचायत सदस्य सुषमा गौड भी सपा की प्रभावशाली महिला नेत्रि में शामिल है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर नई कहानी गढ़ रहा है. भारत में हर प्रदेश में विपक्षी खेमा असहाय और बेबस महसूस कर रहा है इसी का परिणाम है कि तमाम विपक्षी दलों के लोग देश को मजबूत करने की कड़ी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

# महिला के पित्ताशय से निकाली छोटी-बड़ी तीन सैकड़ा पथरी

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सर्जरी डिपार्टमेंट में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अनूप सिंह ने एक महिला के गाल ब्लैडर का सफल आपरेशन कर के तीन सौ पथरियां निकालकर सबको हैरत में डाल दिया। इस सफल आपरेशन के बाद महिला पूरी तरह उसे स्वस्थ है। महिला के परिजन डा. अनूप सिंह व उनकी टीम की प्रशंसा करते नहीं थक रहे।

आपको बता दें कि बांदा के नरैनी रोड स्थित बांधापुरवा की रहने वाली महिला सुनैना यादव (29) पत्नी मैकू यादव पिछले दो वर्षो से गाल ब्लैडर (पित्ताशय) की पथरी से परेशान थी। सुनैना के परिजनों ने कई झोलाछाप डॉक्टरों को दिखाया। जब आराम नहीं मिला तो प्राइवेट अस्पतालों में भी संभावनाएं तलाशीं। प्राइवेट अस्पतालों में तीस से चालीस हजार का खर्च बताया गया। सुनैना के परिजनों के पास इतना पैसा नहीं था। तब परिजनों ने सुनैना को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में डा. अनूप सिंह को दिखाया। डा. अनूप सिंह ने आपरेशन कराने की सलाह दी। बुधवार को डा. अनूप सिंह व उनकी टीम ने मात्र सरकारी खर्च पर सुनैना का दूरबीन पद्धति से सफल ऑपरेशन कर दिया। आपरेशन के बाद गाल ब्लैडर से निकली पथरियां गिनी गई तो पांच से दस एमएम तक की लगभग एक सौ पचास पथरियां और लगभग इतनी ही छोटी छोटी पथरियां निकलीं, जिसे देख हर कोई हैरत में पड़ गया। इस आपरेशन में सर्जन डा. अनूप सिंह, एसआर डा. सौरभ, जेआर डा. शिव, एनेस्थीसिया टीम से डा.सुशील पटेल, डा. प्रिया दीक्षित, डा. आशुतोष, डा. कपिल के अलावा ओटी इंचार्ज सरिता सिंह, सोनम, उमा, दिव्या, हिना, आशीष आदि शामिल रहे। इस सफल आपरेशन के लिए मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. एसके कौशल ने डा. अनूप सिंह व उनकी टीम को बधाई दी है।

# तोड़ी गई सड़कों की फरवरी माह में हो जाए मरम्मतः आयुक्त

अवधनामा संवाददाता

**जल जीवन मिशन योजना से संचालित परियोजनाओं की आयुक्त ने की समीक्षा**

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने मण्डल के जनपदों में जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए पेयजल के लिए कनेक्शन दिये जाने तथा पाइप लाइन बिछाने के पश्चात तोड़ी गई सड़कों का मरम्मत कार्य प्रत्येक दशा में फरवरी माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिशाषी अभियंता जलनिगम को दिये।

उन्होंने जनपद बांदा में अवशेष 2171, हमीरपुर में 2005 व महोबा में 2208 तथा चित्रकूट में अवशेष पेयजल कनेक्शन दिये जाने का कार्य 15 फरवरी तक किये जाने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिये कि पाइप लाइन बिछाने के पश्चात सड़क मरम्मत का कार्य प्रत्येक गांव में शुरू कराकर तेज गति से गुणवत्तायुक्त रूप से फरवरी माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किया जाए, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने हमीरपुर में ओएसटी का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किये जाने तथा चित्रकूट जनपद में अवशेष पानी टंकियों के निर्माण का कार्य भी फरवरी माह तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क मरम्मत करने के कार्य की क्रास चेकिंग भी कराये जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारियों को दिये। उन्होंने जल निगम के अधिशाषी अभियंता बांदा को निर्देशित किया कि मण्डल के सभी जनपदों की शुद्ध पेयजल के लिए पानी का कनेक्शन दिये जाने तथा सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाने की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन प्राप्त कर प्रस्तुत करें। आयुक्त ने जनपद बांदा में कार्यरत संस्था एनसीसी लिमिटेड को बडोखर खुर्द एवं जसपुरा तथा बबेरू में खोदी गयी सड़कों को ठीक कराये जाने तथा एलएनटी को कमासिन, महुआ में सड़कों की मरम्मत का कार्य फरवरी माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने हमीरपुर की पत्यौरा एवं हरौलीपुर पाइप पेयजल योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए पत्यौरा परियोजना में ओवर हेड टैंक के निर्माण कार्य के अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने पानी की टंकियों के निर्माण कार्य में मैन पावर बढ़ाये जाने एवं कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। चित्रकूट जनपद की सिलौटा एवं चांदीबांगर में गांवों में पानी के कनेक्शन बढ़ाये जाने तथा टूटी हुई सड़कों को ठीक कराये जाने के साथ गांवों में जलापूर्ति के लिए कार्य को तेजी लाकर फरवरी माह तक पूर्ण किये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को दिये। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बांदा वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट, महोबा और अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे चित्रकूट, महोबा व हमीरपुर तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जलनिगम के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

# अटल भूजल योजना के संबंध में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर** अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में जिलाधिकारी ने अटल भूजल योजना के अंतर्गत जनपद में सुमेरपुर मौदहा मुस्करा व सरीला विकासखंड की 57 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। इन चयनित ग्राम पंचायतों में योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर जल संरक्षण को बढ़ावा देकर भूजल स्तर को बढ़ावा दिया जाना है। इसके अंतर्गत सभी संबंधित विभागों का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा ।अटल भूजल योजना के संबंध में ग्राम विकास, उद्यान पंचायती राज,सिंचाई विभाग,भूमि संरक्षण सहित संबंधी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति समयबद्ध तरीके से शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण तथा संवर्धन हेतु अटल भूजल योजना एक महत्वपूर्ण योजना है इसके अंतर्गत शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मौके जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला मत्स्य अधिकारी,अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोजगार परक कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए उपयोगीः समिक बसु

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर द्वारा चलाये जा रहे ग्रामीण विकास विभाग के अर्न्तगत ग्रामीणों के विकास के लिए विकसित एंव रोजगार परक विभिन्न प्रकार की योजनाऐ चलाई जा रही हैं। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों के जीवनस्तर में सुधार एंव उन्हे स्वावलम्बी बनाना हैं। इसी उद्देश्य से रेनूसागर में कार्यक्रम का आयोजन कर ग्राम रणहोर, लोझरा बिछरी , परासी व गरबन्धा के ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभाविन्त किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हिण्डालको के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी समिक बसु द्वारा सिलाई प्रषिक्षण केन्द्र तहत प्रषिक्षण प्राप्त महिलाओं को सिलाई मशीन , नवयुवको को खेलकूद की सामग्री, समूह की महिलाओं को स्प्रे मशीन वितरित कर उन्हे लाभाविन्त किया गया। । इस अवसर पर उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीणो अंचल की महिलाएं एंव पुरूष तेजी से आत्मनिर्भर बन रहे हैं हमारे ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे रोजगार परक कार्यक्रम उनके लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है साथ ही महिलाओं को शसक्त बनाया जा रहा हैं। उपस्थित ग्रामीणों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे शुभकामनायें दी। इस कार्यक्रम में हिण्डालको के क्लस्टर एच आर हेड जसबीर सिंह, रेनूसागर मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह, संचालन विभाग के प्रमुख गुलशन तिवारी व मानव संसाधन के प्रणव सोनी उपस्थित थे। निकटवर्ती ग्राम के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि राम सिंह, जोगिन्दर जयसवाल, चुनकुवर देवी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बाबू नन्दन व वरिष्ठ समाजसेवी राम सेवक यादव ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की।

# बुंदेलखंड में स्थापित की जाए चीनी मिलः विधायक

अवधनामा संवाददाता

**सदर विधायक ने विधानसभा में जोरदारी से रखी गन्ना किसानों की**

**बांदा।** सदर विधायक ने विधानसभा में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बुंदेलखंड तथा आसपास के क्षेत्र में किसी भी उपयुक्त स्थान पर चीनी मिल स्थापित किए जाने की मांग जोरदारी के साथ रखी और कहा कि इससे क्षेत्र के किसान न केवल लाभांवित होगा, बल्कि उसकी आय भी बढ़ेगी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बुधवार को विधानसभा में नियम 301 के अंतर्गत कहा कि बुंदेलखंड तथा आसपास के क्षेत्र में कहीं भी चीनी मिल न होने के कारण इस क्षेत्र के खासकर बांदा, अतर्रा एवं नरैनी के किसानों को गन्ना उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और ज्यादातर किसान गन्ने से गुड़ बनाकर उसे बाजार में बेंचते हैं अथवा फुटकर गन्ना बेंचकर अपना काम चलाते हैं। उन्होंने विधानसभा सत्र की कार्रवाई के दौरान यह भी कहा कि यहां के किसानों की यह मांग काफी पुरानी और महत्वपूर्ण रहीं हैं कि यहां पर चीनी मिल की स्थापना की जाए, लेकिन पूर्ववती सरकारों ने किसानों की इस मांग को कोई तवज्जों नहीं दी। जिसके कारण यहां के गन्ना किसान को उनकी उपज का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में कुल 7 जनपद है, लेकिन कहीं भी कोई चीनी मिल नहीं है। इसके अलावा गन्ना किसानों से गन्ना खरीदने के लिए भी कोई सरकारी व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं है, जिससे बुंदेलखंड के गन्ना किसानों में निराशा छाई हुई है।

# मुख्यमंत्री ने स्टेट बैंक की सचिवालय शाखा के परिसर का किया उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



दिवंगत सचिवालय कर्मी की पत्नी को 15 लाख रु0 की बीमा क्लेम राशि का चेक प्रदान किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां विधान भवन स्थित भारतीय स्टेट बैंक की सचिवालय शाखा के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने बैंक की पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने दिवंगत सचिवालय कर्मी की पत्नी को 15 लाख रुपये की बीमा क्लेम राशि का चेक प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक, लखनऊ मण्डल शरद सत्यनारायण चाण्डक ने मुख्यमंत्री जी को बुके तथा तुलसी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि सचिवालय परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शुरूआत वर्ष 1979 में मुख्य शाखा के एक एक्सटेंशन के रूप में हुई थी। वर्ष 1980 में आर0बी0आई0 से लाइसेंस प्राप्त होने के पश्चात मार्च, 1981 में भारतीय स्टेट बैंक की उत्तर प्रदेश सचिवालय शाखा की स्थापना हुई।

## भारत के संविधान में सभी धर्मों के अनुयायियों को स्वतंत्रताः प्रो. फ़िरोज

लखनऊ। प्रोफेसर फिरोज एमएल हुदा ने अपने जारी वक्तव्य में कहा कि प्रिय भारत की दुनिया के अन्य देशों की तुलना में एक विशिष्ट विशेषता है कि यहां रहने वाले लोग कई धर्मों के अनुयायी और विभिन्न सभ्यताओं को मानने वाले हैं। कभी बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने मानव प्रेम के गीत गाए हैं, तो कभी जैन, हिंदू और सिख धर्म के अनुयायियों ने आध्यात्मिकता की मोमबत्तियाँ जलाई हैं। उसी धरती पर इस्लाम के लोगों ने परोपकार की कहानियां गढ़ीं, वहीं ईसाई धर्म का नाम लेने वालों ने इंसानी भाईचारे की सीख भी दी। उन्होंने कहा कि देश में रहने वाले सभी लोगों को इंसान होने के नाते और संवैधानिक तौर पर समान अधिकार हैं। कोई भेदभाव नहीं है ऊँच-नीच, नीची-ऊँची के बीच। अधिकारों और शक्तियों में किसी को प्राथमिकता नहीं दी गयी है।

# थीम लाइटिंग और लेजर शो से जगमगाएगा आगरा का गीताः गोविंद

अवधनामा ब्यूरो

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत आगरा में दो योजनाएं स्वीकृत, फतेहपुर सिकरी में फसाड लाइटिंग



लखनऊ। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगरा में दो योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, पहली योजना गीता गोविंद वाटिका में थीम लाइटिंग व लेजर शो और दूसरी योजना फतेहपुर सिकरी में फसाड लाइटिंग की स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में आगरा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। यहां विश्व प्रसिद्ध ताजमहल, आगरा का किला, फतेहपुर सीकरी यूनेस्को की सूची दर्ज है। इसके अलावा गीता गोविंद वाटिका, बटेश्वर समेत कई अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं। यही कारण है कि देशकृदुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत फतेहपुर सिकरी पर लगभग 2.66 करोड़ रुपये से फसाड लाइटिंग कराई जाएगी। इसी तरह गीता गोविंद वाटिका में लगभग 4.20 करोड़ रुपये से थीम लाइटिंग और लेजर शो होगा। दोनों योजनाओं में 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 50 प्रतिशत आगरा विकास प्राधिकरण खर्च करेगा। हमारा प्रयास है कि पर्यटक उत्तर प्रदेश से बेहतर अनुभव लेकर जाए। जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत जनप्रतिनिधि, सक्षम व्यक्ति, संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं। प्रस्ताव पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। इसी तरह जनप्रतिनिधियों की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे, उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी और 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

## पहाड़ी चित्रकला विषयक कार्यशाला आयोजित

लखनऊ। राज्य संग्रहालय ने संस्कृति विभाग के साथ मिलकर कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पहाड़ी चित्रकला विषयक कार्यशाला आयोजित की है। बुधवार से शुरू हुई कार्यशाला 14 फरवरी तक चलेगी। सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका के संचालन में कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक पदम्मश्री विजय शर्मा कलाकार और कला समीक्षक तथा सह प्रशिक्षक भुवनेश्वर कुमार शर्मा व दीपम भण्डारी मौजूद रहे। सात दिवसीय चित्राकंन कार्यशाला में 48 छात्र छात्राएं विजय शर्मा के सानिध्य में चित्राकंन विधा सीखेगें। प्रतिभागियों को प्राचीन ढंग से रंग व वसली बनाने की विधि सिखायी गई। अध्यक्षता कर रही संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला से आमजन मानस में कला के छात्र छात्राओं को पहाड़ी चित्रकला की बारीकियां समझने का अवसर प्राप्त होगा। पहाड़ी चित्रकला के मर्मज्ञ विद्वान पदम्मश्री विजय शर्मा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय चित्र कला का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना है।

## मेराजुन्नबी का अहम तोहफा नमाजः खालिद रशीद

लखनऊ। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मेराजुन्नबी का सबसे अहम तोहफा नमाज है। नमाज रसूल की आंखों की ठण्डक है और बेहयाइयों और बुराइयों से रोकती है। नमाज पढने वाला खुदा की अमान में होता है और उसका रिज्क बढ़ा दिया जाता है। रसूले अकरम, सहाब-ए-कराम, औलिया-ए-कराम और बुजुर्गाने दीन ने नमाज का बहुत एहतिमाम किया। मौलाना बुधवार को मेराजुन्नबी के सिलसिले में ऐशबाग ईदगाह में आयोजित जलसे को खिताब कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि खुदा ने कहा नमाज और सब्र के जरिए हमसे मदद मांगो। हमें अपनी परेशानियां दूर करने के लिए नमाज का पूरा एहतिमाम करना चाहिए। फर्ज की पाबन्दी करें, सुन्नत और नफल नमाजें भी अच्छी तरह से पढ़ें। उन्होंने कहा कि नमाज इस्लाम में ऐसी इबादत है जो खुदा ने अपने महबूब को ऐसी पाक जगह बुलाकर दी जहां आज तक कोई नहीं पहुंचा।

# सफर-ए-हजरत इमाम हुसैन की याद में होगी मजलिस

अवधनामा ब्यूरो

मजलिस को मौलाना मिर्जा एजाज अतहर करेंगे खिताब

लखनऊ। हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के सफर की याद में कर्बला दियानुतद्दौला बहादर सआदतगंज रोड में 9 फरवरी को शाम 4 बजे मजलिसे-अजा व जुलूस का आयोजन होगा। मजलिस को मौलाना मिर्जा एजाज अतहर खिताब करेंगे। इसके बाद कर्बला परिसर में जुलूस की जियारत करायी जायेगी। अलविदाई मजलिस इसी दिन दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रुस्तम नगर में रात 8 बजे होगी जिसे मौलाना जाफर अब्बास खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस दोपहर 3.30 बजे इमामबाड़ा कसरे हसनैन काजमैन रोड में होगी जिसको जाकिरा निगार फातिमा खिताब करेंगीं। हजरत इमाम हसैन (अ.स.) ने इस्लामी माह रजब की 28 तारीख को कर्बला के लिए सफर शुरू किया था और मोहर्रम माह की दो तारीख को कर्बला की तपती सरजमी पर पहंचे थे और 10 मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों को तीन दिन का भूखा-प्यासा शहीद कर दिया गया था। इसी की याद में वर्षो से इस कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है। अजाखाना-ए-मरहूम सिकन्दर आगा कश्मीरी मोहल्ला में 9 फरवरी को रात 8.30 बजे मजलिस को मौलाना अबुतालिब मेहदी खिताब करेंगे। अब्बास नगर मुफ्ती गंज स्थित इमामबाड़ा सुगरा में गुरुवार को मजलिस का आगाज 11 बजे होगा मजलिस के बाद तबर्रुकत की ज्यारत कराई जायेगी जुलूस इमामबाड़ा मिरन साहब में खत्म होगा।

## आराधना ने महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार को घेरा

लखनऊ। कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश की योगी सरकार को घेरा। उन्होंने योगी सरकार पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील होने और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिक सुरक्षा के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं है और यह हम नहीं एनसीआरबी के आंकड़े कह रहे हैं। राज्यपाल के अभिभाषण पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार महिलाओं के प्रति अपराध लिखना भूल गयी या छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न विचारधाराओं की सरकार रही। सबसे अधिक कांग्रेस का शासनकाल रहा, चौधरी चरण सिंह, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार रही और अब भाजपा सरकार है। सबने अपराधियों के साथ अपराधी की तरह व्यवहार किया।

# डॉ. राजेश्वर ने 10 स्कूलों में लगवाया स्मार्ट क्लासरूम

एक लक्ष्य निर्धारित करें, प्रयास जारी रखें और ईश्वर पर विश्वास रखें

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा युवा सशक्तिकरण की पहल युवा ऐट सरोजनीनगर कॉन्क्लेव का दूसरा चरण बुधवार को ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज, चारबाग में आयोजित किया गया, जहाँ प्रेरणा, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन का अनोखा संगम देखने को मिला। डॉ राजेश्वर सिंह ने कॉन्क्लेव में यूपीएससी, सिविल सर्विसेस / यूपीपीएससी जैसे तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं पर छात्राओं से इंटरैक्टिव सत्र के दौरान संवाद किया तथा एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्टूडेंट्स को बहुत सी ज्ञानवर्धक बातें बताई और पढाया। डॉ राजेश्वर सिंह ने छात्राओं को बताया कि इस प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उन्हे कैसे सिविल सर्विसेज, यूपीएससी या दूसरे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए, डॉ सिंह ने कहा कि एक लक्ष्य निर्धारित करें, प्रयास जारी रखें और ईश्वर पर विश्वास रखें, डॉ सिंह ने सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए छात्राओं को स्टडी मटेरियल भी उपलब्ध कराया। इस दौरान डॉ राजेश्वर सिंह ने छात्राओं से अपना पुलिस से लेकर ईडी और फिर राजनीति तक का सफर और अनुभव भी साझा किया। अवगत हो कि डॉ राजेश्वर सिंह बच्चों को आधुनिक व गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालयों में निरंतर स्मार्ट क्लासरूम तथा डिजिटल लैब स्थापित करा रहे हैं। विधायक द्वारा बच्चों के डिजिटली एजुकेशन के लिए सीएसआर फंड के माध्यम से 10 स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम बनवाए गए हैं। हर स्मार्ट क्लासरूम को डिजिटल करने की लागत 2 लाख रूपये से ज्यादा आई है साथ ही 250 से अधिक कंप्यूटर उपलब्ध करा कर 25 स्कूलों में डिजिटल लैब स्थापित करवाए। राजेश्वर सिंह का लक्ष्य है कि सरोजनीनगर में सभी स्कूल, स्मार्ट क्लासरूम से युक्त हो। डॉ सिंह द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पहाडपुर को गोद लेकर प्लेनेटोरियम, रोबोटिक्स लैब, ज्वायफुल लर्निंग क्लास, मल्टी प्लेस्टेशन, स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल, गूगल फ्यूचर क्लासरूम, फ्यूचर क्लास रूम और साउंड सिस्टम जैसे आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रदेश में एक मॉडल विद्यालय के रूप में स्थापित किया गया है इसके एलावां दो और प्राथमिक विद्यालयों को गोद लेकर उनका कायाकल्प किया जा रहा है। सरोजनीनगर युवा कॉन्क्लेव के दूसरे चरण में डॉ राजेश्वर सिंह ने एपीसेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि दृढ इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्य पर फोकस, कॉन्सनट्रेट होकर और मजबूत स्ट्रैटिजी के साथ पढ़ाई कर कोई भी परीक्षा पास की जा सकती है। संविधान की पढ़ाई का महत्व छात्राओं को समझाते हुए राजेश्वर सिंह ने कहा कि संविधान की पढ़ाई सिर्फ सिविल सर्विसेज के इग्जाम के लिए ही जरूरी नहीं है बल्कि ये हमारे व्यक्तिव को भी इम्पॉवर करती है। जनरल स्टडीज के लिए क्लास 6 से 12 तक एनसीआरटी पुस्तकें पढने की सलाह दी। डॉ सिंह ने कहा कि एनसीआरटी की पुस्तकें यूपीएससी के साथ स्टेट एग्जाम, जेईई, एनईईटी, कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट, रेलवेज, बैंक एग्जाम जैसी सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सहायक होती हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर वाराणसी मण्डल के विधायकों व विधान परिषद सदस्यों ने भेंट की

# महाप्रबंधक शोभन चौधुरी अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचे राजधानी



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी मुख्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ बुधवार को राजधानी पहुंचे। अपने इस निरीक्षण के अंतर्गत महाप्रबंधक ने मण्डल रेल प्रबंधक एसएम. शर्मा एवं मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ से अयोध्या की ओर प्रस्थान किया तथा लखनऊ से बाराबंकी व अयोध्या रेलखंड की विंडो ट्रेलिंग करते हुए ट्रैक की संरक्षा तथा दोहरीकरण के कार्य को गहनता से परखा। ट्रैक की नियमित निगरानी एवं रखरखाव करते हुए इसकी गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए निर्देश पारित किये। अयोध्या कैंट स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, आने जाने वाले यात्रियों के लिए अलग अलग बनाये गये होल्डिंग एरिया तथा स्टेशन पर यात्रियों के सुगम आवागमन की प्रबंधन व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने आस्था स्पेशल गाड़ी संख्या 04012 नई दिल्ली अयोध्या कैंट के यात्रियों के साथ संवाद करते हुए उनके अयोध्या की यात्रा संबंधी अनुभवों को साझा किया। उन्होंने लोको पॉयलेट, ट्रेन मैनेजर व रनिंग रूम में जाकर वहां की व्यवस्था, कर्मचारी सुविधाओं, रसोईघर व अभिलेखों आदि को परखा एवं कर्मचारियों से संवाद किया।

कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में वृद्धि के लिए संबंधितों को निर्देश पारित किये साथ ही उन्होंने आरपीएफ बैरक तथा हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण किया। अयोध्या धाम जंक्शन स्टेशन पर उन्होंने आस्था कमांड सेंटर, एकीकृत कमांड सेंटर, भोजन कक्ष, यात्री यातायात प्रबंधन की जानकारी प्राप्त ली। महाप्रबंधक ने अपने इस निरीक्षण के दौरान दिव्यांग यात्रियों, वृद्धजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं बीमार यात्रियों की हर संभव सहायता पर अधिक से अधिक ध्यान देते हुए कार्य करने की बात को प्रमुखता से कहा।

## कनेक्शन कार्य के लिए यातायात एवं पावर ब्लाक लिया जायेगा



लखनऊ। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल पर नरकटियागंज व चमुआ स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 304 पर कट कनेक्शन कार्य के लिए यातायात एवं पावर ब्लाक लिया जायेगा। इस कारण रेलगाडियों का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निधारण व रेगुलेशन किया जायेगा। गोरखपुर से 9 फरवरी को चलने वाली 05096 गोरखपुर नरकटियागंज विशेष गाड़ी हरिनगर में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। नरकटियागंज से 9 फरवरी को चलने वाली 05095 नरकटियागंज गोरखपुर विशेष गाड़ी हरिनगर से चलाई जायेगी। बरौनी से 9 फरवरी को चलने वाली 19038 बरौनी बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस बरौनी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 8 फरवरी को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस रक्सौल एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 180 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 9 फरवरी को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। बांद्रा टर्मिनस से 7 फरवरी को चलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस बरौनी एक्सप्रेस कप्तानगंज चमुआ के मध्य 100 मिनट रेगुलेट कर चलाई जायेगी।

## उ.प्र. परिवहन निगम एवं नेपाल राष्ट्र के मध्य परिवहन सेवाओं में वृद्धि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा भारत एवं नेपाल के मैत्रीपूर्ण सम्बंधों, पर्यटन एवं व्यापारिक सम्बंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनसामान्य को सुविधाजनक, दक्ष एवं मितव्ययी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रथम चरण में नेपालगंज से लखनऊ के लिए 05 तथा नेपालगंज से दिल्ली के लिए 05 परिवहन सेवाएं उ0प्र राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा प्रतिदिन संचालित की जाएंगी। परिवहन निगम देवीपाटन क्षेत्र में रूपयेडीहा डिपो से दिल्ली एवं लखनऊ के लिए सीधी बस सेवाएं उपलब्ध करायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के इस प्रयास से दोनों राष्ट्रों के नागरिक दोनों देशों में स्थित प्रमुख तीर्थो एवं पर्यटन स्थलों पर तीर्थाटन कर सकेंगे। इससे पर्यटन के साथ ही व्यापारिक सम्बंधों में भी वृद्धि हो सकेगी। राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या धाम के भव्य, दिव्य राम मंदिर का दर्शन करने प्रतिदिन आ रहे हैं। इस सेवा के प्रारम्भ होने से नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा होगी। साथ ही भारत से भी श्रद्धालु नेपाल स्थित जानकी मंदिर एवं अन्य तीर्थस्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना कर सकेंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि नेपालगंज से दिल्ली एवं लखनऊ हेतु परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए परमिट प्राप्त कर परमिटों को नेपाल राष्ट्र से प्रतिहस्ताक्षरित करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या की दृष्टि से दोनों राष्ट्रों के बीच परिवहन सेवाओं में और अधिक विस्तार की सम्भावना है।

